आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं.1 क्षेत्रीय अखबार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 231 | उज्जैन, गुरुवार 03 सितम्बर, 2026 | भाद्रपद कृष्ण 7 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### राममंदिर के पहले सीईओ बने पूर्व एयर मार्शल जीतेंद्र मिश्रा

**अयोध्या।** पूर्व एयर मार्शल जीतेंद्र मिश्रा अयोध्या राम मंदिर ट्रस्ट के पहले सीईओ होंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने बुधवार को इसका ऐलान किया। मिश्रा ने ऑपरेशन सिंदूर में पश्चिमी वायु कमान को लीड किया और एयरफोर्स में 39 साल काम किया। इसके अलावा, राम मंदिर के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि को नए सचिव बनाए हैं। इसके अलावा, ट्रस्ट में 3 नए सदस्य भी बनाए गए हैं। इनमें दिल्ली के महेश भागचंदका, अयोध्या के एडवोकेट मदन मोहन पांडेय और आरएसएस समर्थक शिकोहाबाद की निर्मला यादव शामिल हैं। निर्मला यादव ट्रस्ट की पहली महिला ट्रस्टी होंगी।

### सरकारी विभागों के खिलाफ भ्रष्टाचार की 70,584 शिकायतें मिलीं

**नई दिल्ली।** पिछले साल सरकारी संस्थाओं के खिलाफ भ्रष्टाचार की 70,500 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुईं और इनमें सबसे अधिक शिकायतें बैंकों और रेलवे के खिलाफ थीं। केंद्रीय सतर्कता आयोग की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। केंद्रीय सतर्कता आयोग को कितनी मिली शिकायतें रिपोर्ट के मुताबिक, आयोग की ओर से काम करने वाले मुख्य सतर्कता अधिकारियों को कुल 70,584 शिकायतें मिली थीं। इनमें से 31 दिसंबर 2025 तक 64,905 शिकायतों का निपटारा कर दिया गया था। सीवीसी की वार्षिक रिपोर्ट 2025 में कहा गया है, '2025 के अंत तक कुल 5,679 शिकायतों की जांच या कार्रवाई पूरी नहीं हुई थी। इनमें से 2,002 शिकायतें ऐसी थीं, जो तीन महीने से अधिक समय से लंबित थीं।'

### मदद पहुंचाने पर नेपाली पीएम संसद में बोले- भारत को धन्यवाद

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह ने बाढ़ राहत और बचाव कार्यों में मदद के लिए संसद में भारत और चीन को धन्यवाद दिया। बुधवार को संसद को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि दोनों पड़ोसी देशों ने समय पर राहत सामग्री, तकनीकी टीमें और आपात मदद भेजी। भारत ने राहत सामग्री की पांचवीं खेप भेजी है। भारतीय टीमें सुरंगों में सर्च ऑपरेशन और शवों की पहचान में मदद कर रही हैं। वहीं, चीन ने ग्यिरोंग बॉर्डर तक जाने वाला हाईवे खोल दिया है, जिससे राहत दल प्रभावित इलाकों तक पहुंच रहे हैं। बाढ़ में अब तक 1127 लोगों की मौत हो चुकी है और 4800 से ज्यादा लोग लापता हैं। कई हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट्स के कर्मचारी भी गायब हैं।

सुशांत सिंह राजपूत की मैनेजर

### दिशा सालियान मौत की जांच सीबीआई करेगी



हाईकोर्ट का आदेश, 2020 में एक्टर की मौत से 6 दिन पहले 14वीं मंजिल से गिरी थीं

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने बुधवार को एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर दिशा सालियान की मौत की जांच सीबीआई को सौंप दी। कोर्ट ने यह फैसला दिशा के पिता की याचिका पर सुनाया। इसमें उन्होंने पुलिस की जांच पर सवाल उठाए थे। दिशा की मौत 8 जून 2020 को मुंबई के मलाड में एक इमारत की 14वीं मंजिल से गिरने से हुई थी। घटना के छह दिन बाद, 14 जून 2020 को सुशांत सिंह भी मुंबई के बांद्रा स्थित अपने अपार्टमेंट में मृत मिले थे। दिशा केस की शुरूआती जांच करीब तीन महीने में बंद कर दी गई थी, लेकिन सोशल मीडिया पर अलग-अलग दावे सामने आने के बाद 2023 में इसे दोबारा खोला गया और एसआईटी बनाई गई। तब से जांच जारी है। जस्टिस एसवी कोतवाल और आरआर भोसले की बेंच ने 28 अगस्त को दिशा मामले की जांच हत्या के एंगल से कराने की मांग वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। हाईकोर्ट ने आज अपने फैसले में सीबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी को मामले की जांच की जिम्मेदारी देने का निर्देश दिया है।

### नैनो न्यूज

- **मुंबई :** चांदी 2 दिन में 9 हजार रु., सोना 4500 रु. सस्ता, कच्चे तेल की कीमत में तेजी और पीएम मोदी की सोना न खरीदने की अपील का असर।
- **मुंबई :** सेंसेक्स 374 अंक गिरकर 76,570 पर बंद, निफ्टी भी 141 अंक नीचे आया, ईरान पर अमेरिकी हमले का असर।
- **मुंबई :** एयर इंडिया एक्सप्रेस ने क्रू मेंबर्स की यूनिफॉर्म बदली, केले के रेशों से बने फैब्रिक से कपड़े तैयार हुए, कांजीवरम और गमोसा क्राफ्ट डिजाइन।
- **वाशिंगटन :** टर्नस एपल के नए सीईओ, 600 करोड़ का पैकेज, टिम कुक अब एग्जीक्यूटिव चेयरमैन की भूमिका में।
- **मिस्त्र :** भीषण बस हादसे में 16 लोगों की दर्दनाक मौत, 28 घायलों की हालत नाजुक।
- **तमिलनाडु :** 52 मंदिरों में नहीं ले जा सकेंगे फोन, जमा कराने पर देनी होगी फीस, सरकार ने लगाया बैन।
- **नई दिल्ली :** फैशन ब्रांड शीन को झटका, 9.5 लाख करोड़ की कंपनी की लिस्टिंग सिर्फ 25% कीमत पर, वजह- निवेशक एआई में पैसे लगा रहे।

रीवा-सीधी मार्ग के बदबार स्टैंड के पास पवन एक्सप्रेस बस और बल्कर की आमने-सामने से भीषण टक्कर

# बस-बल्कर में भिड़ंत, 12 लोगों की मौत, 20 से ज्यादा घायल

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ रीवा**

रीवा-सीधी मार्ग के बदबार स्टैंड के पास पवन एक्सप्रेस बस और बल्कर की आमने-सामने से भीषण टक्कर हो गई। हादसे में बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और करीब 20 लोग घायल हुए। लगभग 12 लोगों के मौत की भी खबर सामने आ रही है। पुलिस और राहत दल ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को संजय गांधी अस्पताल रीवा पहुंचाया।

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 39 पर एक सड़क दुर्घटना हुई है। यह हादसा बदबार स्टैंड के पास हुआ है। सीधी की ओर से आ रही पवन एक्सप्रेस बस और रीवा की ओर से आ रहे बल्कर के बीच आमने-सामने से भीषण टक्कर हो गई। इसमें करीब 12 लोगों





के मौत की खबर सामने आ रही है। हालांकि अभी पुष्ट जानकारी सामने आना बाकि है।

टक्कर इतनी भीषण थी कि बस के परखच्चे उड़ गए। स्थानीय निवासियों ने तुरंत गुढ़ थाना पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन और राहत दल मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से बचाव कार्य शुरू किया गया। दुर्घटना में लगभग 20 लोग घायल हुए हैं। उन्हें तत्काल एम्बुलेंस और अन्य वाहनों से संजय गांधी अस्पताल रीवा में भर्ती कराया गया।

#### बचाव और राहत कार्य

घटनास्थल पर राहत एवं बचाव कार्य पूरी तत्परता से जारी है। पुलिस और प्रशासन की टीमें सक्रिय रूप से काम कर रही हैं। घायलों को तुरंत चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। प्रशासन द्वारा स्थिति को नियंत्रित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

#### हादसे के बाद की स्थिति

इस भीषण दुर्घटना से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। राष्ट्रीय राजमार्ग 39 पर यातायात भी प्रभावित हुआ है। प्रशासन ने घायलों के समुचित इलाज के निर्देश दिए हैं। मृतकों के परिजनों को सूचना देने की प्रक्रिया चल रही है।

दिल्ली में 17 साल की किशोरी से दुष्कर्म, पीड़िता ने बताई खौफनाक कहानी

## दरिंदों ने बस में पर्दे से बांधे हाथ-पांव

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

बस में 17 वर्षीय किशोरी के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस जल्द ही चार्जशीट दाखिल कर सकती है। पुलिस ने जांच में कई अहम सबूत जुटा लिए हैं। घटना ग्रेटर नोएडा से दिल्ली के कश्मीरी गेट के बीच चलने वाली एक बस में हुई थी।

दिल्ली पुलिस स्लीपर बस में 17 साल की किशोरी के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले में तह तक जांच करने में जुट गई है। इसके लिए पुलिस सीसीटीवी फुटेज और एक आरोपी के मोबाइल फोन की लोकेशन का इस्तेमाल कर बस के पूरे रूट का पता लगा रही है। पुलिस अधिकारियों का दावा है कि अगस्त के पहले हफ्ते में हुई इस घटना के मामले में पुलिस जल्द चार्जशीट दाखिल करेगी।

पुलिस ने पीड़िता के बयान दोबारा दर्ज किए। पीड़िता ने कहा कि पर्दे से उसके हाथ-पांव बांधने की कोशिश की गई थी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुलिस 4 अगस्त की रात बस की आवाजाही का पता लगाने के लिए कई जगहों से इकट्ठा की गईं सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है, जिसमें कश्मीरी गेट, तिमारपुर पार्किंग और ग्रेटर नोएडा में परी चौक शामिल हैं।






#### सीसीटीवी से भी बस रूट पता लगाने की कोशिश

एक कैमरे में बस को हनुमान मंदिर फ्लाईओवर पर चढ़ते हुए देखा गया। जांचकर्ताओं का मानना है कि इससे बस के रूट का पता लगाने में मदद मिलेगी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बस की आवाजाही का पता लगाने और उन जगहों की पहचान करने के लिए फुटेज का विश्लेषण आरोपी के मोबाइल फोन की लोकेशन डेटा के साथ किया जा रहा है, जहां बस यात्रा के दौरान रुकी हो सकती है।

#### बस कंपनी ने नहीं कराया था आरोपियों का वेरिफिकेशन

पुलिस का दावा है कि बस कंपनी ने आरोपियों का वेरिफिकेशन नहीं करवाया था। जांच में पता चला है कि बस अप्रैल में खरीदी गई थी और 28 अप्रैल को फिरोजाबाद में रजिस्टर कराई गई थी। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि बस बिना रुके ग्रेटर नोएडा से दिल्ली की ओर कई किलोमीटर तक कैसे चली।

#### बस के अंदर मिले जांच टीम को सबूत

पुलिस ने बताया कि बस को जब्त करने और आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद उनका पोटेंसी टेस्ट कराया गया। फोरेंसिक जांच के दौरान बस के अंदर लड़की के बाल मिले। जांचकर्ता अब और फोरेंसिक सबूतों के लिए गाड़ी से मिले सीट कवर और दूसरी चीजों की जांच कर रहे हैं। पीड़िता के कपड़े, जिन पर खून और वीर्य के दाग हैं, उन्हें फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी भेजा गया है। इनका मिलान दोनों आरोपियों बस ड्राइवर कुलदीप और कंडक्टर संदीप के डीएनए सैंपल से किया जाएगा। पुलिस ने कहा कि पीड़िता के कपड़े, सीट कवर और सीसीटीवी कैमरे की फुटेज मामले के अहम सबूत हैं। बस में स्लीपर बर्थ के चारों ओर कंपनी के लगाए हुए पर्दे थे, जिनकी वजह से आरोपी बाहर के लोगों से अपनी हरकतें छिपा पाए। ट्रैवल कंपनी ने पहले कहा था कि बस के सीसीटीवी कैमरे काम नहीं कर रहे थे क्योंकि बस की मरम्मत का काम चल रहा था।

### कलेक्टरों को हर सोमवार देनी होगी कामकाज की रिपोर्ट

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

प्रदेश में जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण और अधिकारियों की मैदानी सक्रियता की निगरानी के लिए शुरू किए गए जन विश्वास अभियान के तहत अब जिलों की गतिविधियों और उपलब्धियों का पूरा रिकॉर्ड ऑनलाइन दर्ज होगा।

इसके लिए मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान पोर्टल शुरू किया गया है। सीएम डॉ मोहन यादव ने आज मंत्रालय में इस पोर्टल को लॉन्च किया। इस अभियान की शुरूआत 7 अगस्त 2026 को हुई थी और अब तक चार सप्ताह पूरे हो चुके हैं। अभियान के पहले महीने में 5 लाख 64 हजार से अधिक सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का निराकरण किया गया। वहीं, लोक सेवा गारंटी के तहत दर्ज 8 लाख 6 हजार से अधिक आवेदनों का भी निराकरण किया जा चुका है। अभियान के तहत जनप्रतिनिधियों से लेकर अधिकारियों तक सप्ताह में एक दिन फील्ड में जाकर जनता से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं का निराकरण कर रहे हैं।

## राहुल गांधी अब 19 सितंबर को इंदौर आएंगे

छात्रों की गूंज कार्यक्रम के लिए जगह न मिलने और बारिश के चलते बदली तारीख

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का इंदौर दौरा अब 12 सितंबर की जगह 19 सितंबर को होगा। राहुल गांधी के प्रस्तावित छात्रों की गूंज कार्यक्रम के लिए कांग्रेस ने पहले नेहरू स्टेडियम को चुना था और जिला प्रशासन से इसकी अनुमति मांगी थी। हालांकि, प्रशासन ने कोर्ट का हवाला देते हुए नेहरू स्टेडियम में कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति नहीं दी। इसके बाद कांग्रेस ने कार्यक्रम का स्थल बदलने का फैसला किया है।

अब राहुल गांधी का छात्रों की गूंज कार्यक्रम 19 सितंबर को इंदौर के रीजनल पार्क में आयोजित किया जाएगा। कांग्रेस की ओर से कार्यक्रम की नई तारीख और नए स्थल को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्रों और युवाओं के शामिल होने की संभावना है।



#### नेहरू स्टेडियम पर प्रशासन ने नहीं दी अनुमति

कांग्रेस ने राहुल गांधी के कार्यक्रम के लिए नेहरू स्टेडियम की अनुमति मांगी थी। पार्टी की ओर से कार्यक्रम को लेकर तैयारियां भी शुरू कर दी गई थीं, लेकिन जिला प्रशासन ने नेहरू स्टेडियम में कार्यक्रम की अनुमति नहीं दी। प्रशासन की ओर से इसके लिए कोर्ट से जुड़े मामले का हवाला दिया गया। अनुमति नहीं मिलने के बाद कांग्रेस के सामने कार्यक्रम का स्थान बदलने का विकल्प बचा।

## अमेरिका का ईरान पर फिर मिसाइल हमला, 12 लोगों की मौत, 68 घायल

**जवाब में जॉर्डन-बहरीन के अमेरिकी मिलिट्री बेस पर ईरानी स्ट्राइक**

**एजेंसी ▸▸ वॉशिंगटन**

अमेरिका ने 2 दिन बाद फिर ईरान पर हमला किया है। अमेरिकी सेना ने मंगलवार रात सिरिक, खुजस्तान, केश्म द्वीप और बंदर अब्बास में मिसाइल और ड्रोन स्ट्राइक की। ईरान के अनुसार इन हमलों में 12 लोगों की मौत हुई है, जबकि 68 लोग घायल हुए हैं।

ईरान का दावा है कि सिरिक में एक शादी समारोह के दौरान मिसाइल गिरने से 5 लोगों की जान गई, जिनमें 4 साल का एक बच्चा भी शामिल है। वहीं खुजस्तान प्रांत में हुए हमले में 7 लोगों की मौत और 8 लोग घायल हुए। अमेरिका का कहना है कि उसने केवल ईरानी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया।

हमलों के जवाब में ईरान ने जॉर्डन और बहरीन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर स्ट्राइक करने का दावा किया है। इससे पहले 30 अगस्त को अमेरिका ने होर्मुज स्ट्रेट के पास स्थित लारक द्वीप पर दो ईरानी रॉकेट लॉन्चरों पर हवाई हमला किया था।

#### ईरान ने कहा- अमेरिका की बुनियाद हिला देंगें

ईरानी सुरक्षा परिषद के सचिव मोहसिन रेजाई ने अमेरिकी हमलों के बाद कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने दावा किया कि तेहरान की नई रणनीति अमेरिका की बुनियाद हिला देगी। रेजाई ने एक्स पर लिखा कि ईरान सैन्य कार्रवाई के साथ-साथ कूटनीति और आर्थिक प्रतिबंधों का मुकाबला करने के लिए भी नई रणनीति अपनाएगा।

### हुलिक कंपनी और एचडीएफसी कैपिटल के बीच निवेश सहयोग

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

हुलिक कंपनी लिमिटेड और एचडीएफसी कैपिटल एडवाइजर्स लिमिटेड (एचडीएफसी कैपिटल), भारत की सबसे बड़ी आवासीय रियल एस्टेट निवेश प्रबंधक, भारत में आवासीय आवास के विकास के लिए अपने संयुक्त वरिष्ठ, सुरक्षित ऋण प्लेटफॉर्म से पहला निवेश करने की घोषणा करते हैं। हुलिक कंपनी लिमिटेड जापान की एक प्रमुख रियल एस्टेट कंपनी है।


भारत के आवासीय बाजार में दीर्घकालिक मजबूत वृद्धि की उम्मीद है, जिसे जारी शहरीकरण, बेहतर रोजगार अवसरों और बढ़ती घरेलू आय का समर्थन प्राप्त है। महानगरीय क्षेत्रों में मध्यम-आय वर्ग के लिए आवास की मांग मजबूत बनी हुई है। पश्चिमी मुंबई के एक आवासीय जिले में स्थित यह परियोजना सुविधाजनक, अच्छी तरह से जुड़े परिवहन और स्थापित वाणिज्यिक तथा रोजगार केंद्रों से निकटता से लाभान्वित होने की उम्मीद है। इस उपलब्धि के आधार पर, दोनों पक्ष अपने संबंधों को और मजबूत करने तथा भारत के आवासीय रियल एस्टेट क्षेत्र में सहयोग के अतिरिक्त अवसरों का पता लगाने का इरादा रखते हैं।

दमोह में जन्मदिन की पार्टी देने से मुकरा दोस्त

## वकील ने भेजा कानूनी नोटिस, ठोका क्षतिपूर्ति का दावा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ दमोह**

प्रदेश के दमोह में दोस्तों के बीच जन्मदिन की पार्टी नहीं देने की नोक झोंक का अनोखा मामला सामने आया है। यही नहीं पार्टी नहीं दी तो यह मामला न्यायालय की चौखट तक जा पहुंचा। जन्मदिन की पार्टी को लेकर जिला न्यायालय के अधिवक्ता गोविंद तिवारी को उनके मित्र विशाल सिंह




राजपूत ने वरिष्ठ अधिवक्ता के माध्यम से नोटिस भेजकर 41,250 रुपये की क्षतिपूर्ति की मांग की है। एडवोकेट विशाल सिंह राजपूत के मुताबिक गोविंद तिवारी का जन्मदिन 10 अगस्त को था. हम सब मित्र अधिवक्ता केक काट रहे थे तभी गोविंद तिवारी ने अगले रविवार पार्टी देने का वादा किया, लेकिन रविवार निकल गया कोई पार्टी नहीं हुई, उन्हें याद दिलाया तो उन्होंने फिर अगले रविवार को पार्टी देने का पक्का वादा किया और लिखित सहमति भी जताई, जिस पर वरिष्ठ अधिवक्ताओं के हस्ताक्षर हुए, लेकिन इसके बाद भी वो मुकर गए।


## 5 हजार अमेरिकी सैनिक छुट्टी मनाने थाईलैंड पहुंचे

देह व्यापार वाले इलाकों में जाने पर रोक, पुलिस ने 50 सेक्स वर्कर्स को हिरासत में लिया

**एजेंसी ▸▸ बैंकॉक**

अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस अब्राहम लिंकन बुधवार सुबह थाईलैंड के लाम चाबांग पोर्ट पर पहुंच गया है। इस एयरक्राफ्ट पर पिछले 9 महीनों से 5 हजार सैनिक तैनात हैं।

यूएसएस अब्राहम लिंकन के साथ अमेरिकी नौसेना के दो और जहाज भी पहुंचे हैं। इन सैनिकों को बसों से करीब 96 किमी दूर पटाया ले जाया जाएगा। यहां वे 5 दिन छुट्टियां बिताएंगे। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक सैनिकों के देह व्यापार से जुड़े कुछ खास इलाकों में जाने पर रोक लगाई है। पुलिस ने अमेरिकी सैनिकों के आने से पहले पटाया शहर में देह व्यापार के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। रॉयटर्स के मुताबिक छापेमारी कर करीब 50 सेक्स वर्कर्स को हिरासत में लिया है।




#### अमेरिकी सैनिकों पर सोई-6 इलाके में जाने पर रोक

- अमेरिकी सैनिकों को पटाया की नाइटलाइफ वाली जगहों पर जाने की अनुमति है, लेकिन थाई अधिकारियों ने उनके सोई 6 में जाने पर पाबंदी लगा दी है।
- सोई 6 पटाया का एक मशहूर इलाका है, जो नाइटलाइफ के लिए जाना जाता है। यहां कई एडल्ट एंटरटेनमेंट वाले बार हैं। यहं बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं।
- थाई पुलिस ने अमेरिकी सैनिकों को यह भी याद दिलाया है कि देश में वेश्यावृत्ति कानूनन प्रतिबंधित है। अमेरिकी सैनिकों को ड्रग्स और गांजा बेचने वाली दुकानों से भी दूर रहने की सलाह दी गई है।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का बुधवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

### समस्या है या सुरसा

शहर में जलप्रदाय में गंदा पानी आना और इसके साथ उसमें बदबू आने की समस्या से रहवासी परेशान हैं। उपभोक्ता नागरिकों की स्थिति यह है कि उनकी शिकायतें बराबर मीडिया में सामने आ रही है लेकिन निदान कमजोर होने से यह समस्या रूपी सुरसा बढ़ती जा रही है। कभी पानी की कमी के कारण तो कभी कुछ और कारण तो कभी कुछ और बराबर समस्या सुरसा के रूप में सामने है और उपभोक्ता असुविधा की खेद के वजनों के वजन में दबा हुआ है। मटमैला और बदबूदार पानी आना कोई आज की समस्या नहीं है कि महाआयोजन के लिए तैयार किए जा रहे शहर में चौड़ीकरण एवं अन्य कारणों को बताते हुए उन पर इसे डाल दिया जाए। यह समस्या पिछले कई वर्षों से यथावत है बस अंतर इतना है कि कभी यह शहर के किसी हिस्से में रहती है तो कभी पैदल चलकर दूसरे हिस्से में पहुंच जाती है पर रहती जरूर है। पानी में बदबू का भी पिछले कुछ सालों में प्रचलन हो गया है। दो दशक पहले तो पानी में से क्लोरिन की तेज गंध आती थी एवं एलम अधिक मिलने की शिकायतें पहुंचती थी जो अब मटमैले और बदबू में तब्दील होती जा रही है। लंबे समय से सप्लाय किए जा रहे पानी में बदबू ने स्थाई रूप लेना शुरु कर दिया है और गंध तो सिरे से ही गायब हो चुकी है। शहरवासी जैसे तैसे अपना काम चला ही रहे हैं और पानी पी ही रहे हैं। प्रति माह का भुगतान कर पानी का उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं को भी न चाह कर भी पानी की कैन बेचने वालों से खरीदना पड़ रही है और उन्हें भी हर माह भुगतान करना पड़ रहा है। खुसूर-फुसूर है कि पहले तो बारिश के दिनों में ही कभी मटमैला पानी सप्लाय में आता था। एलम होने से उसकी पूरी मिट्टी बैठ जाती थी। एक निश्चित समयावधि के मौसम में ही ऐसा होता था। अब तो बारहमासी मटमैला और बदबूदार पानी मिलना उपभोक्ताओं की किस्मत में शामिल हो गया है। कई अवैध कनेक्शनधारी तो बगैर पैसे के मजे मार रहे हैं और वैधानिक कनेक्शधारियों को पेयजल उपलब्ध करवाने में जिम्मेदार सक्षमता साबित नहीं कर पा रहे हैं।

## नैनो न्यूज

- **प्रख्यात राष्ट्रकवि** श्रीकृष्ण सरल की इन ओजस्वी पंक्तियों के साथ शहर में उनके 27वें पुण्य स्मरण समारोह का गरिमामयी आयोजन किया गया।
- **गुमानदेव हनुमान गढ़ी में** श्री श्याम श्रावण महोत्सव का समापन, ताल कचहरी में गूंजे सुर, एक माह तक चले आयोजन में शास्त्रीय संगीत और भक्ति की हुई प्रस्तुति, अंतिम दिन कलाकारों ने बांधा समां
- **राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग** (ओबीसी) मोर्चा ने धरना-प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, ओबीसी की अलग जनगणना कराने और जातिगत आंकड़े दर्ज करने की मांग
- **अंशकालीन कर्मचारियों** को विनियमित करने सहित अन्य मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन, मध्य प्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ ने जिला संयोजक से की चर्चा, समस्याओं के निराकरण का मिला आश्वासन
- **एडवोकेट अजीज डिप्टी** बने प्रदेश महामंत्री, मध्यप्रदेश मुस्लिम पिछड़ा वर्ग विकास परिषद ने इंदौर-उज्जैन संभाग का प्रभार भी सौंपा
- **खुशहाल और संतुलित** जीवन जीने की प्रेरणा देता है रामचरितमानस, भारतीय ज्ञान परंपरा के तहत 'रामचरितमानस और भारतीय समाज' विषय पर व्याख्यान
- **महाराष्ट्र समाज** का 12 दिवसीय गणेशोत्सव 14 सितंबर से, संजय दिवटे अध्यक्ष, चंद्रकांत फटाले सचिव एवं रवींद्र अयाचित कोषाध्यक्ष मनोनीत
- **घर-घर स्थापित होंगे** मिट्टी के गणेश, निर्माण कार्यशाला का शुभारंभ, लोकमान्य तिलक गणेशोत्सव महाआयोजन समिति 12 वर्षों से चला रही पर्यावरण संरक्षण अभियान
- **41वें श्रावण महोत्सव में** 18 संतों व समाजसेवियों का सम्मान, नगेन्द्रनाथ पंड्या मालीगौर पारमार्थिक ट्रस्ट द्वारा जरूरतमंदों को सामग्री वितरण व उत्कृष्ट समाजसेवकों का किया जाता है सम्मान

## ट्रेंडिंग




राजसी सवारी से पहले कंठाल से सती गेट तक मार्ग को नया स्वरूप देने नगर निगम की टीम दिन-रात जुटी

# 5 सितंबर तक फिनिशिंग और सफाई होगी पूर्ण

### आज पेवर ब्लॉक व कोबल स्टोन का कार्य पूरा करने का लक्ष्य

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ महापर्व 2028 की तैयारियों के तहत मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार शहर के प्रमुख आंतरिक मार्गों के चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण का कार्य नगर निगम द्वारा तेजी से कराया जा रहा है। इसी क्रम में कंठाल चौराहा से सती गेट होते हुए छत्री चौक तक करीब 450 मीटर लंबे मार्ग का चौड़ीकरण कार्य पूरा हो चुका है। लगभग 15 मीटर चौड़ाई में विकसित किए गए इस मार्ग को अब 7 सितंबर को निकलने वाली बाबा महाकाल की राजसी सवारी के अनुरूप अंतिम रूप देने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है।

### राजसी सवारी को देखते हुए निगम की विशेष तैयारी

7 सितंबर को बाबा महाकाल की राजसी सवारी को देखते हुए नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर निगम के अधिकारी, कर्मचारी और कार्य एजेंसी की टीमें दिन-रात मौके पर जुटी हुई हैं। शेष कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के लिए अतिरिक्त टीमें लगाई गई हैं। निगम का प्रयास है कि सवारी के दौरान श्रद्धालुओं को सुगम और व्यवस्थित मार्ग मिले तथा बाबा महाकाल की सवारी का मार्ग भव्य एवं आकर्षक नजर आए।





### सती गेट को मिलेगा हेरिटेज लुक

सती गेट क्षेत्र को आकर्षक एवं हेरिटेज स्वरूप देने के लिए दोनों ओर लगभग 25-25 मीटर, यानी कुल 50 मीटर क्षेत्र में कोबल स्टोन लगाए जा रहे हैं। कोबल स्टोन का कार्य पूरा होने के बाद सती गेट एवं आसपास का क्षेत्र अधिक सुंदर दिखाई देगा और इसकी ऐतिहासिक पहचान के अनुरूप स्वरूप विकसित होगा।

### पेवर ब्लॉक और अंडरग्राउंड लाइटिंग

कंठाल चौराहे को भी व्यवस्थित एवं आकर्षक बनाने के लिए पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। इसके साथ ही चौराहे पर अंडरग्राउंड लाइट शिफ्टिंग का कार्य भी किया गया है। इससे क्षेत्र में तारों के जाल से निजात मिलने के साथ चौराहे का दृश्य स्वरूप बेहतर होगा।

### गुरुवार तक मुख्य कार्य, 5 सितंबर तक पूरी तैयारी का लक्ष्य

नगर निगम ने कार्य में तेजी लाने के लिए अतिरिक्त टीमों को मैदान में उतारा है। बुधवार रात से गुरुवार तक सती गेट पर कोबल स्टोन और कंठाल चौराहे पर पेवर ब्लॉक लगाने का मुख्य कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके बाद 4 सितंबर से पूरे मार्ग पर फिनिशिंग, साफ-सफाई एवं अन्य शेष कार्य तेजी से किए जाएंगे। निगम ने 5 सितंबर तक संपूर्ण मार्ग को पूरी तरह तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित किया है, ताकि राजसी सवारी से पहले मार्ग का प्रत्येक कार्य पूरा हो सके।

### आयुक्त कर रहे सतत मॉनिटरिंग

- नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा कार्य की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। अधिकारियों एवं कार्य एजेंसी को समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। निगम की टीमें दिन-रात मौके पर रहकर काम को गति दे रही हैं। चौड़ीकरण के साथ मार्ग के सौंदर्यीकरण, प्रकाश व्यवस्था, पेवर ब्लॉक, कोबल स्टोन और सफाई कार्यों को प्राथमिकता से पूरा किया जा रहा है।
- राजसी सवारी से पहले कंठाल से सती गेट होते हुए छत्री चौक तक का मार्ग न केवल आवागमन की दृष्टि से अधिक सुगम होगा, बल्कि नए स्वरूप में श्रद्धालुओं और नागरिकों के लिए आकर्षण का केंद्र भी बनेगा।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की तैयारियां जोरों पर

# बाजार में सजे झूले और पोषाकों की बढ़ी मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर धर्मनगरी उज्जैन में उत्साह का माहौल है। शहर के मंदिरों के साथ ही बाजारों में भी जन्माष्टमी की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप लड्डू गोपाल को सजाने के लिए झूले, आकर्षक पोषाक, पगड़ी, मुकुट, मालाएं और अन्य श्रृंगार सामग्री की खरीदारी कर रहे हैं।

वेद नगर चौराहा, बैंक ऑफ इंडिया के पास नानाखेड़ा क्षेत्र में जन्माष्टमी पर्व के लिए विशेष रूप से आकर्षक झूले और सजावटी सामग्री उपलब्ध कराई गई है। यहां विभिन्न आकार और डिजाइनों के सजे हुए झूले श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रहे हैं। इसके अलावा बिना सजे झूले भी उपलब्ध हैं, जिन्हें श्रद्धालु अपनी पसंद के अनुसार सजा सकते हैं। दुकानदार अंकित जोशी ने बताया कि जन्माष्टमी को लेकर बाजार में झूलों, पोषाकों, पगड़ी, मुकुट, मालाओं और अन्य सजावटी सामग्री की मांग लगातार बढ़ रही है। यहां झूलों की कीमत 100 रुपए से शुरू है। झूलों के आकार, डिजाइन और सजावट के अनुसार उनके दाम अलग-अलग हैं। उन्होंने बताया कि सभी झूलों के रेट अलग-अलग हैं और अधिक जानकारी के लिए ग्राहक दिए गए मोबाइल नंबरों 7415169676, 9926524464 पर संपर्क कर सकते हैं।





भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि पर 4 सितंबर, शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई जाएगी। अष्टमी तिथि 4 सितंबर को प्रारंभ होकर मध्यरात्रि के बाद 5 सितंबर को समाप्त होगी। इसी कारण जन्माष्टमी की निशीथकालीन पूजा रात्रि में की जाएगी।

- इधर, उज्जैन के मंदिरों में भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर विशेष तैयारियां शुरू हो गई हैं। शहर के राधा-कृष्ण मंदिरों और गोपाल मंदिरों में साफ-सफाई, रंग-रोगन और आकर्षक सजावट का कार्य किया जा रहा है। जन्माष्टमी की रात्रि में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और धार्मिक आयोजनों के साथ मनाने की तैयारियां की जा रही हैं।
- धर्मनगरी में जन्माष्टमी पर्व को लेकर बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। बाजारों में रंग-बिरंगे झूले, नन्हे लड्डू गोपाल की पोषाकें और आकर्षक श्रृंगार सामग्री लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है।


8 साल से सैलाना अभयारण्य में

# दुर्लभ पक्षी खरमोर की कूद नहीं दिखी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

रतलाम जिले के सैलाना स्थित प्रसिद्ध खरमोर अभ्यारण में बीते 8 सालों से खरमोर पक्षी प्रजनन के लिए नहीं आ रहे हैं। वन विभाग के तमाम प्रयासों के बाद भी इस वर्ष अभ्यारण्य के सैलाना और आंबा के कंपार्टमेंट खरमोर विहीन ही रहे हैं। केवल सैलाना ही नहीं बल्कि धार के सरदारपुर स्थित खरमोर अभ्यारण में भी इन पक्षियों ने आना बंद कर दिया है।

वन विभाग के रेंजर राधेश्याम जोशी बताते हैं कि इस पक्षी को सबसे पहले पक्षी विशेषज्ञ असगरअली ने देखा था। उनके प्रयासों से सैलाना में खरमौर अभ्यारण्य की स्थापना हुई थी। यह पक्षी यहां प्रजनन के लिए बरसात के इन दिनों में आता था। आवाज निकालकर नर पक्षी मादा को लुभाने के लिए जंपिंग करता है। अभ्यारण्य का नोटिफिकेशन होने के बाद पिछले 3 वर्ष पूर्व शिकारवाडी का 250 हेक्टेयर को कम करके वन विभाग के कंपार्टमेंट में आंबा क्षेत्र के 2 कंपार्टमेंट को जोडा गया है। दुर्लभ किस्म के पक्षियों के लिए काम करने वाले एक एनजीओ और वन विभाग के सर्वे में खरमोर पक्षियों के रूठ जाने का मुख्य कारण बड़ी संख्या में इस क्षेत्र में लगे पवन चक्की प्रोजेक्ट, मानवीय दखल, नीलगाय और गिट्टी की खदानें हैं। जिसके कारण अब खरमोर पक्षी इन अभयारण्य में प्रजनन के लिए नहीं पहुंचते हैं।



### अंडे और छुपने की जगह खत्म होती जा रही

वन विभाग के एसडीओ एवं अभयारण्य अधीक्षक अधिकारी दिनेश कुमार जमरे ने बताया कि खरमोर पक्षी हर वर्ष प्रजनन के लिए वर्षा काल में इन अभयारण्य में पहुंचते थे, लेकिन पिछले 8 सालों से एक भी पक्षी यहां नहीं पहुंचा है। प्रारंभिक निरीक्षक और जांच में यह सामने आया है कि इस क्षेत्र में पहाड़ियों पर लगे हुए पवन चक्की प्रोजेक्ट की वजह से इन पक्षियों का माइग्रेशन रूट डिस्टर्ब हुआ है। अभयारण्य के आसपास खेती और अन्य गतिविधियों की वजह से भी पक्षी नहीं आ रहे हैं। फेंसिंग नहीं होने की वजह से घास के मैदान में मवेशी और जंगली जानवर जैसे नीलगाय ऊंची घास को खा जाते हैं और नष्ट भी करते हैं जिसकी वजह से इस पक्षी के लिए अंडे देने और छुपने की जगह खत्म होती जा रही है। अभयारण्य के आसपास के क्षेत्र में होने वाली माइनिंग और सड़क निर्माण की वजह से भी इन पक्षियों के प्राकृतिक आवास पर असर पड़ा है।

खासकर पवन चक्की प्रोजेक्ट इन पक्षियों के माइग्रेशन की राह में बाधा बन रहे हैं।

# राज्य सेवा मुख्य परीक्षा के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2026 का आयोजन 7 सितंबर से 12 सितंबर 2026 तक जिले में एक परीक्षा केंद्र पर किया जाएगा। परीक्षा प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक एक सत्र में आयोजित होगी। परीक्षा के सफल एवं सुचारू संचालन के लिए कलेक्टर कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम में प्रातः 8:30 बजे से परीक्षा समाप्ति तक अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सहायक ग्रेड-3 श्रीमती नीलम पाण्डेय को शाखा लिपिक के रूप में, कम्प्यूटर ऑपरेटर धर्मेश बैरागी को जिलेवार परीक्षार्थियों की उपस्थिति एवं अनुपस्थिति की जानकारी आयोग को ई-मेल के माध्यम से भेजने का दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार कार्यालय सहायक सुदर्शन शर्मा को परीक्षा दिवस पर जिलेवार परीक्षार्थियों की उपस्थिति एवं अनुपस्थिति की जानकारी हार्ड कॉपी में एकत्रित करने की जिम्मेदारी दी गई है। भृत्य अरूण चौहान को भी कंट्रोल रूम में ड्यूटी के लिए नियुक्त किया गया है।

खाद्य सुरक्षा विभाग की नवीन पहल

# दूध में मिलावट को रैपिड टेस्टिंग किट के माध्यम से जांच

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

खाद्य सुरक्षा विभाग शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निरीक्षण कर नमूना कार्यवाही कर रहा है। मिल्क रैपिड टेस्टिंग का अभियान भी शुरू किया गया है। उज्जैन जिले में भी इसकी शुरूआत कर दी गई है। इसके लिए मुख्यालय खाद्य सुरक्षा अधिकारी को रैपिड टेस्टिंग किट उपलब्ध कराई गई है। रैपिड किट की मदद से दूध की प्राथमिक जांच मौके पर ही तत्काल की जा सकती है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी के अनुसार किट में मौजूद विशेष पेपर को दूध के नमूनें में डुबोया जाता है। दूध में मौजूद मिलावट के अनुसार पेपर का रंग बदलता है, जिससे मौके पर ही यह पता लगाने में मदद मिलती है कि दूध में किस प्रकार की मिलावट है।



### मौके पर ही सैंपल

रैपिड टेस्ट किट के माध्यम से की गई प्राथमिक जांच में यदि दूध में किसी प्रकार की मिलावट पाई जाती है तो विभागीय टीम द्वारा मौके पर इन्फॉर्मेंट नमूना संग्रहित कर राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा जाता है जिसकी रिपोर्ट पर खाद्य कारोबारकर्ता के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत नियमानुसार कारवाही की जाती हैं। रैपिड टेस्टिंग किट के माध्यम से दूध में स्टार्च, शक्कर, नमक, न्यूट्रलाइजर, मल्ट्रोडेक्सिन आदि की मिलावट का पता लगाया जा सकता है।

### यहां की किट से जांच


- जय अम्बे दूध डेयरी, गदापुलिया उज्जैन
- यशोदा डेयरी एण्ड स्वीट् हनुमान नाका उज्जैन
- श्री नारायण डेयरी, मंछामन कालोनी उज्जैन
- दूध विक्रेता अकरम शाह पिता मासूम शाह निवासी उन्हेल दूध वाहन एमपी13 एल1472
- दूध विक्रेता कुंदन चौहान वाहन क्रमांक एमपी09वी7084
- दूध विक्रेता शरीफ पटेल निवासी ग्राम नलेश्री एमपी13जीए6463

# नेशनल लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए निकली वाहन रैली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

12 सितंबर शनिवार को नगर निगम के समस्त जोन कार्यालयों में बकाया संपत्ति कर एवं जल कर जमा करने के लिए नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से बुधवार को कोठी महल स्थित जिला न्यायालय परिसर से नगर निगम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वाहन रैली निकाली गई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पीसी गुप्ता ने वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में नगर निगम के 25 से अधिक संसाधन शामिल हुए, जिनके माध्यम से शहरवासियों को नेशनल लोक अदालत के संबंध में जानकारी दी गई। नेशनल लोक अदालत में संपत्ति कर एवं जलकर के बड़े बकायादारों को नियमानुसार सरचार्ज एवं अधिभार में छूट का लाभ प्राप्त होगा। इसके साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अंतर्गत न्यायालयीन प्रकरणों का भी निराकरण किया जाएगा। निगम द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे लोक अदालत का लाभ उठाते हुए अपने बकाया करों का भुगतान कर राहत प्राप्त करें। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय संजीव कुमार गुप्ता, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, सहायक आयुक्त घनश्याम मचार, जिला विधिक सेवा अधिकारी अमित शर्मा सहित नगर निगम के समस्त जोन के संपत्तिकर अधिकारी उपस्थित रहे।



## न्यूज ब्रीफ

### धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहन देने के लिए जारी हैं गतिविधियां

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सांस्कृतिक उत्थान और धार्मिक पर्यटन की जो दृष्टि प्रदान की, उसी के परिणामस्वरूप प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर हमारी गौरवशाली परम्परा और ऐतिहासिक धरोहरों को सहेजने का कार्य आरंभ किया गया है। इस दिशा में प्रदेश में 243 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न संरक्षण और विकास कार्य जारी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में विगत 7 अगस्त से आरंभ जन-विश्वास अभियान के अंतर्गत न देरी, न दूरी के सिद्धांत पर काम करते हुए राज्य सरकार अभियान को सुशासन के क्षेत्र में एक मील का पत्थर बनाने का प्रयास कर रही है। अभी तक उन्होंने स्वयं चार जिलों क्रमशः छिंदवाड़ा, बड़वानी, टीकमगढ़ और बालाघाट का भ्रमण किया है।

### 7 दिवसीय आपदा मित्र प्रशिक्षण के द्वितीय सत्र का शुभारंभ

**इंदौर।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण इंदौर के निर्देशानुसार इंदौर में 7 दिवसीय आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय सत्र का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि डिवीजनल कमांडेंट प्रीति बाला सिंह एवं प्रशिक्षण अध्यक्ष डॉ. मधु राजेश तिवारी द्वारा किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम एसडीआरएफ प्रशिक्षण केंद्र, रालामंडल, इंदौर में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में लगभग 150 आपदा मित्रों का पंजीयन किया गया है। इंदौर जिले में कुल 900 आपदा मित्रों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इन्हें चरणबद्ध रूप से प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, ताकि आपदा की स्थिति में प्रशिक्षित आपदा मित्र स्थानीय स्तर पर त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों में प्रभावी भूमिका निभा सकें।

### एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला सम्पन्न

**इंदौर।** मध्यप्रदेश राज्य सांख्यिकी आयोग के सहयोग से सांख्यिकीय प्रशिक्षण आवश्यकता आंकलन का अध्ययन किया गया था। अध्ययन का उद्देश्य क्षेत्रीय एवं जिला स्तर पर कार्यरत सांख्यिकीय कर्मियों (तकनीकी संवर्ग) की प्राथमिक क्षमता विकास आवश्यकताओं की पहचान करना था। उक्त आंकलन के निष्कर्षों के अनुरूप, पीआईएफ के सहयोग से संचालनालय द्वारा संभाग स्तर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में इंदौर संभाग के अंतर्गत आने वाले सभी जिलों के अन्वेषक/खंड स्तर अन्वेषक (बीएलई/इन्वेस्टिगेटर) एवं सहायक सांख्यिकी अधिकारियों (ए.एस.ओ.) के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला सम्पन्न हुई। कार्यशाला का उद्देश्य सांख्यिकीय कार्यों से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों की तकनीकी दक्षता और कार्य क्षमता में वृद्धि करना तथा सांख्यिकीय आंकड़ों के संकलन, विश्लेषण एवं उपयोग से संबंधित आवश्यक कौशल का विकास करना रहा।

### मृत पशुओं के लिए बन रहा अनोखा शवदाह गृह



**इंदौर।** इंदौर में ट्रेंचिंग ग्राउंड में 3 करोड़ 5 लाख रुपये की लागत से शहर का पहला पशु शवदाह गृह तैयार किया जा रहा है। निर्माण कार्य अंतिम चरण में है और अगले एक महीने के भीतर इसके पूरी तरह से चालू होने की संभावना है। इस परियोजना के शुरू होने के बाद नगर निगम एक निजी एजेंसी के सहयोग से शहरभर के मृत पशुओं का सम्मानजनक और वैज्ञानिक तरीके से अंतिम संस्कार कराएगा। इसके साथ ही, शहर के विभिन्न मीट और मटन मार्केट से निकलने वाले जैविक कचरे के निस्तारण की समस्या का भी स्थायी समाधान निकाला जाएगा। नगर निगम ने ट्रेंचिंग ग्राउंड की खाली पड़ी जमीन पर इस वृहद परियोजना को आकार दिया है। इससे पहले निगम ने इस परिसर के विभिन्न हिस्सों में कचरा प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित किए थे और शहर से पकड़े जाने वाले आवारा श्वानों के लिए शेल्टर होम बनाने की योजना भी प्रस्तावित की है जिसके लिए टेंडर जारी हो चुके हैं। इसी परिसर के एक हिस्से में पशु शवदाह गृह का निर्माण किया गया है। निगम अधिकारियों के अनुसार, बुनियादी ढांचे का निर्माण नगर निगम द्वारा पूरा किया गया है, जबकि इसके दैनिक संचालन और प्रबंधन का जिम्मा एक अधिकृत निजी एजेंसी संभालेगी।

## नैनो न्यूज

- **देवास – अवैध शराब पर कार्रवाई-** आबकारी विभाग ने अवैध मदिरा संग्रहण और बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो प्रकरण दर्ज किए।
- **आगर – हत्या की साजिश का खुलासा-**सड़क हादसे के रूप में हत्या कराने की साजिश का पुलिस ने खुलासा किया। मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार किए गए; पांच लाख में सौदा होने का दावा है।
- **रतलाम – चाकूबाजी में दो मौतें-** शादी की बिंदौली के दौरान शुरू हुआ मामूली विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। चाकूबाजी में दो लोगों की मौत और एक गंभीर घायल हुआ।
- **मंदसौर – युवक पर गोली चलने से हड़कंप-** पत्नी के साथ जा रहे जाकिर पर गोली चलने की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।
- **सुसनेर – क्षेत्र में बारिश का असर-** मालवा क्षेत्र में सक्रिय मानसूनी सिस्टम के कारण सुसनेर सहित आसपास के इलाकों में बारिश और मौसम की स्थिति पर प्रशासन नजर बनाए हुए है।
- **शाजापुर – बारिश ने बढ़ाई प्रशासनिक चिंता-** प्रदेश में सक्रिय मानसून के बीच शाजापुर क्षेत्र में बारिश की स्थिति पर प्रशासन की नजर बनी हुई है।
- **आगर – नगरपालिका चुनाव की तैयारी-** आगर के बाद सुसनेर नगरपालिका अध्यक्ष उपचुनाव की घोषणा से स्थानीय राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं।

भोपाल और इंदौर में आने-जाने वाले यात्रियों के लिए खशखबरी

# 4 हजार करोड़ की नई योजना में बनेगा 6 लेन एक्सप्रेसवे...


### पूरे मार्ग पर करीब 2 से 3 प्रमुख एंट्री-एग्जिट पॉइंट ही रखे जाने की योजना

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

मध्यप्रदेश के दो बड़े शहरों भोपाल और इंदौर के बीच सफर करने वाले यात्रियों के लिए बड़ी राहत की खबर है। लंबे समय से प्रस्तावित भोपाल-इंदौर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे को अब आगे बढ़ने का रास्ता साफ हो गया है।

161 किलोमीटर लंबे 6-लेन एक्सप्रेसवे के अलाइनमेंट को केंद्र सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से मंजूरी मिल गई है। करीब 4,000 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत वाली इस परियोजना से दोनों शहरों के बीच यात्रा का समय काफी कम होने की उम्मीद है।

नए 6-लेन एक्सप्रेसवे प्रस्तावित एक्सप्रेसवे मौजूदा भोपाल-इंदौर मार्ग का विस्तार नहीं होगा, बल्कि इसे ग्रीनफील्ड परियोजना के तौर पर नए अलाइनमेंट पर विकसित किया जाएगा।



इसका उद्देश्य तेज और सुगम यातायात के साथ सड़क सुरक्षा को भी बेहतर बनाना है। परियोजना की अनुमानित लागत फिलहाल करीब 4 हजार करोड़ रुपए बताई जा रही है।

#### दो घंटे से भी कम में भोपाल से इंदौर

इस एक्सप्रेसवे की सबसे बड़ी खासियत इसकी स्पीड और सीमित इंटरचेंज व्यवस्था होगी। अधिकारियों के मुताबिक, पूरे मार्ग पर करीब 2 से 3 प्रमुख एंट्री-एग्जिट पॉइंट ही रखे जाने की योजना है। इससे अनावश्यक रुकावटें कम होंगी और वाहनों को लगातार बेहतर गति से चलने में मदद मिलेगी। एक्सप्रेसवे बनने के बाद भोपाल से इंदौर का सफर दो घंटे से भी कम समय में पूरा होने की उम्मीद है। भोपाल की ओर से एक्सप्रेसवे तक पहुंच के लिए कोलार या वेस्टर्न कॉरिडोर की कनेक्टिविटी का विकल्प देखा जा रहा है।

हालांकि, इसकी अंतिम लागत और अन्य तकनीकी पहलुओं की तस्वीर आने वाले महीनों में और स्पष्ट होगी।

अलाइनमेंट को मंजूरी मिलने के बाद अब परियोजना से जुड़ी अगली प्रक्रियाओं पर काम शुरू होगा। अधिकारियों के अनुसार, जरूरी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद अगले करीब 10 महीनों में जमीन पर निर्माण कार्य शुरू होने की संभावना है। यह एक्सप्रेसवे सिर्फ भोपाल और इंदौर के बीच आवागमन को आसान नहीं करेगा, बल्कि दोनों शहरों के बीच व्यापार, लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक गतिविधियों को भी गति मिलने की उम्मीद है।

#### परियोजना की प्रमुख बातें

- **लंबाई:** 161 किलोमीटर
- **लेन:** 6-लेन
- **अनुमानित लागत:** करीब 4,000 करोड़
- **यात्रा समय:** 2 घंटे से कम होने की उम्मीद
- **एंट्री-एग्जिट:** करीब 2 से 3 प्रमुख पॉइंट
- **निमार्ण:** नए ग्रीनफील्ड अलाइनमेंट पर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल में कार्यक्रम के आधिकारिक पोस्टर का विमोचन किया

# 17 से 19 सितंबर तक होगा 'युवा धर्म संसद' का आयोजन

### कार्यक्रम सनातन संस्कृति और युवा शक्ति के संगम का एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

मध्य प्रदेश की धार्मिक और सांस्कृतिक नगरी उज्जैन आगामी 17 से 19 सितंबर तक 'युवा धर्म संसद' के छठवें संस्करण की मेजबानी के लिए तैयार है। इस तीन दिवसीय राष्ट्रीय आयोजन की तैयारियां अब तेज हो गई हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल स्थित अपने निवास पर कार्यक्रम के आधिकारिक पोस्टर का विमोचन किया और आयोजन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। सेवाज्ञ संस्थानम द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम सनातन संस्कृति और युवा शक्ति के संगम का एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा।

युवा धर्म संसद में देश भर से युवा प्रतिनिधियों, विचारकों, धर्मगुरुओं, शोधार्थियों और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों की भागीदारी अपेक्षित है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को भारतीय ज्ञान परंपरा, सनातन संस्कृति के मूल्यों और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका पर विचार-विमर्श के लिए एक साझा मंच उपलब्ध कराना है।

#### युवाओं को जोड़ने की पहल

पोस्टर विमोचन के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारतीय संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों को युवा पीढ़ी से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका को मजबूत करना आज समय की मांग है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन जैसी ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व रखने वाली नगरी में इस प्रकार के आयोजन युवाओं के बीच वैचारिक जागरण को बढ़ावा देंगे।

#### देशभर से जुटेंगे युवा प्रतिनिधि

'युवा धर्म संसद' के छठवें संस्करण में देश के विभिन्न प्रांतों से चयनित प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। तीन दिनों के दौरान विभिन्न विषयों पर संवाद, परिचर्चा और वैचारिक सत्र आयोजित किए जाएंगे। इन सत्रों में समसामयिक सामाजिक चुनौतियों के साथ-साथ भारतीय ज्ञान परंपरा और युवा नेतृत्व जैसे महत्वपूर्ण विषयों को प्रमुखता दी जाएगी।

#### धर्म-विज्ञान से पर्यावरण तक विविध सत्र

प्रस्तावित सत्रों में धर्म और विज्ञान के बीच समन्वय, पर्यावरण संरक्षण की दिशा में युवा भूमिका, प्रभावी युवा नेतृत्व का विकास, भारतीय ज्ञान परंपरा की प्रासंगिकता और समसामयिक सामाजिक मुद्दों पर गहन विमर्श शामिल है। इस आयोजन के माध्यम से युवाओं को परंपरा और आधुनिकता के बीच संतुलन साधने, सामाजिक जिम्मेदारियों को समझने और राष्ट्र के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया जाएगा।

मुख्यमंत्री द्वारा पोस्टर विमोचन के दौरान सेवाज्ञ संस्थानम के राष्ट्रीय अध्यक्ष आशीष आशु, मध्य प्रदेश युवा आयोग के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा, डॉ. पुनीत द्विवेदी और माधव कुमार सहित आयोजन से जुड़े अन्य पदाधिकारी एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। अवंतिका नगरी उज्जैन, जो पहले से ही धर्म, दर्शन और भारतीय ज्ञान परंपरा का एक प्रमुख केंद्र रही है, इस आयोजन के माध्यम से देशभर के युवाओं और प्रबुद्धजनों का स्वागत करेगी। 17 से 19 सितंबर तक चलने वाला यह वैचारिक मंथन युवा शक्ति, सनातन संस्कृति और राष्ट्र निर्माण के विभिन्न पहलुओं पर महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान करेगा।

# दूध के दाम 70 रुपये करने की मांग को लेकर किसानों ने दिया धरना

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

दूध के लगातार बढ़ते उत्पादन खर्च और वर्तमान में मिल रहे दामों को लेकर मंगलवार को इंदौर के दूध उत्पादक किसानों ने कलेक्टर कार्यालय के गेट पर धरना-प्रदर्शन किया। किसानों ने प्रशासन के सामने दूध के दाम बढ़ाने की मांग रखते हुए कहा कि मौजूदा कीमतों पर दूध उत्पादन करना उनके लिए लगातार घाटे का सौदा साबित हो रहा है। प्रदर्शन कर रहे किसानों का कहना है कि वर्तमान में उन्हें व्यापारियों से दूध के बदले करीब 52 से 54 रुपये प्रति लीटर का दाम मिल रहा है। किसानों के अनुसार पशुओं के चारे, दवाइयों, देखभाल, बिजली, परिवहन और अन्य आवश्यक खर्चों में लगातार बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में वर्तमान दर पर मिलने वाली राशि से उत्पादन लागत निकालना भी मुश्किल हो रहा है। किसानों ने मांग की कि दूध का भाव बढ़ाकर 70 रुपये प्रति लीटर किया जाए, ताकि बढ़ती लागत के बीच उन्हें उचित मूल्य मिल सके और दुग्ध उत्पादन का काम आर्थिक रूप से व्यवहारिक बना रहे। किसानों का कहना है कि यदि उन्हें उनकी मेहनत और लागत के अनुरूप उचित दाम नहीं मिला तो दुग्ध उत्पादन से जुड़े परिवारों की आर्थिक स्थिति पर असर पड़ सकता है।

क्रेन और सपोर्ट टीम के साथ मौके पर पहुंचकर नो-पार्किंग में खड़े वाहनों तथा यातायात बाधित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की

# मरीमाता से इमली बाजार तक पुलिस का विशेष अभियान

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए यातायात पुलिस अब आधुनिक तकनीक का सहारा ले रही है। मरीमाता से इमली बाजार तक शुक्रवार को ड्रोन सर्विलांस के जरिए यातायात व्यवस्था पर नजर रखी गई। इस दौरान क्रेन और सपोर्ट टीम के साथ मौके पर पहुंचकर नो-पार्किंग में खड़े वाहनों तथा यातायात बाधित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के निर्देशन तथा वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे यातायात सुधार अभियान के तहत सहायक पुलिस आयुक्त यातायात जोन-1 जगदीश पाटील ने मरीमाता से इमली बाजार तक मार्ग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ड्रोन टीम ने पूरे मार्ग पर नजर रखी और भीड़भाड़, अवैध पार्किंग तथा यातायात बाधित होने वाले स्थानों को चिन्हित किया। ड्रोन से मिले इनपुट के आधार पर एसीपी पाटील क्रेन और सपोर्ट टीम के साथ मौके पर पहुंचे और यातायात को सुचारु कराया।

इस दौरान माइक से लगातार अनाउंसमेंट कर वाहन चालकों और दुकानदारों से नो-पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़े नहीं करने तथा सड़क पर किसी भी तरह की बाधा उत्पन्न नहीं करने की अपील की गई। इसके बावजूद यातायात व्यवस्था बिगाड़ने वाले और नो-पार्किंग में खड़े पाए गए वाहनों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई।

#### ट्रैफिक साथी एप के माध्यम से भी शिकायत दर्ज कर सकते

यातायात पुलिस का कहना है कि शहर के प्रमुख और व्यस्त मार्गों पर अब ड्रोन के माध्यम से निगरानी बढ़ाई जा रही है, ताकि जहां भी जाम या यातायात बाधित होने की स्थिति बने, वहां तुरंत टीम पहुंचाकर कार्रवाई की जा सके।

यातायात संबंधी समस्या की सूचना नागरिक ट्रैफिक हेल्पलाइन 7049107620 पर दे सकते हैं। साथ ही नागरिक इंदौर ट्रैफिक साथी एप के माध्यम से भी यातायात संबंधी जानकारी और शिकायत दर्ज करा सकते हैं। अब सड़क पर गलत पार्किंग कीजिएगा तो ऊपर से भी नजर रहेगी– ड्रोन की नजर से बचना मुश्किल होगा!



# इंदौर में जामताड़ा की तर्ज पर साइबर गैंग का खेल

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

साइबर ठगी के लिए दूसरे लोगों के बैंक खाते किराए पर लेने और उन्हें आगे बेचने वाले गिरोह का एरोड्रम पुलिस ने पदार्फाश किया है।

पुलिस के मुताबिक गिरोह जामताड़ा की तर्ज पर म्यूल अकाउंट का नेटवर्क चला रहा था। गरीब मजदूरों और रैपिडो चालकों के बैंक खातों को निशाना बनाकर उनमें साइबर ठगी की रकम मंगवाई जाती और फिर उसे निकालकर आगे ट्रांसफर किया जाता था। पुलिस ने गिरोह के 15 सदस्यों को चिन्हित किया है, जबकि पहली कार्रवाई में चार आरोपित गिरफ्तार किए गए हैं। डीसीपी जोन-1 नरेंद्र रावत के मुताबिक जून में नितेश दवे की शिकायत पर 17 लाख रुपये की साइबर ठगी का केस दर्ज हुआ था। नितेश ने फेसबुक पर ट्रेडिंग कंपनी विस्टा ग्लोबल का विज्ञापन देखा था। इसके बाद उसे टेलीग्राम ग्रुप से जोड़कर क्रिप्टो करेंसी और फारेक्स ट्रेडिंग के नाम पर रकम जमा कराई गई। जांच में पुलिस उस बैंक खाते तक पहुंची, जिसमें ठगी की रकम पहुंची थी। खाता भावेश के नाम पर मिला। पूछताछ में उसने बताया कि उसने खाता ऋषभ यादव को दे दिया था। करंट अकाउंट के साथ चेकबुक, पासबुक और बैंक में रजिस्टर्ड सिम तक सौंप दी गई थी। इसके बाद खाते में आई रकम निकाली गई और उसे यूएसडीटी में निवेश किया गया।

तीन लाख से अधिक पौधे, लौटी जैव विविधता, अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका में दर्ज हुई पुनर्जीवन की कहानी

# खनन से खत्म हो चुके पहाड़ के जख्मों पर हरियाली का मरहम

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास**

यह कहानी उस पहाड़ी की है, जिसकी छाती कभी खनन मशीनों ने छलनी कर दी थी। जहां न पानी था, न हरियाली और न ही जीवन के कोई स्पष्ट संकेत। जिम्मेदारों की अनदेखी के बीच जब इसे पर्यटन गतिविधियों के लिए सौंपने की योजना बनी तो प्रकृति प्रेमी आगे आए। कानूनी लड़ाई नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) तक पहुंची और फिर शुरू हुई उस पहाड़ी के पुनर्जीवन की कहानी, जो आज देश के लिए पर्यावरण पुनर्वास का उदाहरण बन रही है। यह दास्तान देवास बायपास स्थित शंकरगढ़ पहाड़ी की है। करीब दस वर्ष पहले तक बंजर दिखने वाली इस पहाड़ी पर आज तीन लाख से अधिक पौधे लहलहा रहे हैं। जैव विविधता लौट रही है और तेंदुआ, लकड़बग्घा तथा जंगली बिल्ली जैसे वन्यजीव भी यहां देखे गए हैं। औद्योगिक गतिविधियों वाले देवास शहर के लिए यह क्षेत्र अब संभावित ग्रीन लंग्स के रूप में विकसित हो रहा है।

#### सैटेलाइट ने भी दर्ज की पहाड़ी की वापसी

2017 से 2025 के बीच शंकरगढ़ में हरियाली बढ़ी। सेंटिनेल-2ए के एनडीवीआई विश्लेषण में औसत सूचकांक 0.19 से बढ़कर 0.30 और अधिकतम 0.46 से 0.68 पहुंचा।

#### वैज्ञानिक अध्ययन ने दर्ज किया बदलाव

शंकरगढ़ की वीरानी से हरियाली तक की यात्रा अब वैज्ञानिक जगत में भी पहचान बना रही है। जुलाई 2026 के अंक में प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक पत्रिका इंडियन फारेस्टर में पोस्ट माइनिंग इकोलाजिकल रीस्टोरेशन इन शंकरगढ़ हिल्स विषय पर अध्ययन प्रकाशित हुआ है। इसमें उपग्रह चित्रों और वैज्ञानिक विश्लेषण के माध्यम से खनन के बाद पहाड़ी के पारिस्थितिक पुनर्वास और 2017 से 2025 के बीच हुए बदलावों का आकलन किया गया है। राष्ट्रीय पत्रिका डाउन टू अर्थ ने भी शंकरगढ़ के परिवर्तन को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

#### 2016 में जगी पहल, 2020 के बाद मिली रफ्तार

ग्रीन आर्मी के समरजीत जाधव बताते हैं कि 2016 में दोस्तों के साथ पहाड़ी पर जाते समय खनन से हुई तबाही ने उन्हें विचलित किया। धीरे-धीरे अन्य संस्थाएं जुड़ीं। 2018 में वन विभाग ने पौधारोपण में रुचि दिखाई और तत्कालीन कलेक्टर चंद्रमौली शुक्ला ने एक लाख पौधे लगाने की पहल की। विभिन्न विभागों को पौधारोपण का दायित्व दिया गया। लेकिन तब भी खनन जारी था। इसके विरुद्ध एनजीटी में याचिका दायर की गई। आदेश के बाद पहाड़ी के पुनर्स्थापन की दिशा में काम तेज हुआ और 2020 के बाद व्यापक स्तर पर पौधारोपण तथा वानिकी गतिविधियों ने गति पकड़ी।

**शंकरगढ़ मॉडल की तीन सीख-**
खनन बंद कराना पर्याप्त नहीं – क्षतिग्रस्त भूमि की मरम्मत भी जरूरी। पहले मिट्टी-पानी, फिर पौधारोपण – इसी क्रम ने पौधों की सफलता बढ़ाई। सरकार के साथ समाज की भागीदारी – स्वयंसेवक, स्कूल, संस्थाएं और विभाग एक साथ आए।

#### फिर बची पर्यटन परियोजना से

हरियाली लौटने के बाद पहाड़ी को पर्यटन बोर्ड को देने की योजना बनी। पर्यावरण कार्यकताओं ने फिर एनजीटी का दरवाजा खटखटाया। तर्क दिया गया कि जनता और प्रशासन के प्रयास से विकसित यह क्षेत्र देवास जैसे औद्योगिक शहर के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। एनजीटी के हस्तक्षेप के बाद पहाड़ी को पर्यटन परियोजना से अलग कर वानिकी गतिविधियों के लिए संरक्षित किया गया। आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के दौरान प्राथमिकता से विकसित किए गए 75 आदर्श नगर वनों में शंकरगढ़ वन भी एक उल्लेखनीय उदाहरण बनकर उभरा है।

#### दूसरी पहाड़ियों के लिए बनेगी केस स्टडी

भारतीय वन सेवा के अधिकारी प्रदीप मिश्रा कहते हैं कि शंकरगढ़ अब प्रकृति संरक्षण और पर्यावरण पुनर्वास की प्रेरक मिसाल है। वैज्ञानिक अध्ययन में इसका दर्ज होना बताता है कि खनन से क्षतिग्रस्त पहाड़ियां भी सामुदायिक भागीदारी, कानूनी हस्तक्षेप और सतत प्रयासों से फिर जीवन पा सकती हैं।

## न्यूज कालम



## भगवान बलराम जयंती पर प्राकृतिक खेती विषय पर कृषक संगोष्ठी का आयोजन

**मनावर।** कृषि विज्ञान केंद्र में सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन आत्मा योजना अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र मनावर में दिनांक 2 सितंबर को भगवान बलराम जयंती के अवसर पर प्राकृतिक खेती विषय पर कृषक संगोष्ठी एवं वैज्ञानिक परी चर्चा का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री चंचल पाटीदार भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य कपिल सोलंकी किसान मोर्चा अध्यक्ष धार ग्रामीण मोहन आर्य एवं मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मनीष छावाया एवं किसान मोर्चा उपाध्यक्ष मोहन मुलेवा एवं धार ग्रामीण जिला किसान मोर्चा मीडिया प्रभारी नितिन मंडवाल व सह मीडिया प्रभारी भानु प्रकाश शर्मा उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि द्वारा भगवान बलराम के चित्र पर माल्या अर्पण कर वंदे मातरम गीत गाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया उपस्थित अतिथियों के स्वागत के पश्चात मुख्य अतिथि श्री चंचल पाटीदार द्वारा उपस्थित कृषकों को वर्तमान समय में प्रकृति खेती की आवश्यकता के बारे में बताया गया कम लागत में अधिक मुनाफा प्राप्त करने के लिए जीरो बजट प्रकृति खेती के महत्व की जानकारी दी गई कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉक्टर ए एल बसेड़िया ने मौसम आधारित कीट पतंग को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान की गई मृदा वैज्ञानिक डॉ नरेश गुप्ता द्वारा तकनीकी जानकारी के साथ कृषको से परिचर्चा की गई कार्यक्रम के दौरान कृषि विज्ञान विभाग द्वारा चयनित कृषकों को इस पर पंप एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया गया।

## राजीनामे से समाधान का संदेश लेकर निकला लोक अदालत प्रचार वाहन



**सनावद।** विवादों को लंबा खींचने के बजाय आपसी सहमति से समाधान की राह दिखाने के लिए आगामी नेशनल लोक अदालत का प्रचार अभियान शुरू किया गया। सनावद न्यायालय परिसर से न्यायाधीशों ने लोक अदालत प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर न्यायाधीश मोहम्मद असलम देहलवी, सुश्री आकांक्षा गर्ग एवं न्यायाधीश योगेश चालीसा मौजूद रहे। न्यायाधीशों ने आमजन से लोक अदालत का लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा कि यह सरल, सुलभ और त्वरित न्याय का प्रभावी माध्यम है। आपसी राजीनामे के जरिए पुराने से पुराने विवादों का भी समाधान संभव है। लोक अदालत की खासियत यही है कि इसमें किसी की जीत या हार नहीं होती, बल्कि दोनों पक्षों की सहमति से विवाद का अंत होता है। प्रचार वाहन के माध्यम से नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में लोगों को लोक अदालत की प्रक्रिया और इसके लाभों की जानकारी दी जाएगी। वहीं संदीप बैसवार द्वारा डोर-टू-डोर प्रचार कर आमजन को अपने विवादों का आपसी सहमति से निराकरण कराने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में सनावद न्यायालय के अधिवक्तागण एवं अधिवक्ता संघ अध्यक्ष गणेश मालवीय सहित अन्य उपस्थित रहे।

## जाकिर हुसैन अमी को रॉकस्टार जोन चेयरपर्सन सम्मान से नवाजा गया



**सनावद।** लायंस डिस्ट्रिक्ट का संस्थापन समारोह इंदौर लता मंगेशकर सभागृह में सम्पन्न हुआ।अतिथि इंटरनेशनल डायरेक्टर द्वारा गवर्नर जयप्रकाश त्रिपाठी सहित डिजी टीम एवं रीजन जोन डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन को शपथ दिलाई गई। प्रथम कैबिनेट मीटिंग आगाज सम्पन्न हुई।साथ ही पूर्व गवर्नर योगेंद्र रूनवाल द्वारा अपने कार्यकाल के पुरस्कार भी अनुभूति कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदान किए।जिसमें जाकिर हुसैन अमी को रॉकस्टार जोन चेयरपर्सन सम्मान से नवाजा गया।आपने जोन कार्यकाल में चार लायंस क्लब एवं 3 लियो क्लब का गठन किया था।साथ ही लायंस क्लब ओंकारेश्वर अनंत एवं अध्यक्ष मुश्ताक मलिक को भी हीरो अवार्ड प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।इंटरनेशनल डायरेक्टर कुलभूषण मित्तल,वीडीजी राम जाट, डॉ राजेंद्र सोडाणी , डॉ जवाहर बिहानी,आदि उपस्थित रहे।साथ ही 2025-26 के गवर्नर अनिल खंडेलवाल द्वारा जश्न समारोह अंतर्गत सेवा एवं प्रशासनिक कार्यों में विशिष्ट सेवाओं हेतु लायंस सदस्यों को सम्मानित किया गया जिसमें जाकिर हुसैन अमी को श्रेष्ठ सहायक डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन के रूप में अवार्ड से सम्मानित किया गया।

## कनपुर में बलराम कृषि महोत्सव एवं भगवान बलराम जयंती मनाई

**आलीराजपुर, ।** ग्राम पंचायत कनपुर में बलराम कृषि महोत्सव एवं भगवान बलराम जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को कम लागत में अधिक उत्पादन, मिट्टी की उर्वरता, जल संरक्षण एवं टिकाऊ खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। उप संचालक कृषि सहित कृषि विभाग एवं आत्मा परियोजना के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। किसानों को प्राकृतिक खेती के तहत जीवामृत, बीजामृत, घनजीवामृत एवं नीमास्त्र जैसे प्राकृतिक कृषि इनपुट के उपयोग की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने कृषि विभाग एवं आत्मा परियोजना द्वारा संचालित प्रशिक्षण एवं योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में भगवान बलराम के आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए मिट्टी, जल एवं पर्यावरण संरक्षण के साथ कृषि को समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प भी लिया गया। इस दौरान बडी संख?या में ग्रामीणजन एवं कृषक उपस्थित थे ।

# जनजातीय छात्रावासों की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए अधिकारियों को छात्रावास आवंटित

### नोडल अधिकारी के रूप में नियमित निरीक्षण कर विद्यार्थियों की पढ़ाई की करेंगे निगरानी

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ आलीराजपुर



कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने जिले में संचालित जनजातीय छात्रावासों में निवासरत विद्यार्थियों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए महत्वपूर्ण कार्ययोजना बनाई गई है। छात्रावासों की व्यवस्थाओं की नियमित एवं प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला अधिकारियों को एक-एक छात्रावास आवंटित कर गोद दिया गया है।

कलेक्टर ने बताया कि छात्रावास गोद लेने वाले अधिकारी संबंधित छात्रावास के नोडल अधिकारी के रूप में भी कार्य करेंगे। नोडल अधिकारी नियमित रूप से छात्रावासों का निरीक्षण कर विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं, भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता, पेयजल, सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी भी प्राप्त की जाएगी तथा आवश्यकतानुसार उनके निराकरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

कलेक्टर श्रीमती माथुर ने कहा कि छात्रावास केवल विद्यार्थियों के रहने का स्थान नहीं, बल्कि उनके शैक्षणिक एवं व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण केंद्र हैं। विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के साथ ही उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा, अनुशासन एवं सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देना जिला प्रशासन का महत्वपूर्ण दायित्व है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि छात्रावासों में उपलब्ध सुविधाओं की नियमित समीक्षा करते हुए आवश्यकतानुसार उनमें सुधार किया जाए। विद्यार्थियों के लिए ऐसा सकारात्मक एवं प्रेरणादायी वातावरण तैयार किया जाए, जहां वे बिना किसी परेशानी के अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित कर बेहतर भविष्य की दिशा में आगे बढ़ सकें।

कलेक्टर श्रीमती माथुर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि छात्रावासों की व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नोडल अधिकारी नियमित निरीक्षण के माध्यम से व्यवस्थाओं पर सतत निगरानी रखें तथा किसी भी प्रकार की कमी या समस्या सामने आने पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए उसके निराकरण की कार्यवाही सुनिश्चित करें। विद्यार्थियों को सुरक्षित, स्वच्छ, सुविधायुक्त एवं गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।



## सिंधी बस्ती में आशीर्वाद किराना पर निगम का 'ऑपरेशन पॉलीथिन'

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बुरहानपुर

प्रतिबंध को ठेंगा दिखाकर शहर में धड़ल्ले से बिक रहा था सिंगल यूज प्लास्टिक, और निगम ने भी खेल दिया मास्टर स्ट्रोक। बुधवार दोपहर सिंधी बस्ती में फिल्मी अंदाज में कार्रवाई हुई। नगर निगम के सेक्टर अधिकारी अजय कनाड़े ग्राहक बनकर आशीर्वाद किराना पर पहुंचे - "भैया, डिस्पोजल गिलास दे दो..." दुकानदार ने हामी भरी और यहीं से पकड़ी गई चोरी! इशारा मिलते ही सहायक आयुक्त स्वर्णिमा वर्मा टीम के साथ धमक पड़ीं। दुकान की तलाशी ली तो अंदर गोदाम में प्लास्टिक का पूरा बाजार सजा था - कटोरी, प्लेट, चम्मच, ग्लास... इतना माल कि उठाने के लिए ट्रॉली बुलानी पड़ी। बताते हैं, दो दिन पहले ही आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने सख्त लहजे में कहा था - "अब बख्शना नहीं है।" इसके बाद शहर के 6-6 जासूस यानी सेक्टर अधिकारी मैदान में उतार दिए गए। नियम साफ है - 120 माइक्रॉन से कम का कैरी बैग और थमाकोल वाला सारा डिस्पोजल बैन है। फिर भी एक ही गोदाम से एक ट्रॉली माल निकलना बताता है कि काला कारोबार कितना गहरा है। अब निगम ने विक्रेता पर जुमार्ने का शिकंजा कस दिया है।



## नेशनल लोक अदालत के संबंध में बैठक का आयोजन किया

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ आलीराजपुर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आलीराजपुर के मार्गदर्शन में 12 सितंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में ए.डी.आर. भवन आलीराजपुर में बीमा कंपनी अधिवक्ताओं के साथ बैठक आयोजित की गई।

इस दौरान नेशनल लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों (एम.ए.सी.टी.) को अधिक से अधिक संख्या में निराकरण करवाकर पक्षकारों को लाभांवित किये जाने व पक्षकारों को नेशनल लोक अदालत के फायदों से अवगत कराये जाने के लिए अधिवक्ताओं से अपील की गई। बैठक में प्रथम जिला न्यायाधीश प्रभारी अधिकारी श्री नंदराम परमार ,द्वितीय जिला न्यायाधीश श्री आर.पी. सेवेतिया ,सचिव जि.वि.से.प्रा श्री जय पाटीदार , जिला विधिक सहायता अधिकारी श्रीमती शक्ति रावत एवं बीमा कंपनी अधिवक्ता श्री दशरथसिंह चंदेल, श्री अनूप शर्मा,श्री हरिओम वाणी उपस्थित रहे।

## बलराम जयंती कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बड़वानी ।** जिले मे बलराम जयंती कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र बजट्टाखुर्द तलुन में आयोजित किया गया। जहॉ जिले के जनप्रतिनिधियों द्वारा बलराम भगवान की पूजा अर्जना कर कार्यक्रम का शुभांरभ किया गया । कार्यक्रम में उपस्थित श्री वासुदेव मुकाती, सांसद प्रतिनिधि लोकसभा, श्री भगवानसिंह पटेल, भारतीय किसान संघ जिला बड़वानी, श्री कमल तोमर जिला महामंत्री भारतीय किसान संघ, श्रीमती हेमलता सोंलकी अपर कलेक्टार जिला बड़वानी, श्री के.सी.वास्केल, उप संचालक कृषि जिला बडवानी, डॉ. के.एस. बडौदिया कृषि वैज्ञानिक, उद्यानिकी, पशुपालन, जिला विपणन संघ अधिकारी, सहायक कृषि अभियांत्रिकी एवं अन्यी जिला अधिकारी व जिले के समस्त विकासखण्डो से आये किसानों की उपस्थिति में जनप्रतिनिधिगण, कृषि वैज्ञानिक, विभागीय अधिकारियों द्वारा कृषि की उन्नंत तकनिकी, विभागीय योजना एवं आधुनिक कृषि उपकरण का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया गया। साथ कृषि संबंधी आधुनिक कृषि उपकरण, बीज एवं प्राकृतिक खेती केन्द्रित प्रदर्शनी, सह-संवाद जैसी गतिविधियॉ का आयोजन किया गया।

## मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में कोताही बर्दाश्त नहीं

**बड़वानी ।** कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागृह में जिला स्वास्थ्य समिति एवं महिला व बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा, अनाज मंडी में होगी धर्म सभा व मटकी फोड़

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खरगोन

अहीर यादव समाजज जन आराध्य देव भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव (श्रीकृष्ण जन्माष्टी) उत्सव के रुप में मनायेंगे। 4 सितंबर को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर होने वाले आयोजन को लेकर गायत्री मंदिर परिसर में समाज की बैठक आयोजित की गई। इसमें 4 सितंबर को भव्य शोभायात्रा निकाले जाने एवं धर्मसभा सहित मटकी फोड़ आयोजन करने का निर्णय लिया गया। समाजजनों ने बताया कि इस उत्सव में लगभग 12 हजार से अधिक 108 गांवों- बस्तियों के स्वजातीय बंधू शामिल होंगे। जन्माष्टमी पर कुंदा तट स्थित श्री सिद्धी विनायक मंदिर परिसर से सुबह 10 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें मनमोहक झांकियों, भगवान श्रीकृष्ण डोले में विराजित होकर भ्रमण करेंगे।

बैंड बाजे, बग्गी और घोड़ों के साथ शहर के प्रमुख मार्गो से शोभायात्रा बिस्टान रोड़ स्थित कृषि उपज मंडी पहुंचेगी। यहां धर्म सभा का आयोजन होगा, जिसके बाद पारंपरिक मटकी फोड़ कार्यक्रम और महाआरती की जाएगी। उल्लेखनीय है कि जिला स्तर पर अहीर यादव समाज द्वारा वर्ष 2016 से श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का यह कार्यक्रम लगातार किया जा रहा है। समाज ने सभी स्वजातीय बंधुओं और श्रीकृष्ण भक्तों से इस भव्य कार्यक्रम में शामिल होकर सफल बनने का आह्वान किया है।

## राज्य मुख्य परीक्षा हेतु जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम गठित

**बड़वानी ।** राज्य मुख्य परीक्षा का आयोजन 7 सितम्बर से 2 सितम्बर तक प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक पीएम श्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक महाविद्यालय बड़वानी में किया जायेगा। कलेक्टर श्रीमति जयति सिंह ने इस परीक्षा हेतु कलेक्टर कार्यालय बड़वानी में जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम बनाया है। राज्य मुख्य सेवा परीक्षा 2026 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों हेतु परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश के दौरान त्रिस्तरीय नवीन जांच प्रक्रिया (सीसीटीवी सर्विलेंस, बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, प्रवेश पत्र की स्कैनिंग, एचएचएमडी के माध्यम से तलाशी एवं वीओआई पी की व्यवस्था) आयोग द्वारा अनुबंधित एजेंसी के माध्यम से प्रारंभ की गई है।

### पश्चिम रेलवे

**दोषपूर्ण पुर्जों की मरम्मत और प्रतिस्थापन**

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता, मुंबई सेंट्रल, पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल निविदा संख्या EL-Maint-4-343-WA-8 दिनांक 28.08.2026. **कार्य का नामः** मुंबई मंडल दिनिक 28.08.2026. **कार्य का नामः** मुंबई मंडल उपनगरीय खंड – विभिन्न प्रकार – उपनगरीय प्रकार और क्षमताओं के विंडो एसी और स्प्लिट एसी इकाइयों के दोषपूर्ण पुर्जों की मरम्मत / प्रतिस्थापन मरीन लाइन्स से विरार के बीच विभिन्न स्थानों पर 2 वर्ष के लिए। **कार्य की अनुमानित लागतः** रू.1,37,95,190/-. **ईएमडीः** रू.2,75,900/-. **निविदा जमा करने की तिथि और समयः** 06.10.2026, 15:00 बजे तक। **निविदा खोलने की तिथि और समयः** 06.10.2026 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए, कृपया हमारी वेबसाइट पर जाएं www.ireps.gov.in

0539

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

### पश्चिम रेलवे

**अंतिम स्थान सर्वेक्षण करना**

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण), पश्चिम रेलवे, चर्चगेट आमंत्रित करता है निविदा सं. **CAO-C-survey-FLS-DPR-6** दि. 21.05.02026. **कार्य का नामः** के लिए अंतिम स्थान सर्वेक्षण करना नई बीजी रेलवे लाइन लइन का निर्माण, गेज परिवर्तन, दोहरीकरण बहु-ट्रेकिंग और ट्रैफ़िक सर्वेक्षण पश्चिम रेलवे के मुख्य **प्रशासनिक** अधिकारी / निर्माण / CCG / **पश्चिम रेलवे**, मुंबई के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत। **अनुमानित कार्य की लागतः** रु. 1,23,62,07,837.20/- **ईएमडीः** रु. 2,47,24,200/- **बोली प्रारंभ तिथिः** 01.01. 01.01.2026। **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि और समयः** 15.10.2026 तक, 15:00 बजे तक। **निविदा खोलने की अंतिम तिथि और समयः** 15.10.2026 को 15:30 बजे। अधिक विवरण के लिए, कृपया हमारी वेबसाइट पर जाएं **www.ireps.gov.in** 0541

हमें इस पर लाइक करें: facebook.com/WesternRly

### In The Court Of V Additional Motor Accident Claims Tribunal District Court, Ujjain

**Presiding Officer: श्री राकेश कुमार शर्मा**

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु) (**MACC/0000232/2022**)

मिनाक्षी शर्मा -वादी

**विरुद्ध**

पुरुषोत्तम दुबे -प्रतिवादी

Process Id/2026

**पेशी दिनांकः 25.09.2026**

प्रेषिती- (1) पुरुषोत्तम दुबे पिता रामप्रसाद दुबे पता- 321 साईबाग नगर सुदामा नगर द्वारकापुरी इंदौर हाल मुकाम बी सेक्टर त्रिवेणी विहार उज्जैन मो. नं 9406801232 (2) सचिन वर्मा पिता कुन्दनमल वर्मा पता- 12 सहयोग नगर दीनदयाल काम्पलेक्स के सामने उज्जैन

यह कि प्रार्थी मिनाक्षी शर्मा पति श्री लक्ष्मण शर्मा, आयु-41 वर्ष, व्यवसाय-नौकरी, पता- 36 क्वाटर देसाई नगर कोतवाली उज्जैन की ओर से इस न्यायालय के समक्ष एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 166, 140 मोटरयान अधिनियम के अधीन प्रस्तुत किया है कि आप अनावेदक क्रं. 1 पुरुषोत्तम दुबे पिता रामप्रसाद दुबे वाहन क्रमांक इण्डिको कार क्रमांक एमपी-09-सीएस-2303 के स्वामी एवं आप अनावेदक क्रं. 2 सचिन पिता कुन्दनलाल वर्मा उक्त वाहन के चालक उक्त वाहन को दिनांक 06.06.2020 को उपेक्षा व लापरवाही से चलाकर आवेदिका को टक्कर मारकर घोर उपहति कारित की, जिसके संबंध में आपके विरूद्ध मोटर दुर्घटना दावा केस के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

आज तारीख 13 अगस्त 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**राकेश कुमार शर्मा**
**पंचम अतिरिक्त मोटर दुर्घटना**
**दावा अधिकरण उज्जैन (म.प्र.)**

### ida इंदौर विकास प्राधिकरण


MP-Etender Portal No. 2026_DTCP_530923_1

विज्ञप्ति क्रमांक : 147
दिनांक : 01-09-2026

इंदौर विकास प्राधिकारी की योजना क्र. 166 में पी.एस.पी. उपयोग के भूखण्डो को भू-स्वामी अधिकार पर न्यूनतम दर के बराबर या अधिक दर पर व्ययन करने हेतु बोली सह आक्शन (Tender cum Auction) के माध्यम से ऑनलाईन Online निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है:-

| अ. क्र. | भूखण्ड क्रमांक | क्षेत्रफल (व.मी.) | आरक्षित श्रेणी | न्यूनतम दर (प्रति व.मी.) | अर्नेस्ट मनी (EMD 5%) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 107 | 1200.00 | अ.ज.जा. | 51000.00 | 3060000.00 |
| 2 | 95-बी | 1586.00 | अ.ज.जा. | 56100.00 | 4448730.00 |
| 3 | 121 | 4519.00 | अ.ज.जा. | 56100.00 | 12675795.00 |
| 4 | 115 | 1165.00 | अ.जा. | 51000.00 | 2970750.00 |
| 5 | 98 | 3239.00 | अ.जा. | 51000.00 | 8259450.00 |
| 6 | 32 | 10061.35 | अ.पि.व. | 56100.00 | 28222087.00 |
| 7 | 91-ए | 1724.00 | अ.पि.व. | 56100.00 | 4835820.00 |
| 8 | 138 (मेजर रोड़ कार्नर) | 2590.00 | दिव्यांग | 58650.00 | 7595175.00 |
| 9 | 96-बी | 2926.00 | पत्रकार | 56100.00 | 8207430.00 |
| 10 | 92-ए | 1150.00 | सामान्य | 51000.00 | 2932500.00 |
| 11 | 108 | 1200.00 | सामान्य | 51000.00 | 3060000.00 |
| 12 | 126 | 1830.00 | सामान्य | 51000.00 | 4666500.00 |
| 13 | 28 | 5999.52 | सामान्य | 51000.00 | 15298776.00 |
| 14 | 31 (मेजर रोड़ कार्नर) | 14135.24 | सामान्य | 58650.00 | 41451591.00 |
| 15 | 37 | 7137.00 | सामान्य | 56100.00 | 20019285.00 |
| 16 | 80 | 6800.00 | सामान्य | 56100.00 | 19074000.00 |
| 17 | 84 (मेजर रोड़ कार्नर) | 19456.76 | सामान्य | 58650.00 | 57056949.00 |
| 18 | 94-ए | 1586.00 | सामान्य | 56100.00 | 4448730.00 |
| 19 | 102 (मेजर रोड़ कार्नर) | 4320.15 | सामान्य | 58650.00 | 12668840.00 |
| 20 | 102-ए | 2540.50 | सामान्य | 56100.00 | 7126103.00 |
| 21 | 135 (मेजर रोड़ कार्नर) | 2700.00 | सामान्य | 58650.00 | 7917750.00 |
| 22 | 137 | 2760.00 | सामान्य | 56100.00 | 7741800.00 |
| 23 | 139 (मेजर रोड़ कार्नर) | 2240.00 | सामान्य | 58650.00 | 6568800.00 |
| 24 | 122-ए | 3715.00 | सामान्य महिला | 56100.00 | 10420575.00 |
| 25 | 92-बी | 1150.00 | सैनिक/भू.पू. सैनिक | 51000.00 | 2932500.00 |
| 26 | 95-सी | 1586.00 | स्वतत्रता सग्राम सेनानियो/लोकतत्र सेनानियों या उनके जीवित न होने की दशा में उनकी पत्नी/पति के लिए | 56100.00 | 4448730.00 |

| अ. क्र. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रारम्भ | 03-09-2026 | 14:00 hrs |
| 2 | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय | 25-09-2026 | 18:00 hrs |
| 3 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | 28-09-2026 | 11:30 hrs |
| 4 | प्रारम्भिक वितीय निविदा खोलने की प्रस्तावित तिथि | 08-10-2026 | 11:30 hrs |
| 5 | पात्र निविदादाताओं हेतु ई-नीलामी (Live e-Auction) प्रारम्भ होने की तिथि एवं समय एवं ई-नीलामी समाप्त होने की तिथि एवं समय | | |
| | अ. क्र. 01 से 06 तक | • 13-10-2026 | 14:30 hrs. to 17:30 hrs. |
| | अ. क्र. 07 से 12 तक | • 14-10-2026 | |
| | अ. क्र. 13 से 19 तक | • 15-10-2026 | |
| | अ. क्र. 20 से 26 तक | • 16-10-2026 | |




नोट:-

➤निविदा ई-प्रोक्योरमेंट पद्धति से पोर्टल https:/www.mptenders.gov.in पर देखी एवं ऑनलाईन क्रय की जा सकती है। ई-टेण्डर हेल्प डेस्क का टोल फ्री नंबर 01204001002 है।

➤संपत्तियो का व्ययन निविदा सह आक्शन पद्धती से किया जाएगा। इसकी प्रक्रिया mptender पोर्टल पर निर्धारित प्रक्रिया अनुसार की जावेगी ।

➤निविदा में भाग लेने हेतु निविदा प्रस्तुतकर्ता अर्नेस्टमनी (प्रतिभूति) राशि का भुगतान ऑनलाईन स्वयं के खाते से क्रेडिट कार्ड/ डेबिटकार्ड / नेट बैंकिंग / आरटीजीएस के माध्यम से कर सकेगा।

➤निविदादाता को अपने निविदा ऑफर (दर) ऑनलाईन देना होगी। सभी डाक्यूमेंटस निविदा प्रपत्र मे दिए गए निर्देशानुसार स्व हस्ताक्षरित ऑनलाईन अपलोड करना होगें।

➤निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन इंदौर विकास प्राधिकरण तथा mptender पर ही प्रदर्शित किया जायेगा, जिसे पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशित नही किया जावेगा।

➤सम्पत्ति की प्रीमियम भुगतान हेतु आवश्यक निर्देश निविदा प्रपत्र अनुसार होंगे ।

➤प्राधिकरण को किसी भी स्तर पर निविदा स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

मुख्य कार्यपालिक अधिकारी
इंदौर विकास प्राधिकारी,इन्दौर

अधिक जानकारी के लिए कार्यलयीन समय में श्री जुवान सिंह भवंर 98936-99107, श्री अतुल मेहता 98936-99197, श्री भुनेश्वर पटेल 9893699153 से संपर्क करें, अथवा प्राधिकारी की वेबसाईट www.idaindore.org पर देखे।

## न्यूज -कॉलम

### पत्नी-बच्चों से विवाद के बाद ड्रायवर ने लगाई फांसी



**उज्जैन।** धन्नालाल की चाल में रहने वाले ड्रायवर आशीष पिता भगवानसिंह कौशल 42 साल मंगलवार रात शराब पीकर घर लौटा था, उसने पत्नी-बच्चों से विवाद किया और मारपीट करने लगा। पत्नी-बच्चे पास में रहने वाले रिश्तेदारों के यहां चले गये। घर में आशीष अकेला रह गया था, बुधवार सुबह पत्नी यह सोचकर घर लौटी की नशा उतर गया हो गया, लेकिन दरवाजा खोलते ही उसने पति को दुपट्टे के फंदे से लटका देखा। सूचना मिलते ही नीलगंगा थाना पुलिस घटनास्थल पहुंच गई थी। एसआई उद्यमसिंह राठौर ने बताया कि घटनास्थल पर विवेचना के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजा गया, मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। बताया जा रहा था कि अशीष शराब पीने का आदी था और आये दिन घर में विवाद करता था। परिजनों के बयान दर्ज कर आगे की जांच शुरू की जायेगी।

### कालापत्थर चौराहा पर कार-बस के बीच हुई टक्कर

**उज्जैन।** नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के कालापत्थर चौराहा पर मंगलवार-बुधवार रात कार और यात्री बस के बीच टक्कर हो गई। घटनाक्रम के बाद चालक बस लेकर भाग निकला। कार क्षतिग्रस्त होने पर उसमें सवार सन्नी पिता जगदीश चौकसे निवासी आदर्श बिजासन नगर इंदौर नानाखेडा थाना पहुंचा और बस चालक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर टक्कर मारने वाली यात्री बस का पता लगाने के लिये आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखना शुरू किये है। बस-कार की टक्कर होने का एक मामला बुधवार सुबह सामने आया, स्कूली बस और कार के बीच सिंहस्थ बायपास मार्ग पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास टक्कर हुई थी। जिसमें कार क्षतिग्रस्त हो गई थी और कुछ स्कूली बच्चों को हल्की चोंट लगी थी, लेकिन मामला पुलिस देर शाम तक पुलिस के पास नहीं पहुंचा था।

### पैसे नहीं देने पर युवक के साथ ब्रिज पर मारपीट

**उज्जैन।** छोटी मायापुरी में रहने वाले सावन पिता मुकेश परिहार 27 साल के साथ गोपालपुरा ब्रिज से गुजरते समय 3 बदमाशों ने रास्ता रोक सब्बल, पाइप से मारपीट की और मोबाइल तोड़कर जान से मारने की धमकी दी। मारपीट में लगी चोंट के बाद सावन ने माधवनगर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि उसके साथ राज, अमन और एक अन्य ने मारपीट की है। तीनों ने रास्ता रोककर बोला था कि यह इलाका हमारा है। हमें शराब पीने के लिये रूपये देना होगें। मना करने पर राज ने सब्बल से अमन ने पाइप और उनके तीसरे साथी ने लात-घूसों से मारपीट की धमकी दी। पुलिस ने सावन की शिकायत पर तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया है। बताया जा रहा है कि घटनाक्रम 11 अगस्त की रात का है, घटना में सावन गंभीर घायल हुआ था, जिसका उपचार अस्पताल में चल रहा था, छुट्टी होने पर उसने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक मेडिकल कॉलेज में मौत

**उज्जैन।** अंकपात मार्ग श्रीकृष्ण कालोनी में रहने वाला आशीष पिता भगवानसिंह कौशल कुछ दिन पहले देवास में हुई दुर्घटना के दौरान गंभीर घायल हो गया था। उसे उपचार के लिये इंदौर ले जाया गया था, जहां से ऑपरेशन के बाद परिवार आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज ले आया था। जहां बुधवार दोपहर को आशीष की मौत हो गई। सूचना मिलने पर चिमनगंज थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया और शव को पोस्टमार्टम के लिये चरक अस्पताल लाया गया। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। मर्ग डायरी जांच के लिये संबंधित थाना पुलिस को भेजी जायेगी।

### मानसून की बेरूखी, अब भी 12 इंच की जरूरत

**उज्जैन।** जून-जुलाई में हुई बारिश के बाद अगस्त में झमाझम झडी की उम्मीद शहरवासियों को थी, लेकिन अगस्त माह में उम्मीद का मानसून दिखाई नहीं दिया और माह बीतने के बाद 24 इंच बारिश ही दर्ज की जा सकी। स्थानीय शासकीय वेधशाला के अनुसार शहर की औसतन बारिश का आंकडा 36 इंच है, जिसमें अब भी 12 इंच की जरूरत है। प्रदेश में मानसून का सिस्टम बन रहा है लेकिन उज्जैन में तेज बारिश नहीं हो पा रही है। आसमान में बादलों की आवाजाही बनी हुई, जिसके चलते उमस का वातावरण भी बनने लगा है। वैसे वर्षाकाल 15 सितंबर तक का है, शेष दिनों में अच्छी बारिश की संभावना बन रही है। विदित हो कि 15 जून से शुरू हुये वर्षाकाल के बाद एक बार भी क्षिप्रा नदी का रौद्र रूप दिखाई नहीं दिया है। ना ही गंभीर डेम के गेट खुल पाये है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 579-1 | 567-8 |
| मेन बाजार | 470-1 | 259-6 |
| कल्याण नाइट | 278-7 | 357-5 |
| मिलन डे | 560-1 | 266-4 |
| मिलन नाइट | 129-2 | 240-6 |
| मधुर डे | 559-9 | 469-9 |
| मधुर नाइट | 250-7 | 457-6 |
| शुभांक | 3 7 | 2 |

# कॉबिंग गश्त के बाद 355 वारंटियों से भरी लॉकअप

## गुंडे-बदमाशों को किया चैक, संदिग्धों की हुई धरपकड़





**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

अपराधियों पर अंकुश लगाने और फरार वारंटियों की धरपकड के लिये मंगलवार-बुधवार रात की गई कॉबिंग गश्त के बाद सुबह जिले के हर थानों की लॉकअप भरी दिखाई दी। रातभर में 355 वारंटियों को पकडा गया।

एसपी प्रदीप शर्मा के निर्देश पर जिले का पुलिस बल रात 11 बजे कॉबिंग गश्त पर निकला था। सुबह 4 बजे तक चली गश्त के दौरान पुलिस ने 215 गिरफ्तार वारंटी और 140 स्थायी वारंटियों को पकडा। जो लम्बे समय से कोर्ट पेशी पर उपस्थित नहीं हो रहे थे। न्यायालय ने उनके खिलाफ वारंट जारी किये थे। रात में हुई कार्रवाई के बाद सुबह हर थाने की लॉकअप भरी दिखाई दे रही थी। 11 बजे बाद सभी को मेडिकल परीक्षण के लिये शासकीय अस्पताल लाया गया और संबंधित कोर्ट में पेश किया गया। कॉबिंग गश्त के दौरान पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के जिलाबदर बदमाशों गुंडो और हिस्ट्रीशिटर बदमाशों को चैक किया। एक वसूली वारंटी भी पकडा गया। एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि जिले में कानून व्यवस्था को बनाये रखने के साथ आमजन में सुरक्षा का भाव उत्पन्न करने के लिये पुलिस द्वारा समय-समय पर कॉबिंग गश्त के साथ बदमाशों पर सख्त कार्रवाई का अभियान चलाया जाता है। आगे भी इसी तरह की कार्रवाई को जारी रखा जायेगा।

#### प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के 15 मामले

कॉबिंग गश्त के दौरान पुलिस ने संदिग्धों की धरपकड जारी रखी थी, इस दौरान 15 लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। एक आरोपी अवैध शराब के साथ हिरासत में आया, वहीं 2 बदमाशों के पास तलाशी के दौरान चाकू मिलने पर आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया। गश्त में 21 चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई की गई।

#### बदमाशों में दिखा पुलिस का खौफ

सावन माह समाप्त होने के बाद पुलिस ने मैदान संभाल लिया है। पिछले चार दिनों से पूरे जिले में सख्त चैकिंग अभियान, बदमाशों का जुलूस, चाकूबाजों की धरपकड के साथ ही जिले में रात 11 बजे बाद बाजार बंद करने का अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस को एक्शन में देख बदमाशों में खौफ दिखाई देने लगा है। रात 12 बजे शहर की सडकों पर सन्नाटा दिखाई दे रहा है और आमजन खुद को सुरक्षित महसूस कर रहा है।

### कैमरों की मदद से पुलिस ने लगाया पता, रिमांड पर 2 आरोपी....

# काम छोड़ चुके कर्मचारी ने चुराई थी जेसीबी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

हाइवे निर्माण में लगी जेसीबी चोरी का मामला सामने आने पर पुलिस ने आसपास क्षेत्र में लगे कैमरों के फुटेज देखे और 2 दिनों में चोरी करने वाले 2 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। एक बदमाश निर्माण कंपनी प्रोजेक्ट का पूर्व कर्मचारी होना सामने आया। दोनों को रिमांड पर लिया गया है।



खाचरौद थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया ने बताया कि 31 अगस्त को हाऊसिंग बोर्ड कालोनी में रहने वाले लक्ष्मण सिसौदिया ने शिकायत दर्ज कराई कि कंचनखेडी फंटे के पास ग्रीफ फील्ड हाइवे का निर्माण कार्य चल रहा है। जहां से 29 अगस्त की रात जेसीबी क्रमांक एमपी 13 डीए 1476 अज्ञात बदमाश चुराकर ले गये है। 2 दिनों तक तलाशी की लेकिन जेसीबी नहीं मिली। मामले में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर एसआई अमित डामर, प्रधान आरक्षक सुनीलसिंह बैस, यशपालसिंह सिसोदिया, महेन्द्र राडोदिया, जितेन्द्र दिवाकर, नारायण सरा, मनीष विश्वकर्मा और आरक्षक प्रफुल की टीम गठित कर क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखना शुरू किये। फुटेज से पता चला कि जेसीबी चोरी में 2 आरोपी शामिल थे, उनके जाने का रूट ट्रेस किया गया और 2 दिन की तलाश के बाद मकला फंटे से चोरी में शामिल शिवा पिता कृष्ण कमल पांडे 20 साल निवासी वार्ड 14 सरई, जिला सिंगरौली और डालचंद पिता सुरेशप्रसाद विश्वकर्मा 24 साल निवासी भादाबर, थाना ब?वारा जिला कटनी को गिरफ्तार कर लिया। दोनों की निशानदेही पर 25 लाख कीमत की जेसीबी बरामद की गई और बुधवार दोपहर कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिये एक दिन की रिमांड पर लिया गया।

#### रक्षाबंधन अवकाश का उठाया फायदा

पुलिस पूछताछ में पता चला कि शिवा पूर्व में हाईवे प्रोजेक्ट कंपनी में काम कर चुका था। काम छोडने के बाद उसे साइड की पूरी जानकारी थी। पूछताछ में उसने बताया कि उसे पता था कि रक्षाबंधन होने पर सभी मजदूर अपने घर चले गये थे। निर्माण कार्य पर सन्नाटा था, इसी का फायदा उठाकर उसने साथी के साथ जेसीबी चोरी को अंजाम दिया था। थाना प्रभारी के अनुसार शिवा के खिलाफ पूर्व में भी सिंगरौली में जेसीबी चोरी का मामला दर्ज होना सामने आया है।

# आजीवन सलाखों में रहेगें दोहरे हत्याकांड के 9 आरोपी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

खेत हांक रहे 2 बुजुर्गो की जमीन विवाद में तलवार-डंडे से हमला कर हत्या करने वाले 9 आरोपियों को न्यायालय ने आजीवन सलाखों में रखने की सजा सुनाई है। सभी आरोपियों को अर्थदंड से दंडित किया गया है।

मीडिया सेल प्रभारी कुलदीपसिंह भदौरिया ने बताया कि माकडोन थाना क्षेत्र के ग्राम बेरछी में 10 जुलाई 2018 को तराना के रहने वाले निर्भयसिंह, अनोखीलाल, भगवान सिंह और दिनेश ग्राम बेरछी में अपना खेत हांकने के लिए पहुंचे थे। ट्रेक्टर से खेत हांकने का काम किया जा रहा था। उसी दौरान जमीन विवाद को लेकर शंकर पिता बापू जाट, रतन पिता बापू जाट, राजमल पिता बापू जाट, सिद्धनाथ पिता राजमल, दिनेश पिता राजमल, रामदयाल पिता शंकर जाट निवासी ग्राम बेरछी माकडोन, मोडसिंह पिता रघु और उसके भाई प्रताप जाट निवासीगण भडसिंबा कायथा और सीताराम पिता प्रभुदयाल निवासी सुवागांव माकडोन ने एकमत होकर तलवार, डंडे से हमला कर दिया था। मौके पर निर्भयसिंह की मौत हो गई थी। अनोखीलाल ने अस्पताल में दम तोड दिया था। दोहरा हत्याकांड होने पर माकडोन पुलिस ने घायल हुए दिनेश की शिकायत पर सभी हमलावरों के खिलाफ धारा हत्या की धारा 302 और बलवे की धारा 147, 148, 149 भादवि का प्रकरण दर्ज किया था। आरोपियों की गिरफ्तार कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया था। 8 साल तक चली सुनवाई के बाद अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रेम साहू ने सभी आरोपियों को जघन्य हत्या का दोषी करार हुए आजीवन जेल की सलाखों में रखने की सजा सुनाई। प्रकरण में शिरिष उपासनी विशेष लोक अभियोजक द्वारा पैरवी की गई।

### नारायणा धाम में उमड़ा श्रद्धालुओं का हुजूम

**उज्जैन।** जन्माष्टमी महोत्सव के तहत श्री कृष्ण सुदामा धाम नारायणा में मध्य प्रदेश शासन और श्री कृष्ण सुदामा उत्सव समिति के संयुक्त प्रयासों से कृष्ण-सुदामा की सवारी राजसी ठाठ-बाट से निकाली गई। पुलिस बैंड की सुमधुर धुनों के बीच गार्ड ऑफ ऑनर देकर भगवान को सलामी दी गई। इसके बाद प्रजा का हाल जानने निकले भगवान की सवारी में ग्रामीण ढोल-धमाकों के साथ नाचते-गाते शामिल हुए।

#### प्रसाद नहीं लेने पर हुआ था विवाद, नाबालिग भी हिरासत में

### श्रद्धालु परिवार से मारपीट करने वाले का निकाला जुलूस



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

महाकालेश्वर मंदिर जाने से पहले फूल-प्रसाद नहीं लेने पर बुधवार सुबह श्रद्धालु परिवार के साथ मारपीट करने वाले दुकानदार और उसके नाबालिग साथी को कुछ घंटे बाद गिरफ्तार कर लिया गया। मुख्य आरोपी का पुलिस दोपहर में जुलूस निकाला और कोर्ट में पेश किया।

दिल्ली के मुबारकपुर स्थित शेरसिंह बाजार कोटला से योगेश पिता ओमप्रकाश साहू अपनी गर्भवती पत्नी नेहा कुमारी और परिवार के चार सदस्य आशादेवी, अंकिता, अंजली और आरव के साथ बाबा महाकालेश्वर के दर्शन करने उज्जैन पहुंचे थे। सुबह मंदिर जाते समय भारत माता मंदिर के पास से गुजरते समय उसे फूल प्रसाद बेचने वाले ने रोक लिया और प्रसाद की टोकरी लेने के लिये कहा। उसने श्रद्धालु परिवार से सामान भी सुरक्षित उसकी दुकान पर रखने की बात कहीं। योगेश साहू ने सौ रूपये देकर एक टोकरी फूल-प्रसाद की ली और जाने लगे। तभी दुकान पर काम करने वाले दूसरे युवक ने कहा कि आपके साथ 6 लोग है, आपको फूल-प्रसाद की 350 रूपये वाली 2 टोकरी लेना होगी। योगेश ने ज्यादा कीमत और 2 टोकरी लेने से मना कर दिया। जिस पर दुकानदार और उसके साथी ने गाली-गलौच शुरू कर दी, दुकान पर रखे सूटकेश भी रास्ते में पटक दिये। योगेश ने विरोध किया तो दोनों ने मारपीट शुरू कर दी। गर्भवती पत्नी बीच-बचाव में आई तो धक्का दे दिया। विवाद बढ़ता देख लोगों ने बीच-बचाव किया। साहू परिवार मामले की शिकायत लेकर महाकाल थाने पहुंचा। थाना प्रभारी गगन बादल ने श्रद्धालु परिवार के साथ हुई मारपीट का मामला दर्ज किया और आरोपियों की तलाश में टीम रवाना की। कुछ देर बाद दुकानदार सोनू बंजारा और उसके नाबालिग साथी को हिरासत में ले लिया गया। दोपहर में मारपीट के मुख्य आरोपी सोनू बंजारा को उसकी दुकान के सामने जुलूस निकाला। एएसआई शंकरलाल कनौजिया ने बताया कि सभी दुकानदारों को हिदायत दी गई कि श्रद्धालुओं के साथ अमानवीय व्यवहार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। सोनू बंजारा आगर नाके का रहने वाला है। जिसे कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया है। बताया जा रहा था कि योगेश साहू दिल्ली गृह मंत्रालय में आकाउंटेंट है और उनकी पत्नी साईंटिस्ट है। परिवार पहली बार महाकाल दर्शन करने उज्जैन आया था।

### उज्जैन संभाग अंतर्गत करीब 30 मार्ग भी इसमें शामिल...

# स्टेट हाईवे पर यूजर फीस का बोझ भी आएगा सफर करने वालों पर

## स्टेट हाईवे एक्ट में संशोधन के साथ यूजर फीस वसूलने का रास्ता साफ

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

मध्यप्रदेश स्टेट हाईवे एक्ट में संशोधन के साथ ही स्टेट हाईवे के इस्तेमाल पर यूजर फीस वसूलने का रास्ता साफ हो गया है। प्रदेश के साथ ही उज्जैन संभाग अंतर्गत 30 स्टेट हाइवे पर सफर करने वाले वाहन चालकों और माल परिवहन करने वालों की जेब पर आने वाले दिनों में अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है। हालांकि शुल्क किन सडक़ों पर और कितनी दर से लगाया जाएगा, यह सरकार के आगामी निर्णयों पर निर्भर करेगा।

मध्यप्रदेश स्टेट हाईवे एक्ट में संशोधन किया गया है और मध्यप्रदेश राजमार्ग (संशोधन) विधेयक-2026 का गजट नोटिफिकेशन जारी हो चुका है। इस संशोधन के साथ ही स्टेट हाईवे के इस्तेमाल पर यूजर फीस वसूलने का रास्ता साफ हो गया है। स्टेट हाईवे एक्ट में संशोधन के नए प्रावधान लागू होने के बाद सरकार किसी भी स्टेट हाईवे या उसके किसी हिस्से को यूजर फीस के दायरे में ला सकेगी। खास बात यह है कि यह शुल्क मौजूदा टोल और वैट से अलग होगा। ऐसे में सडक़ से गुजरने वाले वाहनों के लिए परिवहन लागत बढने की संभावना है। मध्यप्रदेश में 12 हजार किमी से ज्यादा लंबा स्टेट हाईवे नेटवर्क है। नए प्रावधान के तहत इस नेटवर्क में शामिल किसी भी हाईवे या उसके हिस्से को यूजर फीस के दायरे में लाया जा सकता है। इसमें उज्जैन संभाग का बडा हिस्सा है।

**संभाग की ये सडकें प्रभावित हो सकती है यूजर फीस से-** संभाग में स्टेट हाईवे के तहत लेबड-जावरा-नयागांव, उज्जैन-जावरा, उन्हेंल-इंगोरिया-देपालपुर, मंदसौर -सीतामऊ, सीतामऊ-बसई, रतलाम-बांसवाडा, मंदसौर-प्रतापगढ, आगर-सारंगपुर, उज्जैन-मक्सी, देवास-नेवरी, शाजापुर-बेरछा, शाजापुर-कानड-दुपाडा-नलखेडा, शाजापुर -अकोदिया-सारंगपुर, नीमच-सिंगोली, नीमच-मनासा-रामपुरा, जावरा-आलोट-आगर, कन्नोद-आष्टा, नेवरी-चापडा-हाटपिपल्या, गोगापुर-महिदपुर-घोंसला, सुंदरसी-पोलाय कलां, नलखेडा-छापीहेडा, भानपुरा-गरोठ-सुवासरा, सोनकच्छ-गंधर्वपुरी, ताल-गोगापुर सहित अन्य मार्ग शामिल हैं।



**कई मार्ग एसएच से एनएच में-** उज्जैन संभाग में स्टेट हाइवे में शामिल कुछ मार्ग को नेशनल हाईवे घोषित कर दिया गया है। स्टेट हाईवे उज्जैन-मक्सी-36.50 किमी का फोरलेन उन्नयन किया जा रहा है। कुछ को सिंहस्थ-2028 को देखते हुए फोरलेन / ग्रीनफील्ड बना रहे हैं। इनमें इंदौर-उज्जैन व्हाया फतेहाबाद शामिल हैं। उज्जैन-बदनावर - 69.10 किमी - अब नेशनल हाइवे घोषित हो चुका है, जो पहले स्टेट हाईवे-59 था। उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड - 98.650 किमी - 102 किमी सिक्स लेन ग्रीनफील्ड के रूप में बन रहा है। संभाग के 6 जिले उज्जैन, आगर-मालवा, शाजापुर, रतलाम, मंदसौर, नीमच के कुछ प्रमुख स्टेट हाईवे को ही जोडें तो उनकी कुल लंबाई लगभग 400-450 किमी है। उज्जैन-मक्सी, उज्जैन-बदनावर, उज्जैन-जावरा पर अभी निर्माण के बाद टोल प्रस्तावित हैं, अभी अलग से स्थायी टोल शुरू नहीं हुआ है। नए ग्रीनफील्ड हाईवे पर भी सिंहस्थ-2028 तक टोल बूथ का प्रावधान रखा गया है।

**संशोधन की धारा 8-ए के तहत यूजर फीस-**संशोधित कानून की धारा 8-ए के तहत राज्य सरकार स्टेट हाईवे या उसके किसी हिस्से के इस्तेमाल से जुड़ी सेवाओं के लिए निर्धारित दरों पर यूजर फीस लगा सकेगी। सरकार सडक़ के विकास, रखरखाव, प्रबंधन और संचालन के लिए किसी एजेंसी या निजी संस्था के साथ समझौता भी कर सकेगी। समझौते के तहत संबंधित एजेंसी या व्यक्ति को यूजर फीस वसूलने और तय शर्तों के अनुसार उसका हिस्सा अपने पास रखने का अधिकार दिया जा सकता है। यानी भविष्य में किसी स्टेट हाईवे पर वाहन चालक को मौजूदा टोल के अलावा यूजर फीस भी देनी पड़ सकती है।

**रखरखाव में बढ रहा निवेश-** स्टेट हाईवे के विकास और रखरखाव में लगातार बढ़ रहे निवेश को देखते हुए इसके लिए अतिरिक्त और व्यवस्थित राजस्व स्रोत जरूरी है। इधर सामने आ रहा है कि यूजर फीस की दर मनमाने तरीके से तय नहीं होगी। इसके लिए सडक़ निर्माण और रखरखाव की लागत, प्रबंधन एवं संचालन खर्च, निवेश की गई पूंजी पर ब्याज, उचित रिटर्न, सडक़ पर वाहनों की संख्या और समझौते की अवधि जैसे पहलुओं को ध्यान में रखा जाएगा।

उठावना



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि महंत रमेश दास जी बैरागी, महंत पुरूषोत्तम दास जी बैरागी के बड़े भाई एवं महंत संजय जी बैरागी (मैनेजर, ग्लोबल हॉस्पिटल, उज्जैन) के पूज्य पिताजी तथा अक्षित एवं विनायक के पूज्य दादाजी

**महंत कैलाश दास जी बैरागी**

(बड़ौद वाले मास्टर साहब)

का स्वर्गवास दिनांक 01.09.2026, मंगलवार को हो गया है। **जिनका उठावना दिनांक 03.09.2026, गुरूवार को सायं 04 बजे श्री महाकाल परिसर, अरविंद नगर, कोयला फाटक, जैन मंदिर, मनोरमा गार्डन के पास, उज्जैन पर रखा गया है।**

:: शोकाकुल ::

**समस्त वैष्णव बैरागी परिवार**

मोबाईल : 9827080449, 9131310446, 9691356235

# कुरुक्षेत्र हमारे भीतर



जीवन में जीत-हार का क्या मतलब है? एक जिज्ञासु ने यह सवाल किया, मगर यह प्रश्न तो बहुत लोगों के मन में उठता होगा। महाभारत का कुरुक्षेत्र केवल ऐतिहासिक युद्धभूमि नहीं है, आध्यात्मिक दृष्टि से देखें, तो यह मनुष्य के भीतर चलने वाले उस सतत संघर्ष का प्रतीक है, जिसमें एक ओर आत्मोन्मुखी शक्तियां हैं और दूसरी ओर मन को पतन की ओर ले जाने वाली प्रवृत्तियां। भगवद्गीता का आरंभ ही इस आंतरिक संघर्ष को सामने रखता है। धृतराष्ट्र इस कथा में अंधे राजा हैं, पर उनकी अंधता आंखों की नहीं, मन की भी है। अज्ञान और आसक्ति से घिरा हुआ मन सत्य को देखने में असमर्थ हो जाता है।

कहा गया है, मन के दस अंग या एजेंट हैं और प्रत्येक दस दिशाओं में कार्य कर सकता है। दस को दस से गुणा करें, तो संख्या सौ होती है। इस प्रकार, अंधे और विकृत मन के सौ एजेंट माने गए हैं। महाभारत में धृतराष्ट्र के भी सौ पुत्र हैं- दुर्योधन, दु:शासन और उनके अन्य भाई। आध्यात्मिक प्रतीक के रूप में ये सौ पुत्र मन की उन सौ प्रवृत्तियों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो मनुष्य को बाहर की दुनिया में उलझाए रखती हैं और उसके भीतरी विवेक को कमजोर करती हैं। इसके विपरीत हैं पांडव-पांडु के पुत्र। यहां पांडु शब्द की व्याख्या भी अर्थपूर्ण है। संस्कृत की धातु पंड् का संबंध आत्मबोध या आत्म-साक्षात्कार से माना गया है। इसीलिए पंडित शब्द का अर्थ भी केवल विद्वान नहीं है, बल्कि हर उस व्यक्ति से जुड़ता है, जिसने वास्तविक ज्ञान या आत्म-बोध प्राप्त किया हो। आत्म-साक्षात्कार की दिशा में चलने वाला साधक ही इस अर्थ में पांडु का प्रतिनिधि है। मनुष्य के भीतर सुप्त दिव्यता मौजूद है। साधना का उद्देश्य उसी दिव्यता को जागृत करना और उसे क्रमशः ऊर्ध्वगामी बनाते हुए सहस्रार चक्र तक ले जाना है। इसके लिए साधक को पांच प्रमुख अवस्थाओं से गुजरना पड़ता है- मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपुर, अनाहत और विशुद्ध। ये अवस्थाएं पंच-तत्वात्मक संसार के पांच नियंत्रक बिंदुओं के रूप में देखी जाती हैं। साधना के मार्ग पर ये साधक के सहायक बनते हैं और उसे अपने सर्वोच्च स्वरूप की अनुभूति की ओर ले जाते हैं। इसलिए पांडवों की संख्या भी पांच है। युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, नकुल और सहदेव, साधना-पथ की पांच सहायक शक्तियों के प्रतीक के रूप में भी देखे जा सकते हैं। इस दृष्टि से महाभारत का युद्ध बाहर की किसी भूमि पर होने वाला युद्ध भर नहीं रह जाता। वास्तविक कुरुक्षेत्र तो मनुष्य के भीतर है। गीता का संदेश इसी आंतरिक युद्ध से जुड़ा है। मनुष्य को अपनी नकारात्मक प्रवृत्तियों से भागना नहीं है, उनका साहसपूर्वक सामना करना है।



सम्पादकीय

## पाकिस्तान की फजीहत

किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक के एससीओ (शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गेनाइजेशन) शिखर सम्मेलन की तस्वीर जारी करते हुए पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के कार्यालय ने एक बार फिर साबित किया कि हमारे पड़ोस का सत्ता-प्रतिष्ठान किस कदर भारत-ग्रंथि का शिकार है। इस मौके की तस्वीरें साझा करते हुए पाकिस्तानी वजीर-ए-आजम के दफ्तर ने जान-बूझकर भारतीय प्रधानमंत्री की तस्वीर काटकर जारी की। उसकी इस हरकत से दुनिया भर में पाकिस्तान का बौनापन उजागर हुआ है। हालांकि, सोशल मीडिया में फजीहत के बाद उसने पूरा फोटो जारी किया, तब तक तो उसकी जगहंसाई हो चुकी थी। उसके राजनीतिक और फौजी नेतृत्व से शालीनता की अपेक्षा तो वैसे की भी नहीं जाती, क्योंकि इस देश की बुनियाद ही नफरत पर पड़ी है, पर क्या इसका शीर्ष राजनयिक नेतृत्व भी बौद्धिक रूप से इतना कंगाल हो गया है कि उसे इस बात का भी अंदाजा नहीं है, ऐसी संकीर्णताओं से देश की छवि दमकती नहीं, कलंकित होती है। भारतीय राजनय और राजनीतिक नेतृत्व की वैश्विक स्वीकृति से कुंठित होने के बजाय इस्लामाबाद को यह समझने की जरूरत है कि देश का वकार किन वजहों से बढ़ता है। भारत को यह हैसियत यूं ही नहीं मिली है। इस मुकाम तक पहुंचने के लिए उसने आजादी के बाद से आज तक अनथक परिश्रम किया है।

सदियों से दुनिया के विभिन्न देशों में प्रतिस्पर्द्धा रही है और यह होनी भी चाहिए, पर मूल सवाल यह है कि इसकी कसौटी क्या होनी चाहिए? जिन देशों ने अपने नागरिकों की समृद्धि, खुशहाली और वैश्विक प्रतिष्ठा को आपसी होड़ की कसौटी के रूप में अपनाया, वे तरक्की करते गए। दुर्योग से अपने जन्म के समय से ही पाकिस्तान की तमाम नीतियां भारत-विद्वेष से प्रेरित रही हैं। नतीजतन, एक दौर में इस उप-महाद्वीप में अच्छी आर्थिक स्थिति वाला यह देश आज कभी बीजिंग, कभी रियाद, तो कभी आईएमएफ के दरवाजे पर हाथ फैलाए खड़ा दिखता है। पाकिस्तान की प्रतिष्ठा का आलम यह है कि अफगानिस्तान जैसा पिछड़ा देश भी इसकी संप्रभुता को चाक-चाक कर जाता है। पीओके से लेकर बलूचिस्तान तक के बाशिंदे इससे अलग होने को लेकर आंदोलित हैं, मगर इसका नेतृत्व अपने लोगों में ईरान-अमेरिका झगड़े में पंच बनने का भ्रम परोस रहा है। निस्संदेह, हमारी सुरक्षा एजेंसियों व राजनयिकों को पाकिस्तानी गतिविधियों पर पैनी नजर रखनी चाहिए, मगर उससे किसी किस्म की तुलना से बचने की जरूरत है।

यथार्थ के धरातल पर

# वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम तिमाही में आर्थिक विकास दर ने चौंकाया

दिनांक 31 अगस्त 2026 को सायंकाल में केंद्र सरकार ने भारत के वित्तीय वर्ष 2026.27 की प्रथम तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर के आंकड़े जारी किए हैं। विश्व बैंक एवं अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष सहित अन्य वैश्विक संस्थानोंए एसोचेम भारतीय रिजर्व बैंक आदि के अनुमानों को धत्ता बताते हुए अप्रेल-जून 2026 की तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है।



प्रहलाद सबनानी (दैनिक अवन्तिका)

जबकिए उक्त संस्थानों ने उक्त अवधि में 6.5 प्रतिशत से 7 प्रतिशत के बीच की वृद्धि दर का अनुमान लगाया था। उक्त वृद्धि दर वैश्विक स्तर पर विभिन्न प्रकार की आर्थिक समस्याओं के बीच हासिल हुई हैए इसलिए भारत के लिए यह एक मील का पत्थर साबित होगी। रूस-यूक्रेन युद्ध तो बहुत लम्बे समय से चल रहा है। ईरान.अमेरिकाध्इजराईल युद्ध भी इस तिमाही में जारी रहाए जिसके चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि देखने को मिली थी। एक समय तो कच्चे तेल की कीमतें 120 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक पहुंच गई थीं। ज्ञातव्य हो कि भारत अपनी जरूरत का 80 प्रतिशत से अधिक कच्चा तेल आयात करता है। ईरान द्वारा स्ट्रेट ओफ होर्मुज को बंद करने के पश्चात इस मार्ग से गुजरने वाले तेल के जहाजों को रोक दिया गया था एवं कच्चे तेल की आपूर्ति पर इसका विपरीत प्रभाव पड़ा था। परंतुए भारत ने इस दयनीय स्थिति को बहुत ही सूझ बूझ के साथ सम्भाला और अन्य कई देशों से तेल एवं गैस का आयात जारी रखाए जिससे भारत में न तो तेल की आपूर्ति कम हुई और न ही भारत में पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों में भारी वृद्धि हुई। जबकि अन्य कई देशों में तो पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज हुई है।

भारत के युवाओं जेन-जी को इस बात को समझना होगा कि भारत आज आर्थिक विकास के जिस दौर से गुजर रहा हैए वह बहुत ही संवेदनशील है। यदि देश में किसी भी प्रकार की अराजकता फैलायी जाती है तो आर्थिक विकास की पटरी से भारत डीरेल हो सकता है। आगे आने वाले 10 वर्षों तक भारत यदि विकास दर की इसी ट्रेजेक्टरी में अपने आप को बनाए रखने में सफल होता है तो भारत के वर्ष 1947 में विकसित राष्ट्र बनने के सपने को साकार होने से कोई रोक नहीं सकता है। अर्थ के लगभग प्रत्येक क्षेत्र में अप्रेल.जून 2026 तिमाही में सराहनीय वृद्धि दर हासिल की गई है। सकल मूल्य संवर्धन में वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत की रही है जो अप्रेल.जून 2025 की तिमाही में 7 प्रतिशत की रही थी। विनिर्माता के क्षेत्र में वृद्धि दर पिछले वर्ष की तिमाही में 8.3 प्रतिशत की रही थी जो इस वर्ष की तिमाही में बढ़कर 9.2 प्रतिशत की हो गई है। इसी प्रकार सेवा के क्षेत्र में भी आर्थिक विकास दर इस वर्ष की प्रथम तिमाही में बढ़कर 10 प्रतिशत पर पहुंच गई जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 8 प्रतिशत रही थी। भारत की अर्थव्यवस्था उपभोग आधारित हैए अतः निजी उपभोग में इस वर्ष की तिमाही में 7.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 6.8 प्रतिशत रही थी। सकल स्थिर पूंजी निर्मा.ा में भी अतुलनीय 11.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में केवल 5.8 प्रतिशत की रही थी। इसी प्रकारए रोजगार निर्मित करने वाले क्षेत्रों में भी विकास दर प्रभावशाली रही है। वित्तीय क्षेत्र में वृद्धि दर 12.1 प्रतिशत की दर्ज हुई है तो व्यापारए होटलए यातायात एवं संचार के क्षेत्र में 8.5 प्रतिशत की विकास दर हासिल की गई है। साथ ही गैस एवं विजली उत्पादन में भी वृद्धि दर 8.9 प्रतिशत की रही है।

वित्तीय वर्ष 2026.27 की प्रथम तिमाही में सराहनीय विकास दर हासिल करने को केंद्र सरकार की योजनाओं की सफलता के रूप में भी देखा जा सकता है। केंद्र सरकार ने मेक इन इंडिया नामक योजना को तेजी से आगे बढ़ाया है और इसने भारत को कई क्षेत्रों में आत्म निर्भर बनाने का कार्य सफलतापूर्वक किया है। विशेष रूप से सूचना प्रौद्योगिकी, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, डिजिटल भुगतानए फिन टेकए इंजिनीयरिंग डिजाइनए व्यापार परामर्शए वैश्विक ग्लोबल योग्यता सेंटरए आदि क्षेत्रों में भारत आज पूरे विश्व में लीड कर रहा है। मेक इन इंडिया योजना ने भारतीय नागरिकों में जोश भरा और भारत की प्रतिभा का डंका पूरे विश्व में बज गया है।दूसरेए भारत में उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना को भी लागू किया गया। इस योजना ने भारत को उपभोक्ता बाजार से निकालकर मजबूत वैश्विक विनिर्मा.ा हब में बदल दिया है। उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 14 प्रमुख क्षेत्रों में करीब 2.3 लाख करोड़ रुपए का निवेश हुआ हैए 16.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक का कुल उत्पादन हुआ है एवं 12 लाख से अधिक रोजगार के नए अवसर निर्मित हुए। इसके उपरांत प्रारम्भ हुई प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के अंतर्गत सड़कए रेलए बंदरगाहए एयरपोर्ट और लाजिस्टिक को पहली बार इंटीग्रेटेड तरीके से जोड़ने की कोशिश की गई। समर्पित मालवाहक गलियारों का निर्मा.ा तो इस दृष्टि से मील का पत्थर साबित हुए हैं। नए एक्स्प्रेस वे ने माल ढुलाई का समय घटाया। लागत को कम किया और भारतीय उत्पादों को वैश्विक बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बनाया। 86.300 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निर्यात इस सफलता की कहानी को दर्शाता है।

निर्यात में अतुलनीय वृद्धि दर उस समय पर हासिल की गई है जब अमेरिका की टैरिफ नीति ने पूरे विश्व को परेशान किया हुआ है। साथ हीए रूस यूक्रेन युद्धए ईरान इजराईल.अमेरिका युद्धए इजराईल हमास युद्ध एवं वैश्विक स्तर पर अस्थिरता का बने रहना भी शामिल है। इन परिस्थितियों के बीच भारत ने उत्पादों एवं सेवा के क्षेत्र में निर्यात का रिकार्ड बनाया है। जबकि कई देशों की अर्थव्यवस्थाओं में सुस्ती बनी हुई है। भारत के कुल निर्यात में सेवा क्षेत्र की कुल हिस्सेदारी तेजी से बढ़ रही है। यदि भारत को चीन जैसी विनिर्माता क्षेत्र की ताकत बनाना है तो भारत को हाई वैल्यू मैन्युफेक्चरिंग, सेमीकंडक्टर, मशीनरी, और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग के क्षेत्र को और अधिक मजबूत करना होगा। घरेलू उत्पाद बढ़ाकर न केवल उत्पादों के आयात को कम किये जाने का प्रयास किया जा रहा है बल्कि वैश्विक बाजार में अपनी हिस्सेसरी भी बढ़ाई जा रही है। भारत में हाल ही में आई मोबाइल एवं इलेक्ट्रॉनिक क्रांति का भी इसमें बहुत बड़ा योगदान है। वर्ष 2014 में भारत में केवल 2 मोबाइल उत्पादन इकाईयां कार्यरत थीं। आज भारत मोबाइल निर्माण के क्षेत्र में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा निर्माता देश बन गया है।

## दीवानी कचहरी

कस्बे की पुरानी दीवानी कचहरी के अहाते में खड़ा सौ साल पुराना बरगद गवाह है कि यहाँ न्याय उतना ही दुर्लभ है जितना सरकारी दफ्तर में बिना रिश्वत का काम। उसी बरगद के नीचे लकड़ी का एक चौड़ा और घिसा-पिटा खाली तख्त रखा हुआ था जिसकी पॉलिश बरसों की गर्द और व्यवस्था की मार से उड़ चुकी थी। उस तख्त के चारों पायों में ईंटों के टुकड़े लगे थे क्योंकि कचहरी की जमीन पर सच्चाई और लकड़ी का तख्त दोनों ही बिना सहारे के नहीं टिक सकते। कचहरी में हर रोज सुबह दस बजते ही मुंशियों की कतारें सज जाती थीं जैसे किसी मेले में ठगों की टोली जुटी हो। टाइपिस्टों की मशीनों की खटखट से पूरा परिसर ऐसे गूँजता था मानो ईमानदारी का गला घोंटा जा रहा हो और काले कोट पहने वकीलों का हुजूम तारीखों की आपाधापी में ऐसे दौड़ता था जैसे नरक में पापी अपनी सजा कम कराने के लिए भाग रहे हों।

इस आपाधापी के बीच रामप्रसाद काका अपनी लाठी के सहारे ठीक दस बजे आकर उसी खाली तख्त के एक कोने में अपनी पुरानी चटाई बिछाकर बैठ जाते थे। सफेद खद्दर का झोला कंधे पर लटकाए काका ऐसे दिखते थे जैसे कोई मरा हुआ सिद्धांत कब्र से निकलकर बाहर आ गया हो। काका दिन भर उस तख्त के खाली पड़े हिस्से को ऐसे टकटकी लगाकर ताकते थे जैसे कोई नेता चुनाव जीतने के बाद अपनी कुर्सी को देखता है। काका अपने झोले में से एक खाली दवात और बिना निब वाला पुराना होल्डर निकाल कर तख्त पर सजा देते थे क्योंकि हमारे देश में प्रतीक हमेशा यथार्थ से ज्यादा वजनदार होते हैं। जब कचहरी का चायवाला छोटू उधर से निकलता तो काका उससे ऐसे पूछते मानो वह कानून मंत्री हो कि क्या आज बड़े मुंशी जी के बस्ते से कोई नया हुक्मनामा निकला या आज भी सिर्फ तारीख का पन्ना ही पलटा गया है। छोटू बस सिर झुका लेता क्योंकि उसे पता था कि कचहरी में हुक्मनामा सिर्फ पैसे वालों की जेब से निकलता है।



## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 03 सितंबर 2026 गुरुवार
सूर्योदय - 06:13 सूर्यास्त 18:39
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 13:30 से 15:00 तक
तिथि - सप्तमी 02:36 उपरांत अष्टमी
नक्षत्र - कृतिका 24:29 उपरांत रोहिणी
योग - व्याघात 18:33 उपरांत हर्षण
करण - विष्टि
चन्द्रमा - मेष में है। 07:28 पर वृषभ में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - रवि उलावल मास 20 तारिख

**मेष-** कार्यक्षेत्र में काम की गति तेज होगी, आपके प्रदर्शन की प्रशंसा होगी। ऊर्जा बनी रहेगी।

**वृषभ-** कारोबारी हैं तो व्यापार में रुका हुआ धन वापस मिलने के योग हैं। लव पार्टनर के साथ सामंजस्य अच्छा रहेगा।

**मिथुन-** वित्तीय लाभ होगा, लेकिन जल्दबाजी में निर्णय न लें। ताजगी का अनुभव होगा।

**कर्क-** नौकरी में बदलाव या नई भूमिका की बात बन सकती है। मानसिक तनाव दूर रहेगा, हल्का महसूस करेंगे।

**सिंह-** आपके व्यापार में स्थिरता रहेगी, जोखिम वाले सौदों से बचें। आय के नए स्रोत सामने आ सकते हैं।

**कन्या-** कार्यस्थल पर काम का बोझ रहेगा, लेकिन समय पर काम पूरा करने में सफल रहेंगे।

**तुला-** कारोबारी हैं तो हिसाब-किताब में सतर्कता बरतें। प्रेम रिश्ते में गलतफहमी से बचें, स्पष्ट बात करें।

**वृश्चिक-** धन का प्रवाह सामान्य रहेगा, बजट का पालन करें। पाचन संबंधी छोटी समस्या हो सकती है, हल्का भोजन लें।

**धनु-** कार्यक्षेत्र में किस्मत का साथ मिलेगा, महत्वपूर्ण निर्णय लेने का सही समय है। कार्यस्थल पर आपके काम की सराहना होगी।

**मकर-** कारोबारी हैं तो व्यापार में बड़ा लाभ होने के आसार हैं। प्रेम रिश्तों में नयापन आएगा, दिन यादगार रहेगा।

**कुंभ-** धन लाभ के नए मार्ग खुलेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा, ऊर्जा का स्तर ऊंचा रहेगा।

**मीन-** पदोन्नति के संकेत हैं। कारोबार में व्यापारिक साख बढ़ेगी, मुनाफा अच्छा रहेगा। जीवनसाथी के साथ रिश्ते और गहरे होंगे।

समसामयिक

## ऐ भाई, जरा देख कर चलो

इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया में तमाम तरह के मामलातों को लेकर परस्पर विरोधाभासी बातों की बहुतायत है। जिसे लेकर लगभग किसी भी विषय पर आम नागरिक एक राय नहीं बना सकते। कहीं-कहीं तो कुछ राजनीतिक एवं सामाजिक तौर पर लब्ध प्रतिष्ठित शख्सियत के चाल चलन , चरित्र और व्यवहार पर गहरा आक्षेप तक व्यक्त कर दिया गया है। वैसे तो प्रिंट मीडिया तमाम तरह के मसालेदार समाचारों को भी अपनी गरिमा एवं जिम्मेदारी के भाव के साथ प्रकाशित करता है। लेकिन व्यवहार में देखा गया है कि सोशल मीडिया में कब, कहां, कौन, किसको निशाने पर धर लेवे ? इस बारे में पक्के तौर पर कुछ नहीं कहा जा सकता।



राजेंद्र बज (दैनिक अवन्तिका)

नई पीढ़ी का रुझान तो तकनीकी विकास एवं विस्तार के चलते प्रिंट मीडिया के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक तथा सोशल मीडिया पर भी काफी हद तक विश्वास से भरा होता है। जिसके चलते आए दिन अलग-अलग क्षेत्र की लब्ध प्रतिष्ठित शख्सियत को निशाने पर लिए जाने के चलते जनमानस के किसी कोने में संदेह का बीज भी अंकुरित हो जाता है। कभी-कभी तो सोशल मीडिया में अधूरा सच राजनीतिक और सामाजिक ही नहीं अपितु स्थापित धार्मिक शख्सियत को भी लपेटे में ले लिया करता है। कल्पना कीजिए जब एक स्थापित शख्सियत को लेकर ऊलजुलूल टिप्पणी कर दी जाए, फिर चाहे उसका खेद प्रकट कर दिया जाए। लेकिन तीर तो निशाने पर लग चुका होता है, जिसका घाव निशान छोड़ देता है।

इन संदर्भों में यह अत्यंत आवश्यक है कि सार्वजनिक जीवन में काम करने वालों को अपने आचरण और व्यवहार में शुचिता और पवित्रता को आत्मसात करना चाहिए। यह ठीक है कि सार्वजनिक क्षेत्र में काम करने वालों की भी अपनी संविधान सम्मत कुछ स्वतंत्रता भी होती है। लेकिन अपने चरित्र पर कोई दाग न लगने पाए, ऐसा आचरण और व्यवहार भी अपेक्षित होता है। दरअसल आजकल के दौर में आम आदमी का व्यक्तिगत जीवन भी किसी से अछूता नहीं रह गया है। ऐसे में सार्वजनिक क्षेत्र में काम करने वाली शख्सियत को तो अपने और अपने क्षेत्र के मान सम्मान और स्वाभिमान के लिए एक प्रकार से पारदर्शी व्यक्तित्व का परिचय देना ही चाहिए।

आजकल हर तरह की घटनाएं पलक झपकते ही जाने किस-किस के संज्ञान में आ जाया करती है। जिसके चलते जहां सकारात्मक बातों का भी संदेश जाता है तो नकारात्मक बातों का भी गहरा संदेश जाता है। इसके चलते एक सकारात्मक बात की अपेक्षा नकारात्मक मुद्दों को ही अधिक हवा मिलने लगती है। जिसका परिणाम यह होता है कि जिन्हें अपने दामन पर दाग न लगने देना हो, वह भूल कर भी राजनीतिक या सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करने को उत्सुक नहीं रहता। यह स्थिति राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र को असामाजिक वर्ग के लिए खुला छोड़ देती है। यही नहीं अपितु निकट भविष्य में भयावह परिणाम का कारक भी हो सकती है। ऐसे में भला कौन मानुष सार्वजनिक जीवन को अपनाएगा ?

इसके अतिरिक्त एक गहन चिंता का विषय यह भी है कि जो शख्सियत सार्वजनिक जीवन में सक्रिय होती है, फिर चाहे वह राजनीति में हो या समाज सेवा में, उनके दामन पर लगता दाग राजनीति और समाज के साथ-साथ आम आदमी के व्यक्तिगत एवं सामाजिक जीवन को भी बुरी तरह से प्रभावित करता है। हालांकि व्यभिचार जैसे मामलों की स्थिति एकपक्षीय ही हो, यह आवश्यक नहीं है। वैसे भी परस्पर सहमति से बहुतेरे व्यभिचार आजकल के दौर में व्यभिचार की श्रेणी में नहीं आते। लेकिन इसका यह अर्थ कदापि नहीं कि राजनीतिक तथा सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय शख्सियत अपनी स्वतंत्रता को उच्छृंखलता का जामा पहने दें।

# बेड से लेकर बाथरूम तक इन जगहों पर भोजन करना माना जाता है अशुभ!

वास्तु शास्त्र में घर की सुख शांति एवं समृद्धि के लिए कई तरह के नियम बताए गए हैं। इन्हीं में भोजन करने से जुड़े कुछ नियम भी शामिल हैं। मान्यता है कि भोजन केवल शरीर की भूख मिटाने का साधन नहीं है बल्कि इसे घर की सकारात्मक ऊर्जा और सुख समृद्धि से भी जोड़कर देखा जाता है। यही वजह है कि खाना खाते समय जगह साफ हो और आसपास का वातावरण शांत हो इसका विशेष ध्यान रखने की सलाह दी जाती है। आजकल व्यस्त जीवनशैली में लोग सुविधा के अनुसार कहीं भी बैठकर खाना शुरू कर देते हैं। कई लोगों को टीवी या मोबाइल देखते हुए बेड पर भोजन करने की आदत होती है जबकि वास्तु मान्यताओं के अनुसार कुछ जगहों पर बैठकर खाना शुभ नहीं माना जाता।

सबसे पहले बेड पर बैठकर खाना खाने की आदत से बचने की सलाह दी जाती है। आज के समय में टीवी देखते हुए या मोबाइल चलाते हुए बिस्तर पर खाना खाना आम हो गया है लेकिन वास्तु के अनुसार भोजन के लिए बेड को उचित स्थान नहीं माना जाता। मान्यता है कि ऐसा करने से घर के वातावरण में नकारात्मकता बढ़ सकती है और मानसिक शांति प्रभावित हो सकती है। इसके अलावा खाने के टुकड़े बिस्तर पर गिरने से गंदगी और साफ सफाई से जुड़ी परेशानियां भी बढ़ सकती हैं।



इसी तरह घर के मुख्य दरवाजे के बिल्कुल पास बैठकर भोजन करने से भी बचने की सलाह दी जाती है। मुख्य द्वार घर में आने जाने का प्रमुख स्थान होता है और यहां लगातार लोगों की आवाजाही रहती है। वास्तु मान्यताओं के अनुसार इस जगह पर बैठकर भोजन करने से घर की सकारात्मक ऊर्जा प्रभावित हो सकती है और सुख समृद्धि में बाधा आने की आशंका मानी जाती है। इसलिए भोजन के लिए घर की कोई शांत और स्वच्छ जगह चुनना बेहतर माना जाता है।

बाथरूम के सामने या उसके बिल्कुल आसपास बैठकर खाना खाने से भी बचना चाहिए। वास्तु शास्त्र में भोजन के स्थान की स्वच्छता को काफी महत्वपूर्ण माना गया है। बाथरूम के पास भोजन करने से वातावरण की स्वच्छता और सकारात्मकता प्रभावित होने की मान्यता है। इसलिए कोशिश करनी चाहिए कि भोजन हमेशा साफ और व्यवस्थित स्थान पर ही किया जाए। टूटे हुए या गंदे बर्तनों में भोजन करना भी वास्तु के अनुसार अच्छा नहीं माना जाता। प्लेट कटोरी या गिलास टूट गया हो तो उसे इस्तेमाल करने के बजाय अलग कर देना बेहतर माना जाता है। मान्यता है कि टूटे बर्तन घर की सकारात्मकता और सुख शांति को प्रभावित कर सकते हैं। इसी तरह भोजन हमेशा साफ बर्तनों में करना चाहिए ताकि स्वच्छता के साथ सकारात्मक माहौल भी बना रहे।

अंधेरी या बहुत कम रोशनी वाली जगह पर भोजन करने से भी बचने की सलाह दी जाती है। भोजन करते समय पर्याप्त रोशनी और साफ वातावरण होना जरूरी माना जाता है। वास्तु मान्यताओं के अनुसार ऐसी जगह भोजन करना बेहतर होता है जहां प्राकृतिक या कृत्रिम रोशनी पर्याप्त हो।

वहीं भोजन के लिए साफ शांत और व्यवस्थित स्थान को शुभ माना जाता है। पारंपरिक वास्तु मान्यताओं के अनुसार पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुंह करके भोजन करना अच्छा माना जाता है। जमीन पर आराम से बैठकर भोजन करना भी भारतीय परंपरा में शुभ और सुविधाजनक माना गया है। हालांकि ये बातें वास्तु से जुड़ी मान्यताएं हैं वैज्ञानिक रूप से इनका आर्थिक स्थिति पर सीधा प्रभाव प्रमाणित नहीं है।


धर्म-आस्था

# मंत्र तो कोई भी पढ़ सकता है, फिर गुरु से दीक्षा क्यों?

भारतीय आध्यात्मिक परंपरा में दीक्षा का एक गहरा महत्व है। अधिकतर लोग समझते हैं कि दीक्षा का अर्थ केवल किसी गुरु से किसी मंत्र को सीख लेना या किसी धार्मिक विधि में शामिल होना होता है। लेकिन यह दीक्षा नहीं है, बल्कि उसका एक छोटा सा हिस्सा है। दीक्षा का अर्थ है गुरु द्वारा शिष्य को आध्यात्मिक मार्ग पर प्रवेश कराना, जिससे साधक को मंत्र, साधना और आध्यात्मिक शक्ति का अधिकार मिलता है। यह केवल ज्ञान का आदान-प्रदान नहीं, बल्कि गुरु से शिष्य तक ऊर्जा और आशीर्वाद का संचार है। दीक्षा का शाब्दिक अर्थ है - मार्गदर्शन करना, ज्ञान देना और आध्यात्मिक शक्ति का संचार करना'। यह गुरु और शिष्य के बीच पवित्र संबंध की शुरूआत है। दीक्षा के माध्यम से शिष्य को साधना का मार्ग, मंत्र और अनुशासन प्रदान किया जाता है। भारतीय गुरु-शिष्य परम्परा में दीक्षा का इतना महत्व क्यों है और दीक्षा कितने प्रकार के होते हैं, चलिए ये समझते हैं...

**मंत्र दीक्षा-** मंत्र दीक्षा में गुरु शिष्य को विशेष मंत्र प्रदान करता है। यह मंत्र साधक की आध्यात्मिक यात्रा का आधार बनता है। गुरु शिष्य को बताते हैं कि मंत्र का जाप किस प्रकार करना है, किस नियम का पालन करना है और साधना के दौरान आने वाली कठिनाइयों से कैसे निपटना है।

**तंत्र दीक्षा-** तांत्रिक परंपराओं में दीक्षा को ऐसी प्रक्रिया माना गया है, जिसमें गुरु शिष्य को किसी विशेष साधना, मंत्र या उपासना मार्ग में प्रवेश कराते हैं। शिष्य केवल मंत्र प्राप्त नहीं करता, बल्कि उसके साथ उस साधना की विधि, अनुशासन और परंपरा से भी जुड़ता है। साधक को तांत्रिक साधना और यंत्रों के प्रयोग की अनुमति दी जाती है। यह विशेष रूप से शक्ति साधना और गूढ़ विद्या से जुड़ा है। तांत्रिक परंपराओं में दीक्षा के कई प्रकार बताए गए हैं -



**1. समय दीक्षा-** समय दीक्षा में सामान्यतः विधिपूर्वक अनुष्ठान किया जाता है। इसमें गुरु मंत्र प्रदान कर सकते हैं, अग्नि या अन्य धार्मिक विधियां हो सकती हैं और शिष्य को संबंधित संप्रदाय के नियमों से परिचित कराया जाता है।

**2. स्पर्श दीक्षा-** स्पर्श दीक्षा में गुरु के स्पर्श को माध्यम माना जाता है। परंपरागत वर्णनों में गुरु द्वारा सिर, आज्ञा चक्र आदि पर स्पर्श करने या आशीर्वाद देने का उल्लेख मिलता है, जैसे कि शक्तिपात।

**3. वाग दीक्षा-** वाग दीक्षा में गुरु शिष्य को मंत्र प्रदान करते हैं। कई परंपराओं में गुरु मंत्र को शिष्य के कान में धीमे स्वर में देते हैं। गुरु से सीधे मंत्र प्राप्त करने की यह परंपरा भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा रही है।

**4. दृक दीक्षा-** दृक दीक्षा में गुरु की दृष्टि को माध्यम माना जाता है। तांत्रिक और योगिक परंपराओं में ऐसी मान्यता मिलती है कि अत्यंत सिद्ध गुरु की दृष्टि भी शिष्य के भीतर आध्यात्मिक जागरण का माध्यम बन सकती है।

**5. शाम्भवी दीक्षा-** शाम्भवी दीक्षा को दीक्षा के अत्यंत सूक्ष्म और दुर्लभ स्वरूपों में गिना जाता है। इसमें दृष्टि, वाणी, स्पर्श और गुरु की मानसिक संकल्प-शक्ति जैसे माध्यमों के संयुक्त प्रभाव की बात कही जाती है।

**6. यंत्र दीक्षा-** शिष्य को यंत्रों (जैसे श्री यंत्र) की पूजा और साधना का अधिकार दिया जाता है। यह साधना ऊर्जा को केंद्रित करने और सफलता प्राप्त करने में सहायक होती है।

**दीक्षा का महत्व-** जब कोई गुरु अपने किसी शिष्य को दीक्षा देने को राजी हो जाता है, तो इसका अर्थ है कि वह गुरु अपने शिष्य से अपने ज्ञान से लेकर ऊर्जा तक साझा करने के लिए तैयार है। दीक्षा से शिष्य को गुरु की आध्यात्मिक शक्ति और आशीर्वाद मिलता है। कोई शिष्य अगर कोई गहरी साधना करना चाहे, तो बिना दीक्षा के साधना अधूरी मानी जाती है। दीक्षा का फायदा यह मिलता है कि शिष्य को आध्यात्मिक सुरक्षा मिलती है। कई बार दीक्षा शिष्य को नकारात्मक शक्तियों से बचाती है। दीक्षा, साधक को साधना का अधिकार, सुरक्षा और मोक्ष की दिशा प्रदान करती है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6600 से 6650 विशाल 6350 से 6425 डंकी चना 6000 से 6100मसूर 6000 महाराष्ट्र सफेद 7600 से 7800 महाराष्ट्र लाल 7900 से 8100 कर्नाटक 8000से 8200 निमाड़ी तुअर 6500 से 7600 मूंग बेस्ट गर्मी 7000 से 7200 मूंग बेस्ट बोल्ड - 7400 से 7600 मीडियम बोल्ड 7300 से 7400 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 9100 से 9200 उड़द गर्मी 8600 से 9000 ग्रेविटी क्लीन 9300 से 9700 हल्का उड़द 4000 से 6000काबुली डॉलर 7500 से 8900 काबुली रशियन 6200 से 6400 बिटकी 5890 से 6000सरसों निमाड़ी 8100 से 8200 रायडा 7100 से 7300 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 6700 टोली 5300 से 5400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से 2700 लोकवन 2900 से3100 पूर्णा 2750 से 2800 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 2325 से 2350 चना दाल 7450 से 7550 मीडियम 7850 से 7950 बेस्ट 8050 से 8350 तुअर दाल 7000 से 7100 मीडियम 8000 से 8300 बेस्ट 9600 से 9900 एक्स्ट्रा बेस्ट 10700 से 10800 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 8700 से 8800 बेस्ट 8900 से 9000 मूंग मोगर 10700 से10800 बेस्ट 10900 से 11000

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000. बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1899-3112, काबली- 4010-8331, बटला- 1800, बड़ा- 5261-5550, सोयाबीन- 2593-6071, धनिया- 12950-14700, सरसो- 7050-7601, तुवर- 4250-4250, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,48,300 रवा- 1,48,000 चांदी- टंच- 2,31,500 पाट- 2,31,000।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## कॉलेज आई छात्रा लापता, परिजन ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**शुजालपुर।** जेएनएस कॉलेज शुजालपुर मंडी में पढ़ने आई 18 वर्षीय छात्रा के लापता होने का मामला सामने आया है। छात्रा के पिता ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसे ले जाने की आशंका जताई है। पुलिस के अनुसार फरियादी ने रिपोर्ट में बताया कि उनकी दो बेटियां सोमवार को कॉलेज में पढ़ने के लिए आई थीं। दोनों सुबह करीब 11 बजे कॉलेज परिसर में गईं। शाम करीब 4 बजे पिता दोनों बेटियों को लेने कॉलेज पहुंचे, जहां बड़ी बेटी मिल गई, लेकिन छोटी बेटी का पता नहीं चला। परिजनों ने कॉलेज परिसर, आसपास के क्षेत्र और रिश्तेदारों के यहां तलाश की, लेकिन छात्रा का कोई पता नहीं चला। उसका मोबाइल भी बंद मिला। इसके बाद परिजन ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर छात्रा की तलाश शुरू कर दी है।

## फंदे पर लटका मिला युवक भाई ने देखकर नीचे उतारा, शाजापुर में उपचार जारी

**शुजालपुर।** कालापीपल तहसील के ग्राम तिलावद में मंगलवार दोपहर एक 40 वर्षीय व्यक्ति ने अपने कमरे में फंदा लगाकर जान देने का प्रयास किया। परिजनों ने समय रहते उसे नीचे उतार लिया और गंभीर हालत में शुजालपुर सिविल अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे शाजापुर रेफर कर दिया, लेकिन परिजनों के अनुसार एम्बुलेंस उपलब्ध नहीं होने से मरीज को शाजापुर ले जाने में देरी हुई। जानकारी के अनुसार अनिल बैरवा पिता आत्माराम मीणा मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे अपने कमरे में गए थे। कुछ देर बाद परिजनों को घटना की जानकारी हुई। अनिल के छोटे भाई ने खिड़की के रास्ते कमरे में पहुंचकर उन्हें नीचे उतारा। इसके बाद परिजन गंभीर हालत में उन्हें शुजालपुर सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे।

## कंटेनर में कार घुसने से महिला की मौत, एक घायल

**शाजापुर।** सड़क पर खड़े कंटेनर में कार के घुसने से एक महिला की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के टुकराना जोड़ पर मंगलवार को सड़क पर खड़े कंटेनर में तेज रफ्तार जा घुसी। इस घटना में कार सवार महिला की मौत हो गई। वहीं दो लोग घायल हो गए। घायल को तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल शाजापुर पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## किसानों की मांगों को लेकर धरना शुरू, पहले दिन नहीं पहुंचे अधिकारी

**शुजालपुर।** फसल बीमा राशि दिलाने और नर्मदा सिंचाई परियोजना से छूटे गांवों को परियोजना से जोड़ने सहित किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय किसान संघ का अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार से शुरू हुआ। नई तहसील परिसर में दोपहर 12 बजे से शुरू हुए धरने में किसानों ने अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन लंबे समय से किसानों के हक और अधिकार की लड़ाई शासन-प्रशासन के समक्ष लड़ता आया है। वर्तमान में भी किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए आंदोलन किया जा रहा है। वक्ताओं ने किसानों से एकजुट होकर आंदोलन में सहभागिता करने का आह्वान किया। धरना स्थल पर किसानों ने किसान शक्ति जागेगी, सारी समस्या भागेगी और हे किसान तू रहेगा मौन तेरे लिए बोलेगा कौन जैसे नारे लगाए।

# आवारा कुत्तों के आतंक से शहर में दहशत का माहौल, अब दो राहगीरों को बनाया निशाना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

शहर में दिनों दिन आवारा कुत्तों की बढ़ती तादाद और उनके लगातार हो रहे हमले आम जनजीवन के लिए एक गंभीर समस्या बन चुके हैं। शहर का कोई भी कोना, मोहल्ला या मुख्य मार्ग अब सुरक्षित नजर नहीं आ रहा है। गली-मोहल्लों से लेकर मुख्य बाजारों तक कुत्तों के जमावड़े ने नागरिकों, विशेषकर पैदल चलने वालों, बच्चों और बुजुर्गों की आवाजाही को बेहद मुश्किल कर दिया है। शहर में बने इस दहशत के माहौल के बीच हाल ही में सामने आई घटनाओं ने नागरिकों की सुरक्षा पर एक बड़ा सवालिया निशान लगा दिया है।

### सामने आ रहे हैं हमले के मामले

पूरे शहर में आवारा कुत्तों के



खौफ का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आए दिन लोग इनके हमलों का शिकार हो रहे हैं। ताजा मामले में आवारा कुत्तों ने कय्यूम और उनके एक साथी पर अचानक हमला कर दिया, जिससे दोनों व्यक्ति घायल हो गए। कय्यूम ने बताया कि मंगलवार को वह गिरवर रोड से गुजर रहे थे, तभी उनक पर आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया, जिस पर अस्पताल पहुंचकर इलाज कराना पड़ा। वहीं दो दिन पहले गिरवर रोड क्षेत्र की मंसूरी कॉलोनी में भी कुत्तों के झुंड ने एक दो वर्षीय मासूम बच्ची को अपना शिकार बनाया था। उस हमले में बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई थी। एक के बाद एक हो रही इन घटनाओं से पूरे शहरवासियों में भारी खौफ और असुरक्षा की भावना घर कर गई है।

### सड़कों पर मंडरा रहा खतरा

हालात यह हैं कि सुबह सवेरे टहलने निकलने वाले लोगों, स्कूल जाने वाले बच्चों और रात में काम से लौटने वाले दोपहिया वाहन चालकों को हर समय आवारा कुत्तों के हमले का डर सता रहा है। शहर के प्रमुख चौराहों, बस स्टैंड के आसपास और घनी आबादी वाली कॉलोनियों में कुत्तों के झुंड हर समय डेरा जमाए रहते हैं। जरा सी आहट पर या वाहनों के पीछे दौड़ने की इनकी आदत के कारण कई बार लोग दुर्घटना का शिकार भी हो रहे हैं। पूरे शहर की जनता इस अघोषित खौफ के साए में जीने को मजबूर है, लेकिन जमीनी स्तर पर समस्या का कोई समाधान नजर नहीं आ रहा है।

### प्रशासन से शहरव्यापी अभियान की मांग

पूरे शहर में समस्या के इस कदर विकराल होने के बावजूद, नगर पालिका और संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाना चिंता का विषय है। शहर की जनता लगातार यह मांग कर रही है कि प्रशासन किसी बड़ी अनहोनी या जनहानि का इंतजार किए बिना पूरे शाजापुर में एक विशेष अभियान चलाए। नागरिकों का कहना है कि जब तक शहर के सभी प्रमुख मार्गों और कॉलोनियों से इन हिंसक हो चुके कुत्तों को पकड़कर सुरक्षित स्थानों पर नहीं भेजा जाता, तब तक लोगों का घर से बाहर निकलना सुरक्षित नहीं होगा। प्रशासन को इस जनसमस्या को प्राथमिकता पर लेते हुए जल्द से जल्द समाधान निकालना चाहिए।



## सोयाबीन बीमा क्लेम और फसल बर्बादी को लेकर भारतीय किसान संघ का धरना शुरू

**शाजापुर।** खरीफ 2025 के सोयाबीन बीमा क्लेम का भुगतान न होने और वर्तमान सोयाबीन की फसल में पीला मोजेक व अफलन जैसी गंभीर समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ तहसील इकाई, शाजापुर ने मोर्चा खोल दिया है। किसानों ने बीमा कंपनी की मनमानी और अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार 1 सितंबर से कलेक्टर कार्यालय शाजापुर के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन प्रारंभ कर दिया है। धरना स्थल पर कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बलराम और भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन कर किया गया। किसानों का कहना है कि एक तरफ उन्हें पिछले साल का बीमा क्लेम अब तक नहीं मिला है, वहीं दूसरी तरफ इस बार भी पीला मोजेक रोग और फलियों में दाने न आने (अफलन) के कारण फसलें पूरी तरह बर्बाद हो रही हैं, जिससे किसान भारी आर्थिक संकट में हैं। इस धरने में जिला मंत्री मुकेश पाटीदार, जिला मीडिया प्रभारी भारत नाहर, जिला कोषाध्यक्ष ललित नागर, जिला सदस्य अनिल पाटीदार, तहसील अध्यक्ष नारायण पाटीदार, तहसील मंत्री ज्ञान सिंह गुर्जर, तहसील सह-मंत्री दिलीप प्रजापत, उपाध्यक्ष विक्रम सिंह गुर्जर सहित किसान मौजूद रहे। उक्त जानकारी भारतीय किसान संघ के तहसील मीडिया प्रभारी राजेश मंडलोई ने दी।

# सड़क की क्वालिटी खुद चेक करूंगी सही से बननी चाहिए- विधायक

### गजरा गियर से बीएनपी गेट तक सड़क का भूमिपूजन किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास में गजरा गियर चौराहे से बीएनपी गेट तक सड़क बनाने का काम शुरू हुआ है। मंगलवार शाम को बीजेपी विधायक गायत्री राजे पवार ने इसका भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने सड़क बनाने वाले ठेकेदार को गुणवत्ता को लेकर साफ निर्देश दिए।

विधायक ने कहा कि नगर निगम भी सड़क की गुणवत्ता की जांच करेगा। इसके साथ ही वे खुद भी मौके पर आकर काम की गुणवत्ता देखेंगी।

उन्होंने ठेकेदार से कहा- यह बहुत अहम रास्ता है। यह देवास का आखिरी छोर है। इसे भी हमें सुंदर बनाना है।




अब इसकी जिम्मेदारी ठेकेदार की है। उन्होंने यह भी कहा कि उनका पूरा ध्यान ठेकेदार के काम पर रहेगा। गुणवत्ता पर पूरा ध्यान दिया जाएगा।

उन्होंने यह भी बताया कि अगर रास्ते के निर्माण में जगह बचती है, तो नगर निगम के माध्यम से और पैसे लेकर उस हिस्से को भी बेहतर बनाया जाएगा।

### अच्छी सामग्री का इस्तेमाल हो

विधायक ने सड़क बनाने में अच्छी सामग्री और तय गहराई का खास ध्यान रखने को कहा। उन्होंने जोर देकर कहा कि अच्छा माल इस्तेमाल होगा और जितने इंच की सड़क बननी है, उसकी गहराई सही होनी चाहिए।

## जिला अस्पताल में हटाई गई कर्मचारी फिर ड्यूटी पर

**देवास।** देवास जिला अस्पताल में आउटसोर्स कर्मचारी को हटाने का आदेश जारी होने के बावजूद उसके ड्यूटी करने का मामला सामने आया है। संबंधित कर्मचारी को जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र शाखा में कथित अवैध वसूली की शिकायतों के बाद हटाया गया था। इसके बावजूद गुरुवार को सामने आए एक वीडियो में वह इसी शाखा में काम करती नजर आई।

जिला अस्पताल की जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र शाखा में कुछ समय पहले अवैध वसूली की शिकायतें सामने आई थीं। इसके बाद दिशा की बैठक में सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी ने संबंधित कर्मचारी पर कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

इसके बाद सीएमएचओ और सिविल सर्जन की ओर से आउटसोर्स कर्मचारी पिंकी कुमावत को हटाने के निर्देश दिए गए। जिस कंपनी के माध्यम से उसकी नियुक्ति हुई थी, कंपनी ने भी उसे पद से हटा दिया था। कंपनी की ओर से कहा गया था कि वह जिला अस्पताल में अब कोई काम नहीं करेगी।

## अचानक बिगड़ी तबीयत अस्पताल पहुंचने से पहले मौत

**शुजालपुर।** शहर स्थित ब्रजनगर कॉलोनी में सोमवार देर रात एक युवक की अचानक तबीयत बिगड़ गई। कंघी मोहल्ले के समीप युवक अचेत अवस्था में मिला। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की मदद से उसे शुजालपुर मंडी के शासकीय अस्पताल पहुंचाया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान अभी नहीं हो सकी है।

# नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले को उम्रकैद

### अपराध में साथ देने वाले रिश्तेदारों को 20 साल की जेल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

नाबालिग को झांसे में लेकर अपहरण करने, दुष्कर्म करने और उसे बेचने की साजिश रचने के मामले में अदालत ने कड़ा फैसला सुनाया है।

मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने मुख्य आरोपी गोविंद को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है। वहीं, इस पूरी साजिश में आरोपी का साथ देने वाली उसकी मां और दो अन्य रिश्तेदारों को भी 20-20 साल जेल की सजा सुनाई गई है। प्रतीक श्रीवास्तव मीडिया सेल प्रभारी अतिरिक्त जिला लोक अभियोजन अधिकारी जिला शाजापुर ने बताया कि 15 मार्च 2025 को पीडिता की माता ने पुलिस थाना कोतवाली शाजापुर में एफआईआर दर्ज कराई थी कि 14 मार्च 2025 को सुबह 05 बजे उठकर देखा तो पीड़िता उम्र 13 साल घर से लापता थी, जिसकी आसपास व रिश्तेदारों में तलाश करने पर कोई पता नहीं चला। कोई अज्ञात व्यक्ति नाबालिग पीडिता को बहला फुसलाकर भगाकर ले गया होगा। प्रकरण की विवेचना के दौरान पता चला कि पीड़िता तथा आरोपी गोविंद गांजाबाद उत्तर प्रदेश में निवास कर रहे हैं। पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस गांजाबाद उत्तर प्रदेश के लिए रवाना हुई। दबिश देने पर पीड़िता व आरोपी गोविंद किराए के मकान में मिले, जिन्हें पुलिस अभिरक्षा में लेकर थाना कोतवाली शाजापुर लाया गया। पीड़िता ने बताया कि आरोपिया शोभा बाई तथा उसका पुत्र गोविंद है और आरोपी मांगू शोभा बाई का जेठ एवं राहुल उसके जेठ का लड़का है। मीडिया सेल प्रभारी, अतिरिक्त जिला लोक अभियोजन अधिकारी प्रतीक श्रीवास्तव ने बताया कि उज्जैन जिले के झुटावद का रहने वाला 28 वर्षीय मुख्य आरोपी गोविंद पीड़िता के घर पर करीब छह महीने तक रुका था और वहां बकरियां चराता था।

## आगर मालवा में महेश्वरी समाज ने उत्साह और श्रद्धा से मनाई सातूड़ी तीज



**आगर मालवा।** महेश्वरी समाज के परिवारों ने सातूड़ी तीज का पर्व श्रद्धा, आस्था और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु, परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए व्रत रखा। पर्व के दौरान महिलाओं ने विधि-विधान से नीमड़ी माता की पूजा-अर्चना की। पूजा में जल, दूध और सिंदूर अर्पित कर माता से परिवार के मंगल और सुख-शांति की प्रार्थना की गई। महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए पूरे दिन व्रत रखा। रात्रि में चंद्रमा के दर्शन के बाद महिलाओं ने चंद्रमा को अर्घ्य दिया और पूजा-अर्चना संपन्न कर अपना व्रत खोला। इसके पश्चात परिवार के सभी सदस्यों ने एक साथ बैठकर सत्तू-पासा का आनंद लिया।सातूड़ी तीज के अवसर पर महेश्वरी परिवारों में विशेष उत्साह देखने को मिला। पारंपरिक परिधानों और धार्मिक आस्था के बीच महिलाओं ने पर्व की परंपराओं को जीवंत रखा। इस दौरान घरों में खुशियों और उल्लास का माहौल बना रहा तथा सभी ने एक-दूसरे को तीज पर्व की शुभकामनाएं दीं।

In The Court Of Civil Judge Class-I, Tehsil Badnagar District Court, Ujjain Presiding Officer:
**श्रीमती ऋचा गोयल बंसल**
**(आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम**
**सक्सेशन प्रकरण क्रमांक** (MJC SUC/0000005/2026)

**संजू बाई------ आवेदक**
**Vs**
**सर्वसाधारण------अनावेदक**

Process Id-/2026
**पेशी दिनांकः 25/09/2026**

**प्रेषिती**
(1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजु बाई पति स्व. तोलाराम पिता नंदाजी निवासी ग्राम सतवासा, बड़नगर 420141/- संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 25 सितम्बर 2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 25 सितम्बर 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 08 अगस्त 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(श्रीमती ऋचा गोयल बंसल)**
**वरिष्ठ खण्ड बड़नगर, जिला उज्जैन (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेरे पक्षकार नवाब खां पिता छोटे खां जाति मुसलमान निवासी सांवेर जिला इंदौर ने कलाबाई विधवा धनसिंह दरबारसिंह, केवलसिंह रतनबाई भूरी बाई पिता धनसिंह जी जाति राजपुत निवासी कुनगारा तह. बड़नगर जिला उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे नं. 419/1 रकबा 0.19 हे0, सर्वे नं. 415 रकबा 0.86 हे०, कुल किता 02 कुल रकबा 1.05 है, सोहनलाल पिता रणछोड जाति अहिर निवासी ग्राम लोहाना तह. बड़नगर जिला उज्जैन कि स्वामित्व एवं आधिपत्य कि भूमि सर्वे नं. 419/2 रकबा 0.40हे0 कुल किता 01 कुल रकबा 0.40 हे०, स्थित ग्राम कुनगारा तह. बडनगर जिला उज्जैन उक्त भूमि कि चतुर्सीमा पूर्व दिशा खाती कि भूमि पश्चिम दिशा में लोकेन्द्रसिंह उत्तर दिशा में - जितेन्द्र बापु भूमि तथा दक्षिण दिशा में प्रधनमंत्री रोड को विक्रय करने का सौदा दिनांक 01.09.2026 को कर बयाना राशी अदा कर दि है तथा उक्त भूमि का विक्रय अनुबंध पत्र भी मेरे पक्षकार के पक्ष में सम्पादित होना है और उक्त भूमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के पक्ष में निष्पादित व पंजीकृत होना है। यदि उक्त भूमि के संबंध में किसी संस्था, बैंक निकाय का ऋण भार बकाया हो अथवा यह सम्पत्ति किसी के पक्ष में रहन हो अथवा किसी के पक्ष में कोई अनुबंध पत्र या इस भूमि से सम्बधित मुख्तयारनामा आम या मुख्तयार नामा खास हो अथवा इस सम्पत्ति में उपरोक्त भूमि स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी भी व्यक्ति का कोई हित स्वत्व व अधिकार हो या अन्य कोई आपत्ति हो तो जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में लिखित रुप से मय दस्तावेजी प्रमाण के आपत्ति दर्ज करावें अवधि व्यतित होने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी तथा मेरा पक्षकार अनुबंधित भूमि का विक्रय पत्र अपने पक्ष में सम्पादित करा लेवेगा । सुचित हो दिनांक 02.09.2026

**अंसार पटेल एडव्होकेट**
**न्यायालय परिसर बडनगर तह. बडनगर जिला उज्जैन**
**मो. 9770281664**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा श्रीमती तारा बाई पति स्व. श्री हरीश जी, निवासी भवन क्रमांक 89, हाटकेश्वर विहार कॉलोनी, उज्जैन (म.प्र.) से उनके एकल स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य के भवन क्रमांक 89, स्थित श्री हाटकेश्वर विहार, ग्राम दाउदखेड़ी, पटवारी हल्का नं. 37, ब्लॉक ऋ उज्जैन (म.प्र.), मय भूखण्ड, निर्माण एवं समस्त हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा कर अनुबंध निष्पादित किया गया है। उक्त भवन का कुल क्षेत्रफल 700 वर्गफीट है, जिसकी पैमाइश लंबाई 35 फीट एवं चौड़ाई 20 फीट है। उक्त भवन की चतुसीर्मा में पूर्व में कॉलोनी की सड़क, पश्चिम में भूखण्ड क्रमांक 84, उत्तर में भूखण्ड क्रमांक 88 एवं दक्षिण में भूखण्ड क्रमांक 90 स्थित है। उक्त भवन आवासीय उपयोग का होकर वर्तमान में अनुबंधकर्ता श्रीमती तारा बाई के एकल स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य में है। यदि उक्त वर्णित भवन पर किसी अन्य व्यक्ति, संस्था, समूह, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय, अर्धशासकीय अथवा अशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, भार, बोझ, बंधक, रहन, प्रभार, दावा, आपत्ति अथवा देनदारी हो अथवा उक्त भवन के संबंध में किसी व्यक्ति का कोई स्वत्व, हित, अधिकार या क्लेम हो अथवा उक्त विक्रय अनुबंध के संबंध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के अंतर्गत अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय पर प्रस्तुत करे, ताकि आपत्ति का उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद मियाद मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति के संबंध में अनुबंधानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाकर विक्रय पत्र का पंजीयन एवं अन्य आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर ली जावेगी, तत्पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। यह सूचित हो।

**अर्पित जैन अधिवक्ता**
**कार्यालय :- 94 संत नगर सांवेर रोड उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबाइल नंबर :- 9424892418**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार श्री पवन चौधरी पिता स्व. श्री हटेसिंह चौधरी एवं उनकी माता श्यामुबाई निवासीगण चिन्तामण जवासिया तहसील व जिला उज्जैन म. प्र. के संयुक्त भूमिस्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम चिन्तामण जवासिया तहसील व जिला उज्जैन के मूल भूमि सर्वे क्रमांक 226/11 रकबा 0.10 हे0 एवं उसके बटांकित सर्वे क्रमांक 226/11/1/2 रकबा 0.0229 हे० भूमि है। उक्त भूमि के संबंध में रतनसिंह आंजना पटेल पिता खेमराज आंजना निवासी 40, आगर रोड़, अशोक मण्डी मार्ग उज्जैन म. प्र. द्वारा कुटरचित विक्रय पत्र तैयार किया गया है और उसके आधार पर अपना नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज करवाकर उक्त भूमि को बाले-बाले विक्रय किये जाने का प्रयास किया जा रहा है। उक्त भूमि के अंतरण के कोई अधिकार रतनसिंह को नही है। मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के संबंध में स्वत्व घोषणा एवं निषेधाज्ञा प्राप्त किये जाने हेतु सिविल वाद द्वितीय अतिरिक्त सिविल जज महोदय के वरिष्ठ खंड उज्जैन के समक्ष प्रकरण क्रमांक आरसीएसए 152/2022 पर प्रस्तुत किया गया है जो कि विचाराधीन है। उक्त भूमि के संबंध में स्वयं रतनसिंह द्वारा भी एक अन्य वाद स्वयं को स्वामी घोषित किये जाने हेतु न्यायालय दशम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड उज्जैन के समक्ष प्रस्तुत किया गया है यह वाद भी विचारधीन है। उक्त भूमि के संबंध में समादरणीय उच्च न्यायालय द्वारा मेरे पक्षकार की ओर से प्रस्तुत याचिका क्र. एमपी न. 3602/2022 में दिनांक 7-09-2022 को पक्षकारो को यथास्थिती बनाये रखने के आदेश दिये गये है। उक्त भूमि के संबंध में रतनसिंह द्वारा करवाये गये अवैध नामांतरण के विरूद्ध भी न्यायालय अपर आयुक्त महोदय उज्जैन के समक्ष प्रकरण क्र. 901 / अपील/2022-23 पर द्वितीय अपील विचाराधीन है।

अतः इस जाहिर सूचना के माध्यम से हर खास व आम को सूचित किया जाता है कि उक्त रतनसिंह से उक्त भूमि को कोई भी व्यक्ति, क्रय, विक्रय, अनुबंधित या अन्य प्रकार से हस्तांतरण ग्रहण करने का प्रयास न करे व ना ही कोई शासकीय अर्धशासकीय बैंक, संस्था, पेढी, निकाय किसी तरह का ऋण अदा न करे एवं किसी प्रकार का कोई लेन-देन न करे अन्यथा होने वाली परेशानियो व परिणामो का उत्तरदायित्व उनका स्वयं का होगा व ऐसा हस्तांतरण व्यवहार व लेन-देन विलेख शुन्यवत होगा। सो सूचित हो।

**राजपाल सिंह बैस (एडवोकेट)**
**बी.एस.सी, एल.एल.एम**
**कार्यालयः- 25-ए मोहन नगर, उज्जैन म प्र**
**मोबा. 098277-35354**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री अर्पित सिंह बेस, पिता श्री शैलेन्द्र सिंह बेस, निवासी पिपली नाका, हरि नगर, उज्जैन (म.प्र.) द्वारा ग्राम किलोदा, तहसील गुलाना, जिला शाजापुर (म.प्र.) स्थित कृषि भूमि, जो विक्रेता श्री महेन्द्र सिंह, पिता श्री फूलसिंह मेवाड़ा. जाति गेहलोत, निवासी ग्राम मदाना, तहसील गुलाना, जिला शाजापुर (म.प्र.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की है, को क्रय करने हेतु, विक्रय का अनुबंध किया गया है। तथा बयाना राशि भी दे दी गई है।

**उक्त कृषि भूमि का विवरण निम्नानुसार है-**
**सर्वे नंबर 849/2/2, रकबा 0.550 हेक्टेयर।**
**सर्वे नंबर 858/2/2, रकबा 0.250 हेक्टेयर।**

अतः यदि उक्त संपत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक अथवा किसी अन्य वित्तीय संस्था का कोई अधिकार, हित, भार (Charge), बंधक, ऋण, दावा, आपत्ति अथवा स्वामित्व संबंधी अधिकार विद्यमान हो, अथवा उक्त संपत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का अधिकार, हित या दावा प्राप्त हो, या उक्त संपत्ति से संबंधित कोई मूल अथवा प्रमाणित दस्तावेज उसके पास उपलब्ध हो, तो वह इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 (सात) दिवस के भीतर अपने समस्त मूल एवं प्रमाणित दस्तावेजों सहित मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति/दावा प्रस्तुत करे।

निर्धारित अवधि के भीतर यदि किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था द्वारा उक्त संपत्ति के संबंध में कोई दावा, आपत्ति, अधिकार, भार, बंधक, ऋण अथवा स्वामित्व संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो यह माना जाएगा कि उक्त संपत्ति के संबंध में किसी अन्य व्यक्ति का कोई दावा या अधिकार नहीं है।

ऐसी स्थिति में मेरे पक्षकार श्री अर्पित सिंह बेस, पिता श्री शैलेन्द्र सिंह बेस, निवासी पिपली नाका, हरि नगर, उज्जैन (म.प्र.) द्वारा उक्त संपत्ति को क्रय करने हेतु विक्रय विलेख निष्पादित एवं पंजीकृत करा लिया जाएगा। निर्धारित अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रस्तुत किए जाने वाले किसी भी प्रकार के दावा आपत्ति अथवा दस्तावेज पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। दिनांक 02/09/2026

**ओमप्रकाश यादव एडवोकेट**
**शुजालपुर, जिला शाजापुर (म.प्र.)**
**मोबाइल : 9926060639**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, हमारे पक्षकार ने विक्रेतागण गोविन्द सिंह पिता पप्पूसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम अकोलिया तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. अर्जुन सिंह पिता ठाकुरसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम अकोलिया तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. द्वारा भूमि सर्वे क्र. 472/3/2 रकबा 0.2800 हे. स्थित ग्राम अकोलिया तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. को क्रय करने का सौदा कर लिया है तथा बयाना राशी भी विक्रेता को अदा कर दी है एवं विक्रय पत्र का सम्पादन करना शेष है इस सम्बन्ध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त भूमि तथा विक्रय सौदे से सम्बंधित कोई आपत्ति हो या संपति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था आदि का कोई लेना देना बकाया हो या उक्त संपत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति कही पर बंधक हो या उक्त संपत्ति के सम्बन्ध में कोई विवाद हो या कोई न्यायालयीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को कोई आपत्ति हो या उक्त मूल दस्तावेज कही जमा हो बंधक हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप में मेरे कार्यालय में दर्ज करावे ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सके अन्यथा बाद मियाद जाहिर सूचना के किसी भी आपत्ति पर विचार ना करते हुए मेरा पक्षकार विक्रय पत्र सम्पादित एवं निष्पादित करा लेवेगा तथा मियादित अवधि के पश्चात कोई आपत्ति बंधनकारक एवं मान्य नहीं रहेगी। सूचित हो । दिनांक :- 02/09/2026

**लोकेन्द्र पटेल (अभिभाषक )**
**161, राधाकृष्ण कॉलोनी बडनगर**
**जिला उज्जैन म.प्र. मो. 7999800300**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री अशोक शर्मा पिता श्री एम.पी. शर्मा, निवासी-सी 38/18 ऋषि नगर अनुपूरक, उज्जैन से निम्न वर्णित संपत्ति का विक्रय अनुबंध कर लिया है। उक्त संपत्ति के संबंध में श्री अशोक शर्मा द्वारा पूर्व में मूलस्वामी श्रीमती लीना जैन पति श्री पवन जैन, निवासी-45, विधानगर, सांवेर रोड, उज्जैन से क्रय अनुबंध किया गया है।

संपत्ति नगर पालिक निगम गृह क्रमांक ए-5/2 व ए-5/1 का पश्चिम दिशा वाला भाग, श्रेणी एलआईजी, स्थित ऋषि नगर कॉलोनी, जिला उज्जैन, कुल क्षेत्रफल 92.97 वर्गमीटर, दो मंजिला भवन है। चतुःसीमा उत्तर/पूर्व में -शेष भाग भवन क्रमांक ए-5/2 व ए-5/1, दक्षिण/पश्चिम में भवन क्रमांक ए-5/3, पश्चिम/उत्तर में ए-5 सड़क, पूर्व/दक्षिण में भवन क्रमांक ए-7/12 है। मेरे पक्षकार द्वारा बयाना राशि अदा कर दी गई है तथा शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन कराया जाना बाकी है।

अतः उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी भी बैंक, पेढ़ी, निगम, वित्तीय संस्था आदि का कोई ऋण, भार, बकाया अथवा किसी अन्य व्यक्ति का कोई हक, हित, हिस्सा, सुखाधिकार, दावा या आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे, ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात मेरे पक्षकार उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र मूलस्वामी से अपने हित में निष्पादित व पंजीयन करवा लेंगे तथा किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो।

इति दिनांक 27-08-2026, स्थान उज्जैन

**गौरव गौदावत (जैन), एडव्होकेट**
**दुकान नंबर - डीएफ-7, भरतपुरी शॉपिंग कॉम्पलेक्स, देवास रोड,**
**उज्जैन मोबाईल नंबर - 99260-68606**

## श्रीकृष्ण पर्व पर घर-घर गोकुल, घर-घर गोपाल से गूंजेगा एमपी

**भोपाल।** भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को जन-जन का पर्व बनाने के उद्देश्य से संस्कृति विभाग के श्रीकृष्ण पाथेय न्यास द्वारा 4 सितंबर को 'श्रीकृष्ण पर्व' का राज्य स्तरीय आयोजन किया जाएगा। 'घर-घर गोकुल, घर-घर गोपाल' की संकल्पना के साथ प्रदेश के सभी 55 जिलों में 111 स्थानों पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने बताया, प्रदेश के 7500 से अधिक श्रीकृष्ण मंदिरों में विशेष साज-सज्जा की जाएगी, जबकि भव्य जन्मोत्सव में 1500 से अधिक कलाकार अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्ति और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत करेंगे। इस प्रदेशव्यापी पर्व का विशेष आयोजन मुख्यमंत्री निवास पर भी होगा। यहां श्रीकृष्ण की विविध कलाओं और परंपराओं से जुड़े कार्यक्रम प्रमुख आकर्षण होंगे। जन्मोत्सव में मटकी फोड़ कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा, जो श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और ब्रज की उत्सव परंपरा की झलक प्रस्तुत करेगा। मुख्यमंत्री निवास पर होने वाले आयोजन में 101 से अधिक बच्चे राधा-कृष्ण की वेशभूषा में शामिल होंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कार्यक्रम में उपस्थित सभी बच्चों को माखन मिश्री, लड्डू गोपाल की मूर्ति, श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं पर केंद्रित पुस्तक भेंट करेंगे। कार्यक्रम के बाद जानापाव में मुख्यमंत्री डॉ. यादव परशुराम श्रीकृष्ण लोक का भूमिपूजन करेंगे।

## बीआरसी और एपीसी के 525 पद भरने होगी परीक्षा

**भोपाल** प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत विकासखंड स्रोत समन्वयक और सहायक परियोजना समन्वयक के करीब 525 रिक्त पदों को भरने की तैयारी है। इसके लिए राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल ने कलेक्टरों को निर्देश जारी कर शर्तें तय करने की जानकारी दी है। इसमें उच्च पद प्रभार पर काम कर रहे व्याख्याता एवं उच्च माध्यमिक शिक्षकों को पात्रता से बाहर रखा गया है जिसका विरोध करते हुए शिक्षक संगठनों ने इन्हें भी पात्रता की कैटेगरी में शामिल करने की मांग रखी है। बीआरसी का पद प्रदेश के सभी 313 विकासखंडों में भरा जाएगा वहीं सहायक परियोजना समन्वयक (एपीसी) के हर जिले में औसत चार पद होते हैं। इसलिए औसतन 220 एपीसी की नियुक्ति नए सिरे से किए जाने की कार्यवाही की जाएगी। राज्य शिक्षा केंद्र के द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार 25 सितम्बर से इसके लिए आवेदन लिए जाएंगे और अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में रिजल्ट घोषित कर दिए जाएंगे। मैहर, मऊगंज और पांढुर्णा में एपीसी के पद पर नियुक्ति की प्रक्रिया अलग से करने का निर्णय लिया गया है।

## हर सोमवार कलेक्टरों को देनी होगी कामकाज की रिपोर्ट

**भोपाल** प्रदेश में जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण और अधिकारियों की मैदानी सक्रियता की निगरानी के लिए शुरू किए गए जन विश्वास अभियान के तहत अब जिलों की गतिविधियों और उपलब्धियों का पूरा रिकॉर्ड ऑनलाइन दर्ज होगा। इसके लिए मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान पोर्टल शुरू किया गया है। सीएम डॉ मोहन यादव ने आज मंत्रालय में इस पोर्टल को लॉन्च किया। इस अभियान की शुरुआत 7 अगस्त 2026 को हुई थी और अब तक चार सप्ताह पूरे हो चुके हैं। अभियान के पहले महीने में 5 लाख 64 हजार से अधिक सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का निराकरण किया गया है। वहीं, लोक सेवा गारंटी के तहत दर्ज 8 लाख 6 हजार से अधिक आवेदनों का भी निराकरण किया जा चुका है। अभियान के तहत जनप्रतिनिधियों से लेकर अधिकारियों तक सप्ताह में एक दिन फील्ड में जाकर जनता से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं का निराकरण कर रहे हैं।

## पर्यटन विभाग का होटल दिलाने के नाम पर ठगी

**भोपाल** खुद को मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम में एडिशनल डायरेक्टर बताने वाली ठग तृप्ति सिंह पर चौथा केस हो गया है। का होटल लीज पर दिलाने का झांसा देकर 50 लाख रुपए ठगने की ये भोपाल के बागसेवनिया थाने में दर्ज की गई है। इसमें तृप्ति का भाई सुधांशु सिंह और साथी प्रखर सहआरोपी हैं। भोपाल के अलावा अशोकनगर में भी तृप्ति और उसके साथियों पर दो मामले हैं।सिवनी निवासी फरियादी गगन उपवंशी (31) ने बागसेवनिया थाने में शिकायत की थी कि तृप्ति, सुधांशु और प्रखर ने होटल लीज पर दिलाने की बात कही थी। आरोपियों ने गगन को भरोसे में लेकर 50 लाख रुपए ऐंठ लिए। काफी समय बीतने के बाद भी होटल लीज पर नहीं मिला तो गगन को शक हुआ। उसने अपने स्तर पर आरोपियों की जानकारी जुटाई। पता चला कि तृप्ति अधिकारी नहीं है। इसके बाद 28 अगस्त को थाने में आवेदन दिया। पुलिस ने मंगलवार देर रात तृप्ति, सुधांशु और प्रखर के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली।

## राजनीति में एंट्री को तैयार पूर्व आईएएस का विवादित ट्वीट

**भोपाल** रिटायरमेंट के बाद राजनीति में एंट्री की कोशिश कर रहे पूर्व अधिकारी और नॉवेलिस्ट नियाज खान ने चुनाव लड़ने वालों को लेकर विवादित सुझाव दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि उम्मीदवारों को चुनाव से पहले धर्म के आधार पर शपथ दिलाई जानी चाहिए और उसका वीडियो भी बनाया जाना चाहिए। उनका कहना है कि चुनाव जीतने के बाद कोई नेता बिके या लालच में आए तो शपथ का वीडियो सार्वजनिक किया जा सके। नियाज खान ने बुधवार को किए पोस्ट में लिखा कि चुनाव लड़ने वालों को टिकट देने से पहले लिखित शपथ ली जानी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि हिंदू उम्मीदवारों को बच्चों की, जबकि मुस्लिम उम्मीदवारों कोबच्चों की शपथ दिलाई जाए।

# नगरीय विकास में कर वसूली और जनसहयोग की अहम भूमिका- कलेक्टर

दैनिक अवन्तिका » गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने कहा कि नगरीय क्षेत्र के विकास के लिए तीन चीजें सबसे जरूरी हैं—विवाद रहित जमीन, बेहतर काम करने वाली टीम और संविदाकारों के भुगतान का समय पर होना। उन्होंने कहा कि विकास के लिए हमें आदर्श स्थिति का इंतजार नहीं करना चाहिए, बल्कि बेहतर स्थिति स्वयं बनानी पड़ती है। इसमें सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों-कर्मचारियों का सकारात्मक सहयोग जरूरी है। कलेक्टर श्री कन्याल की अध्यक्षता में नगरीय प्रशासन की बैठक में विकास कार्यों की प्रगति, टेंडर प्रक्रिया, कर वसूली, नामांतरण, वाहनों की स्थिति तथा शहर के सौंदर्यीकरण सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

**कर वसूली में पार्षद करें सहयोग-** कलेक्टर ने सभी पार्षदों से संपत्ति कर, जल कर एवं स्वच्छता कर की वसूली में सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कर वसूली से नगरीय निकाय के संसाधन मजबूत होते हैं और इनका उपयोग शहर के विकास एवं नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने में किया जाता है।

**टेंडर की समीक्षा, निरस्त और नए टेंडरों की जानकारी-** बैठक में विभिन्न विकास कार्यों के टेंडरों की स्थिति की जानकारी प्रस्तुत की गई। कुछ टेंडर निरस्त होने तथा उनके स्थान पर नए टेंडर किए जाने की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने टेंडर प्रक्रिया से जुड़े कार्यों में तेजी लाने और विकास कार्यों को समयसीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

**ढाई सौ नामांतरण जारी, 300 प्रकरणों पर काम पूरा-** सीएमओ शैलेश अवस्थी ने बताया कि नामांतरण के प्रकरणों के निराकरण के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। लगभग 200 नामांतरण जारी किए जा चुके हैं, जबकि करीब 300 प्रकरणों में परीक्षण प्रकिया पूरी हो चुकी है। आगामी समय में लगभग 300 और नामांतरण जारी किए जाएंगे। जिन प्रकरण की जानकारी अथवा दस्तावेज पूर्ण नहीं हैं, उनमें नियमानुसार निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। वर्तमान में प्राप्त होने वाले नए प्रकरणों की जांच कर उन्हें जीरो पेंडेंसी रखने का प्रयास किया जाएगा।



**नए निर्माण की जानकारी नगरपालिका तक पहुंचाने पर जोर-** बैठक में पार्षदों ने भी सुझाव दिया कि वार्डों में होने वाले नए मकानों एवं निर्माण कार्यों की जानकारी पार्षदों के माध्यम से नगरपालिका तक पहुंचाई जा सकती है। इससे भवन निर्माण की अनुमति की प्रक्रिया सुनिश्चित करने तथा बिना अनुमति निर्माण पर प्रभावी निगरानी रखने में मदद मिलेगी। कलेक्टर ने इस व्यवस्था में जनप्रतिनिधियों के सहयोग को महत्वपूर्ण बताया।

बैठक में शहर के सौंदर्यीकरण को लेकर रोड डेवलपमेंट, रोड सौंदर्यीकरण एवं विभिन्न स्थानों पर वेलकम गेट बनाए जाने सहित अन्य प्रस्तावों पर चर्चा की गई। इन कार्यों के संबंध में पीपीटी के माध्यम से प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए और आवश्यक बिंदुओं पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया गया।

**नगरपालिका वाहनों की भी ली जानकारी-** बैठक में नगरपालिका के वाहनों की स्थिति की समीक्षा की गई। बताया गया कि कुछ वाहनों की मरम्मत एवं आवश्यक सुधार का कार्य पूरा कर लिया गया है, जबकि शेष वाहनों की भी देखरेख एवं सुधार का कार्य किया जा रहा है। इन्हें भी शीघ्र व्यवस्थित करने की जानकारी दी गई।

**'आदर्श स्थिति का इंतजार नहीं, उसे बनाना पड़ता है'-** बैठक के समापन पर कलेक्टर श्री कन्याल ने कहा कि हमें कभी भी आदर्श स्थिति नहीं मिलती, उसे हमें बनाना पड़ता है। इसके लिए सभी की सकारात्मक भूमिका और सही सहयोग जरूरी है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ नगरीय क्षेत्र के विकास को गति देने की अपेक्षा की। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता गुप्ता, उपाध्यक्ष धर्म सोनी, जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार सहित अन्य पार्षदगण, अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, सीएमओ शैलेश अवस्थी सहित नगरीय निकाय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# केन्द्रीय मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर के मुख्य आतिथ्य में बलराम कृषि महोत्सव का आयोजन किया गया

**धार।** म.प्र. शासन के निर्देशानुसार बलराम जयंती के उपलक्ष्य में बलराम कृषि महोत्सव का आयोजन 02 सितम्बर 2026 को पीजी कॉलेज धार में आयोजित किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि श्रीमती सावित्री ठाकुर केन्द्रीय राज्य मंत्री महिला एवं बाल विकास भारत सरकार एवं विशेष अतिथि के रूप में विधायक श्रीमती नीना विक्रम वर्मा, कलेक्टर राजीव रंजन मीना, कृषि समिति अध्यक्ष अशोक डावर व भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों द्वारा भगवान बलराम की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।

कलेक्टर राजीव रंजन मीना जिला धार के निर्देशन एवं मार्गदर्शन मे



कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे कृषि उद्यानिकी मत्स्य पशुपालन कृषि अभियांत्रिकी कृषि विज्ञान केन्द्र धार सहकारिता कृष्णा फास्केम लिमी एन.जी.ओ. आगाखों द्वारा कृषि की लगाई गई स्टाल में कृषि से संबंधित लाभो के बारे एवं योजनाओ के बारे में प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 700 से अधिक किसानो ने भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती सावित्री ठाकुर द्वारा किसानो को संबोधित करते हुए कहा कि धार में अब रेल लाईन आ गई है। सिंचाई परियोजना आ रही है, पीएम मेगा पार्क का कार्य त्वरित गति से चल रहा है जो कि धार एवं धार जिले के किसानो के लिए विकास मे सहभागी होगा। श्रीमती नीना वर्मा ने कहा कि म.प्र. सरकार किसानो के हित मे महत्वपूर्ण कार्य कर रही है जिससे किसान अपनी आय मे वृद्धि कर सशक्त हो रहा है। कलेक्टर राजीव रंजन मीना ने कहा कि जिले में सिंचाई क्षेत्र बढने के साथ-साथ उत्पादन भी बढ रहा है किसान अपने उपज का मूल्य संर्वधन कर अधिक आय प्राप्त करने की ओर अग्रसर हो । कार्यक्रम को रूप रेखा श्री विजय चौरसिया उप संचालक कृषि जिला धार द्वारा रखी गई कार्यक्रम का संचालन श्रीमती डॉ. सविता कुमारी द्वारा किया गया।

## बहनों को मिले उपहार,उमड़ा बहनों का स्नेह 6 घंटे चला कार्यक्रम

**धार।** पीथमपु नगर के कंचन श्री गार्डन में रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर बुधवार को भव्य रक्षाबंधन महोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पीथमपुर क्षेत्र की 6 हजार से अधिक बहनों ने शामिल होकर भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती को रक्षासूत्र बांधा। सुबह 11 बजे शुरू हुआ कार्यक्रम शाम 5 बजे तक चला। समारोह में बड़ी संख्या में बहनों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। रक्षासूत्र बांधने के दौरान भाई-बहन के स्नेह और आत्मीयता का माहौल नजर आया। आयोजन समिति की ओर से कार्यक्रम में पहुंची बहनों के लिए भोजन और उपहार की विशेष व्यवस्था भी की गई थी। भारती ने पुष्पवर्षा कर किया स्वागत: रक्षाबंधन महोत्सव स्थल पहुँचने पर आयोजक निलेश भारती व स्थानीय नागरिकों ने बहनों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। मुख्य कार्यक्रम स्थल आगमन पर बहनों ने भी महंत भारती पर पुष्पवर्षा कर उनका आत्मीय स्वागत किया। भाजपा जिलाध्यक्ष निलेश भारती ने रक्षाबंधन को भाई-बहन के पवित्र रिश्ते, स्नेह और आत्मीयता का प्रतीक बताया। उन्होंने पीथमपुर क्षेत्र की सभी बहनों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने भगवान महाकाल से प्रार्थना करते हुए कहा कि सभी बहनें हमेशा सुखी और प्रसन्न रहें। उनके जीवन से हर दुख और संकट दूर हो तथा उनकी सभी मनोकामनाएं पूरी हों। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने को देखते हुए पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल की मौजूदगी में कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ।

## जिला मुख्यालय पर हर्षोल्लास से मनाई बलराम जयंती, निकली भव्य शोभायात्रा



**गुना।** जिला मुख्यालय पर बुधवार को भगवान बलराम जयंती हर्षोल्लास एवं श्रद्धाभाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर गायत्री मंदिर से भव्य शोभायात्रा प्रारंभ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन एवं श्रद्धालु शामिल हुए।

हे वर्ष तरह इस वर्ष भी रैली गायत्री मंदिर से प्रारंभ होकर हाट रोड, सदर बाजार एवं लक्ष्मीगंज होते हुए मानस भवन पहुंची। रैली के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल रहा। शाह में विभिन्न स्थानों पर शोभायात्रा का स्वागत भी किया गया। मानस भवन पहुंचने के बाद सभी समाजजनों के लिए भोजन प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। प्रसादी ग्रहण करने के पश्चात सभी श्रद्धालु अपने-अपने घरों के लिए प्रस्थान हुए बलराम जयंती को लेकर पूरे आयोजन में श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक एकजुटता का माहौल देखने को मिला।

## अग्रवाल धर्मशाला में 4 सितंबर को सजेगा खाटू श्याम का भव्य दरबार

**गुना।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर शहर के जाटपुरा स्थित अग्रवाल धर्मशाला में भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। 'श्री श्याम रसमंडल, गुना' के तत्वावधान में 4 सितंबर 2026, शुक्रवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव एवं खाटू श्याम भजन संध्या का आयोजन धूमधाम से किया जाएगा। कार्यक्रम सायं 7:30 बजे से शुरू होकर मध्यरात्रि 12:00 बजे प्रभु जन्मोत्सव तक चलेगा। आयोजन समिति के अनुसार इस दौरान बाबा श्याम का अलौकिक व भव्य दरबार सजाया जाएगा, जिसमें अखंड ज्योत, इत्र वर्षा एवं पुष्प वर्षा मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगी। भजन संध्या में सुप्रसिद्ध गायिका रानी पुष्पद (ब्यावरा) और आराधना विश्वकर्मा (ब्यावरा) अपने सुमधुर भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर करेंगी। संगीतमय भजनों की प्रस्तुति प्रेम म्यूजिकल ग्रुप सुगलिया द्वारा दी जाएगी।

## विद्यार्थियों को मिली नि:शुल्क साइकिल

**खंडवा।** रायचंद नागड़ा उत्कृष्ट विद्यालय में राज्य शासन की नि:शुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत कार्यक्रम का आयोजन कृष्ण जन्माष्टमी के संदर्भ में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक कंचन मुकेश तनवे रहीं, जबकि अध्यक्षता महापौर अमृता अमर यादव ने की। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि छात्र हमारे देश का एवं परिवार का भविष्य है, यदि छात्र छात्राएं पढ़ाई कर कर आगे बढ़ती है।

## भागवत कथा के द्वितीय दिवस भक्त और भक्ति के स्वरूप की हुई भावपूर्ण व्याख्या

**खण्डवा।** श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ समिति खण्डवा द्वारा अनाज मंडी प्रांगण में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस कथा वाचक देवी कृष्णप्रिया दीदी ने भक्त और भक्ति के स्वरूप पर भावपूर्ण एवं सारगर्भित व्याख्या करते हुए कहा कि हमें यह अहंकार होना चाहिए कि मैं भगवान का हूं और भगवान मेरे हैं। भगवान भक्तों के अहंकार का भी भोग लगाते हैं। दोपहर 2:30 बजे से शाम 6 बजे तक चली कथा में कृष्णप्रिया दीदी ने कहा कि भक्तों के कान गौकर्ण जैसे होने चाहिए, जो सदैव भगवान की कथा और सद्विचारों का श्रवण करें।


**I AQUIL INAYAT HUSAIN**

I HAVE CHANGE MY NAME AQUIL INAYAT HUSAIN TO AQUIL INAYAT HUSSAIN FOR ALL FUTURE PURPOSES AS PRESCRIBED IN MY GOVT CERTIFIED DOCUMENT
**ADDRESS 25 DADA BHAI NOROJI MARG UJJAIN (M.P.) INDIA PIN 456001**

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मुझ जाहिर सूचनाकर्ता के पुत्र का सही नाम आरूष नंदेड़ा AARUSSH NANDEDA है लेकिन मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र Registration No. B-2020-23-90153-004696 में पुत्र का नाम त्रुटिवश RUDRA NANDEDA एवं पुत्र के आधार नंबर 4561 9126 5373 में पुत्र का नाम त्रुटिवश इंग्लिश में AARUSH NANDEDA दर्ज हो गया है जबकि मेरे पुत्र का सही नाम आरूष नंदेड़ा AARUSSH NANDEDA है जो कि उसके अन्य दस्तावेजों में दर्ज है। अब भविष्य में मेरे पुत्र को उसके सही नाम आरूष नंदेड़ा AARUSSH NANDEDA निवासी-66/9, मेनरोड बड़ा बाजार, उन्हेल जिला उज्जैन म.प्र. के नाम से जाना व पहचाना जावे।

इति दिनांक 01/09/2026

**नारायण नन्देड़ा पिता श्री रामलाल नन्देड़ा**
**निवासी-66/9, मेनरोड बड़ा बाजार, उन्हेल जिला उज्जैन म.प्र. मोबा-7000742065**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी बनेसिंह पिता श्री उम्मेदसिंह जी, निवासी ग्राम चौसला, तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य कि सर्वे नम्बर 162/1 रकबा 0. 030 हेक्टर भूमि, ग्राम चौसला तहसील घट्टिया जिला उज्जैन में स्थित है, उक्त कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि मे से टोकन राशि का भुगतान भी उनको कर दिया है। अब केवल अनुबंध पत्र व विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है। उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिन के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई उज्र व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्र व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशुन्य रहेगी। सो सूचित हो। इति: दिनांक-02/09/2026

**पीयूष पण्ड्या, एडवोकेट**
**कार्यालय-डी-12 भूतल, भरतपुरीकॉम्प्लेक्स, उज्जैन मो. 94248 78460**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी 1- जैनब बी पति एहमद हुसैन 2-आशिक, 3-अखलाक, 4-शहनाज, 5-शबाना, 6-निलोफर, 7-रानी पिता एहमद नि0-भेरूगढ़ उज्जैन के मालिकी, स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे क्रं.-144/1 रकबा 0.1990 हैक्टर भूमि ग्राम भेरूगढ़ तह. उज्जैन नगर जिला उज्जैन मे स्थित है। मेरे पक्षकार ने क्रय अनुबंधित स्वामी सय्यद शारिक अहमद पिता सय्यद इकबाल अहमद नि.- भेरूगढ़, उज्जैन से उक्त वर्णित कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा कर बयाना राशि अदा कर दी है, शेष राशि भुगतान कर विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना बाकी रहा है। उक्त कृषि भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, अनुबंध आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार मे किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 (सात) दिन मे अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा उक्त अवधि पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित मे उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उसके पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी, न ही मेरे पक्षकार पर बंधनकारक होगी।

सूचित हो। दिनांक-1/09/2026

**सौरभ झांग्यानी एडवोकेट**
**कार्यालय-डीएफ-10 प्रथम तल भरतपुरी शॉपिंग काम्पलेक्स हाउसिंग बोर्ड के सामने, उज्जैन**
**मो. 9893475352**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने विकेता मूल भूमि स्वामी मनीष कुमार जैन पिता पारसचंद जैन जाति जैन निवासी आगर तहसील आगर जिला आगर मालवा से उनके स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 1715 रकबा 1.00 हेक्टर कुल किता 01 कुल विकित रकबा 1.00 हेक्टर लगानी स्थित चिपिया तहसील बडौद जिला आगर मालवा मध्यप्रदेश को क्रय करने का सौदा चिट्ठी पत्रक किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है। अब शेष विक्रय धन अदा कर विक्रय अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासन या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो, अथवा उक्त सम्पत्ती किसी को रहन या अन्य किसी भी प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर सम्पर्क करें एवं अपना दावा एवं आपत्ती रखें। अन्य दशा में बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा । व कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी सूचित हो । दिनांक- 02-09-2026

**कमलसिंह यादव ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**तहसील कार्यालय के सामने बस स्टेंड आफिस नंबर 08 घटिया, जिला उज्जैन मो. 9424814613**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्री गणपत पिता श्री माधु जाति गारी निवासी ग्राम कागदी कराड़िया कृषक ग्राम पानबिहार तहसील घट्टिया जिला उज्जैन से उनके निजी स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 2453/4 रकबा 0.11 हैक्टर भूमि कुल किता 01 कुल रकबा 0.11 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम पानबिहार तहसील घट्टिया जिला उज्जैन को क्रय करने का सौदा चिट्ठी पत्रक किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है। अब शेष विक्रय धन अदा कर विक्रय अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासन या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो, अथवा उक्त सम्पत्ती किसी को रहन या अन्य किसी भी प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर सम्पर्क करें एवं अपना दावा एवं आपत्ती रखें। अन्य दशा में बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी। सूचित हो। दिनांक- 02-09-2026

**अश्विन पलोड़ ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**तहसील कार्यालय घट्टिया, जिला उज्जैन**
**मो. 99265-32350**

## न्यूज-कॉलम

### डा.पूरण सहगल की पुस्तक का विमोचन 6 सितंबर को होगा

**नीमच।** लोक संस्कृति के आराधक डॉ. पूरण सहगल की पुस्तक जनजातीय लोक संस्कृति के विविध आयाम का विमोचन समाजशास्त्री डॉ.आशुतोष व्यास (पूर्व प्राचार्य, डॉ आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय, निम्बाहेड़ा) के मुख्य आतिथ्य में किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनन्त श्री विभूषित महामंडलेश्वर सुरेशानन्दजी शास्त्री गुरुजी, धन्वन्तरि पीठम, निपानिया आबाद करेंगे। यह जानकारी देते हुए अखिल भारतीय साहित्य परिषद के महासचिव अम्बिका प्रसाद जोशी ने बताया कि विमोचन कार्यक्रम 6 सितंबर को संध्या 6 बजे चिल्ड्रन्स वेल एकेडमी, मनासा रोड़ नीमच पर किया जाएगा। आपने नगर के साहित्य प्रेमियों से अधिकाधिक संख्या में कार्यक्रम में पधारने का अनुरोध किया है।

### 92 पेटी बीयर व देशी मदिरा सहित पीकअप वाहन जब्त

**मंदसौर।** जिले के दलौदा थाना पुलिस टीम ने 30 पेटी देशी प्लेन शराब, 62 पेटी बीयर और एक पीकअप वाहन जब्त किया है। जब्त सामग्री और वाहन की कुल कीमत 13 लाख 17 हजार 856 रुपये आंकी गई है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम नाईखेड़ी से टोलखेड़ी मार्ग पर घेराबंदी की जहां पीकअप वाहन नं. एमपी 14 जेडएफ 1579 आते दिखा। पुलिस बल को देखकर वाहन चालक अंधेरे का फायदा उठाकर खेतों के रास्ते भाग निकला। वाहन की तलाशी लेने पर 30 पेटी देशी मदिरा और 62 पेटी माउण्ट्स 6000 सुपर स्ट्रॉग बीयर केन बरामद हुई, जिसकी कुल मात्रा 1014 बल्क लीटर तथा कीमत 3,17,856 रुपये थी। जांच के दौरान वाहन का पंजीयन लियाकत पिता अफजल खाँ मेव निवासी गौतम नगर दलौदा के नाम पर पाया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वाहन स्वामी लियाकत को गिरफ्तार कर लिया है।

### श्रद्धा के साथ मनाई बलराम जयंती

**मंदसौर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा भगवान बलराम की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने भगवान बलराम के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उनके जीवन-मूल्यों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे. एस. दुबे ने कहा कि भगवान बलराम भारतीय संस्कृति में शक्ति, पराक्रम, कृषि एवं लोक जीवन के प्रतीक हैं। उनका जीवन हमें परिश्रम, अनुशासन, साहस और कर्तव्यनिष्ठा की सीख देता है। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. ललिता लोधा ने कहा कि भगवान बलराम का चरित्र भारतीय लोकचेतना में विशेष स्थान रखता है।

# हायर सेकेंडरी खेल मैदान सुरक्षित रखने हेतु धरना आंदोलन जारी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नीमच

शहर के मध्य हायर सैकेंडरी स्कूल क्र-२ के ऐतिहासिक मैदान बचाने को लेकर विवाद के बाद अब लगातार विरोध बढ़ रहा है। भारतमाता चौराहे पर खेल मैदान बचाओ समिति का धरना मंगलवार को नौवें दिन भी जारी रहा। आंदोलन में अब खेल जगत की सक्रिय भागीदारी सामने आने लगी है। मंगलवार को नीमच क्रिकेट टीम धरना स्थल पर सम्मिलित होकर मैदान को बचाने की मांग का समर्थन किया है।

मंगलवार को नीमच पैंथर्स क्रिकेट टीम ने मैदान बचाओ समिति के धरने में खिलाड़ियों ने मैदान को सुरक्षित रखने मांग को लेकर अपना समर्थन दर्ज कराया। आंदोलनकारियों का कहना है कि हायर सैकेंडरी का यह मैदान वर्षों से खेल मनीष वर्मा के नेतृत्व में सहभागिता की। यह मैदान खेल गतिविधियों का केंद्र रहा है और इसके स्वरूप में बदलाव का सीधा असर स्थानीय खिलाड़ियों पर पड़ेगा। उनका कहना है कि बच्चों और युवाओं के लिए शहर में पहले से उपलब्ध खेल संसाधन सीमित हैं, इसलिए मौजूद मैदान को किसी दूसरे उपयोग में बदलने के बजाय खेल गतिविधियों के लिए सुरक्षित रखना आवश्यक है। इसी मुद्दे को है। इसी मुद्दे को लेकर समिति और खेलप्रेमी अनिश्चित कालीन धरने पर बैठे हैं और उनका रुख स्पष्ट है कि मांग पूरी होने होने तक आंदोलन जारी रखा जाएगा। मंगलवार को धरना स्थल पर डॉ. मुफीस अली, विनायक खंडेलवाल, आशीष समर्थक मौजूद रहे।

उन्होंने आंदोलन अपनी सहभागिता दर्ज कराई। जिसमे केशव शर्मा, मोनी (प्रिंस) अहीर, सलीम भाई मंसूरी, डॉ.बी के मिश्रा, शाहिद खान और प्रदीप वर्मा सहित अन्य खेलप्रेमी व में बढ़ते निर्माण के बीच खुली जगह की।

जरूरत-आंदोलनकारियों ने शहर में बढ़ती निर्माण गतिविधियों के बीच खुले स्थानों की कमी को प्रमुख मुद्दा बनाया है। उनका कहना है कि आबादी और निर्माण का विस्तार होने के साथ बड़े खुले क्षेत्र और महत्वपूर्ण हो जाते हैं। ऐसे स्थानों को बचाए रखना शहर की दीर्घकालीन जरूरतों में शामिल होना चाहिए।

पर्यावरणीय दृष्टि से भी अहम-खुले मैदान शहरी क्षेत्र में प्राकृतिक खुलापन बनाए रखने में मदद करते हैं। आंदोलन से जुड़े लोगों का कहना है कि घनी होती आबादी के बीच ऐसे स्थानों की उपयोगिता केवल खेल गतिविधियों तक नहीं रहती। खुले क्षेत्र नागरिकों को बेहतर पर्यावरण का वातावरण उपलब्ध कराने में भी भूमिका निभाते हैं। ऐसे खेल मैदान आने वाली पीढ़ी के बच्चों के लिए अभी महत्वपूर्ण है इ आंदोलन समिति सदस्यों का कहना था कि मैदान जब तक सुरक्षित नहीं हो जाता है तब तक आंदोलन अनिश्चितकाल के लिए जारी रहेगा।

## न्यूज कालम




### यज्ञ पूर्णाहुति एवं सुंदरकांड के बाद समापन हुआ पैदल यात्रियों का राम रसोड़ा भंडारा

**पिपलिया मंडी।** रामदेवरा दर्शनार्थी पैदलयात्रियों के लिए 16 अगस्त से 2 सितंबर 26 तक आयोजित 18 दिवसीय राम रसोड़ा पंडित ओमप्रकाश दुबे के आचार्यत्व में आयोजित यज्ञ पूर्णाहुती एवं पूर्व संध्या पर आयोजित सुंदरकांड के साथ समापन हुआ रामरसोड़ा भंडारा। प्रतिदिन दो पहिया वाहन से,टेम्पो से तथा हजारों पैदल यात्रीयो की ऐतिहासिक सेवाएं रही। इसी कार्यक्रम के तहत 85 हजार 324 रु दानपेटी से प्राप्त हुए। जो अगले वर्ष होने वाले राम रसोड़ा हेतु जसवंत राठौर विनोद मालवीय राकेशज पालीवाल जीतेन्द्र लक्ष्कार के नाम से बैंक में फिक्स डिपाजिट किए गए। रसोड़ा समिति ने समस्त दानदाताओं,सेवा अभिलाषियो का हृदय से आभार व्यक्त किया।

### ट्रक की चपेट में आए युवक की मौत हादसा या आत्महत्या पुलिस जांच में जुटी

**जावरा।** महू नीमच फोरलेन स्थित चौपाटी पेट्रोल पंप के सामने बुधवार को सड़क हादसे में एक युवक की चलते ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के पूर्व मृतक डिवाइडर पर बैठा था।अचानक घटना को लेकर स्पष्ट नहीं हो सका कि युवक ट्रक की चपेट में आया



या जानबूझकर ट्रक से टकराया पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। वैसे मृतक की पहचान जगन्नाथ पिता शंकर लाल चौधरी निवासी नौगांव जागीर बिलपांक के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियो के अनुसार युवक काफी समय से सड़क के डिवाइडर पर बैठा हुआ था कुछ समय पश्चात अचानक वह चलते ट्रक की ओर गया और उसकी चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक को कब्जे में लिया तथा मृतक को तुरंत शासकीय चिकित्सालय भेजा गया।

## दशपुर योग शिक्षा संस्थान की योग प्रतियोगिताओं में शांकी कश्यप ने मारी बाजी, दोनों स्पधाओं में रहीं प्रथम




दैनिक अवन्तिका ▶▶ मंदसौर

दशपुर योग शिक्षा संस्थान द्वारा पंजीकृत योग साधकों के लिए आयोजित दो विशेष योग प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन योग गुरु सुरेन्द्र जैन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इन प्रतियोगिताओं में साधिका शांकी आनंद कश्यप ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर दोनों स्पधाओं में प्रथम स्थान हासिल कर दोहरा खिताब अपने नाम किया।

संस्थान के प्रतियोगिता संयोजक जितेश फरक्या ने जानकारी देते हुए बताया कि साधकों में योग के प्रति जागरूकता और उत्साह बढ़ाने के उद्देश्य से योग बौद्धिक स्पर्धा और योग कला स्पर्धा आयोजित की गई थी। स्पर्धा में निर्णायक मंडल की भूमिका योग गुरु सुरेंद्र जैन, ओम गर्ग, लोकेंद्र जैन, जिनेंद्र उकावत, प्रीति जैन और ललित जैन ने निभाई। स्वास्थ्य एवं योग से संबंधित योग बौद्धिक स्पर्धा में कुल ७० साधकों ने भाग लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच शांकी कश्यप ने प्रथम, मनीषा गोयल ने द्वितीय तथा स्वाति छिब्बरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

आनंद कश्यप, अंजली माहेश्वरी और भूमिका खेराजानी को प्रोत्साहन पुरस्कार मिला। वहीं तीन चरणों में आयोजित योग कला स्पर्धा में 48 साधकों ने अपनी योग कला का प्रदर्शन किया, जिसमें भी शांकी कश्यप प्रथम, शोभा हिरानी द्वितीय और रश्मि कोतक तृतीय स्थान पर रहीं। पीहू पुनवानी, कोमल कोटवानी तथा अंजली माहेश्वरी को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया गया।

## बोरदा गांव में युवक की सनसनी खेज हत्या, आरोपी फरार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ रतलाम

सरवन थाना क्षेत्र के बोरदा गांव में एक युवक भीम (34) पिता मनोहर चरपोटा की हत्या का मामला सामने आने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। हत्या का आरोप मृतक की पत्नी ललिता पर लग रहा है, जो वारदात के बाद से ही संदिग्ध परिस्थितियों में फरार है।

प्राथमिक जानकारी के अनुसार, घटना की वजह घरेलू विवाद या पुरानी रंजिश मानी जा रही है। वारदात को अंजाम देने के बाद से आरोपी पत्नी मौके से गायब है, जिसके चलते पुलिस की शक की सुई उसी पर टिकी हुई है।

**पुलिस की कार्रवाई और जांच**

घटना की सूचना मिलते ही सरवन थाना पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल भिजवाया। एडिशनल एसपी राकेश पन्द्रो, एसडीओपी नीलम बघेल, एफएसएल अधिकारी अतुल मित्तल, सरवन थाना प्रभारी अर्जुन सेमलिया, एसआई जगदीश सिंह तोमर, एसआई जी.एल. भूरिया सहित थाना बल मौके पर पहुंचा और घटनास्थल का निरीक्षण किया। एफएसएल अधिकारी मित्तल की प्रारंभिक जानकारी के अनुसार घटना करीब 24 घंटे पूर्व होने की संभावना जताई गई है।

**तो होगा वास्तविक कर्म का खुलासा**

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फरार पत्नी ललिता की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें गठित की गई हैं, जो संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपी के पकड़े जाने के बाद ही हत्या के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## विहिप स्थापना दिवस व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर निकलेगा चल समारोह

दैनिक अवन्तिका ▶▶ मंदसौर

विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव के अवसर पर आयोजित होने वाले भव्य चल समारोह, धर्मसभा और दही हांडी उत्सव की तैयारियों को लेकर पुलिस कंट्रोल रूम में विहिप पदाधिकारियों और पुलिस-प्रशासन की संयुक्त बैठक संपन्न हुई।

बैठक में विहिप जिला मंत्री हेमंत बुलचंदानी ने बताया कि 4 सितम्बर को दोपहर 12 बजे केशव सत्संग भवन से भव्य चल समारोह प्रारंभ होगा। यह चल समारोह खानपुरा पुलिया, मंडी गेट, धान मंडी चौराहा, बड़ा चौक, गणपति चौक, शुक्ला चौक, घंटाघर, बस स्टैंड और बड़े बालाजी होते हुए गांधी चौराहा पहुंचेगा। चल समारोह में पारंपरिक वेशभूषा में घुड़सवार बहनें, बैंड-बाजों के साथ मातृशक्ति की कलश यात्रा, झाकियां, अखाड़ों के करतब, दुर्गा वाहिनी का शस्त्र कला प्रदर्शन और ढोल-ताशे विशेष आकर्षण रहेंगे।

चल समारोह के पश्चात गांधी चौराहा पर धर्मसभा आयोजित होगी, जिसमें केंद्रीय अधिकारी का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। धर्मसभा के उपरांत अखाड़ा गुरुओं एवं उस्तादों का श्रीफल, दुपट्टा, शस्त्र एवं सहयोग राशि भेंट कर सम्मान किया जाएगा। इसके बाद रात्रि में गांधी चौराहा पर भव्य दही हांडी (मटकी फोड़) प्रतियोगिता आयोजित होगी, जिसमें विजेता टोली को पुरस्कृत किया जाएगा। बैठक में विहिप विभाग व जिला टोली के पदाधिकारी, कोतवाली थाना प्रभारी (टीआई) तथा नगर पुलिस अधीक्षक (सीएसपी) सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## जंगली जानवर के हमले से 6 बकरियों की मौत

**मंदसौर।** जिले के ग्राम हासली में बुधवार सुबह एक जंगली जानवर ने किसान के बाड़े में बंधी बकरियों पर हिंसक हमला कर दिया। इस हमले में कुल 12 बकरियों में से 6 की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 4 गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं जंगली जानवर 2 बकरियों को अपने साथ उठाकर ले गया। सुबह जब किसान नैन सिंह गुर्जर अपने बाड़े में पहुंचे तो वहां का दृश्य देखकर स्तब्ध रह गए और उन्होंने तुरंत पुलिस व वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलने पर नई आबादी थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा तैयार किया। वहीं वन विभाग की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जानवर के सुराग जुटाने का प्रयास किया, वन विभाग के अनुसार शुरूआती जांच में किसी बड़े जंगली जानवर के हमले का अंदेशा है।



## पोरवाल समाज महिला मंडल की सदस्याओं ने किया वन विहार

**मन्दसौर।** श्री जांगड़ा पोरवाल समाज महिला मंडल मंदसौर द्वारा कजरी तीज के पावन अवसर पर सुंदरबन एडवेंचर पार्क के सामूहिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस वन विहार कार्यक्रम में मंडल की 60 से अधिक महिलाओं ने सहभागिता करते हुए पार्क की विभिन्न गतिविधियों का आनंद लिया। अध्यक्ष कुसुम सेठिया ने बताया कि भादौ माह में आने वाली कजरी तीज प्रकृति की हरियाली और उत्सव का प्रतीक है। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सभी महिलाएं अपने साथ विभिन्न फलों के बीजों से बनी सिड्स बॉल लेकर आईं, जिन्हें जंगल में डाला गया ताकि नए पौधे उग सकें। सचिव निधि गुप्ता ने कहा कि वृक्ष धरती के आभूषण हैं जो इसकी सुंदरता बढ़ाते हैं, वहीं कोषाध्यक्ष हेमलता गुप्ता ने बताया कि सभी सदस्यों ने शिव पूजन के पश्चात देवडूगरी पहुंचकर माँ अम्बे के दर्शन किए और भजनों पर नृत्य किया। इस अवसर पर मार्गदर्शन मंडल की निर्मला मांदलिया, गीता धनोतिया, गीता पोरवाल, पुष्पा मरच्या, संतोष फरक्या के साथ ही सीमा पोरवाल, सुशीला मोदी, ममता रत्नावत, उषा रत्नावत, रानी रत्नावत, ज्योति काला, सुशीला घाटिया, किरण पोरवाल, सुनीता सेठिया, संगीता फरक्या, सुमित्रा सेठिया, रेखा मंडवारिया, निर्मला गुप्ता, गुणमाला धनोतिया सहित अनेक सदस्याएं उपस्थित रही।

### इनरव्हील क्लब की बैठक में आगामी सेवा प्रकल्पों की रूपरेखा तैयार



**मन्दसौर।** इनरव्हील क्लब मंदसौर की मासिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें क्लब द्वारा पूर्व में किए गए विभिन्न प्रोजेक्ट्स की समीक्षा की गई और आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में महिलाओं के सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं समाजसेवा से जुड़े कार्यों को और अधिक गति देने पर विशेष जोर दिया गया। क्लब अध्यक्ष अंजना पटेल ने पूर्ण हो चुके प्रोजेक्ट्स के प्रभाव और उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि क्लब द्वारा किए जा रहे सेवा कार्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का एक सशक्त माध्यम हैं। सचिव अल्पना राठौड़ ने पूर्व में संपन्न गतिविधियों की जानकारी देते हुए आगामी सामाजिक प्रोजेक्ट्स का ब्योरा सदस्यों के सामने रखा। दौरान मनोरंजक गेम और लकी ड्रॉ का आयोजन हुआ, जिसमें इंदु पंचोली, उषा कुमावत, आभा त्रिवेदी, अल्पना राठौर और कमला शर्मा विजेता रहीं। कार्यक्रम की प्रायोजक पूर्व अध्यक्ष इंदु पंचोली रहीं तथा रेखा हिंगड़ ने इनरव्हील प्रार्थना प्रस्तुत की। आभार प्रदर्शन साक्षी जैन द्वारा किया गया।

### महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण, वाटिका का लोकार्पण संपन्न

**नीमच।** विधानसभा के ग्राम पंचायत बामनिया में महाराणा प्रताप प्रतिमा अनावरण एवं वाटिका लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती गोपाल बाई बालमुकुंद पाटीदार ने की।

**पश्चिम रेल्वे-रतलाम**
**निविदा सूचना**
निविदा सूचना: M247GLRS3PHTM262719 Date: 01-09-2026. कार्य का नाम: 3 फेस ट्रैक्शन मोटर (Type-6FRA6068) का रिपेयर-रिहैबिलिटेशन, स्थान: मु. का. प्र./दाहोद प. रेलवे कार्यालय। 2. कार्य की अनुमानित लागत: Rs. 95,69,138.94/- । 3. बयाना राशि: Rs.1,99,400/- । 4. ई-निविदा जमा करने तथा खुलने की दिनांक तथा समय: ई-निविदा जमा करने की नियत दिनांक तथा समय 25.09.2026 को 14.30 बजे तक तथा ई-निविदा उसी दिन 15.00 बजे खोली जायेगी। 5. निविदा सूचना तथा प्रपत्र उपलब्धता: www.ireps.gov.in / E-Tenders / Works / IR Electrical. 0235
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

## इंटरनेशनल प्रेसिडेंट अवॉर्ड से पूर्व अध्यक्ष अनिल धारीवाल को नवाजा

### डिस्ट्रिक्ट में पहला व भारत में तृतीय स्थान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ जावरा

लायंस डिस्ट्रिक्ट 3233 जी१ के सत्र 24-25 का अवार्ड समारोह इंदौर में संपन्न हुआ। समारोह में इंटरनेशनल वॉइस प्रेजिडेंट वी विजय राज इंटरनेशनल डायरेक्टर कुलभूषण मित्तल एरिया लीडर मनीष शाह



मल्टीपल चेयरपर्सन प्रवीण वशिष्ठ मल्टीपल सचिव अनिल खंडेलवाल डिस्ट्रिक्ट गवर्नर जयप्रकाश त्रिपाठी आदि अतिथियों की उपस्थिति में लायंस क्लब जावरा के 55 वर्ष के इतिहास में लायंस इंटरनेशनल द्वारा उत्कृष्ट सेवा एवं नेतृत्व के लिए दिए जाने वाला इंटरनेशनल प्रेसिडेंट अवॉर्ड लायंस क्लब जावरा के पूर्व अध्यक्ष अनिल धारीवाल को प्रदान किया। धारीवाल ने सत्र 24-25 में जिला कैबिनेट में जीएमटी कोऑर्डिनेटर रहते हुए उनके प्रयासों से सदस्यता वृद्धि में जिला मल्टीपल स्टार में प्रथम एवं भारत में तृतीय स्थान पाया। उक्त प्रतिष्ठित सम्मान लायंस क्लब जावरा में पहली मर्तबा मिला इसी सत्र के अध्यक्ष डॉ शैलेंद्र पांडे को डिस्ट्रिक्ट का सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष एवं सचिव यश जैन व कोषाध्यक्ष संजय गोधा को भी सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में लायंस क्लब अध्यक्ष सुधीर जैन, संदीप रॉका, विपिन चोरडिया, सजी वर्गीस ,एवं प्रदीप शर्मा आदि उपस्थित थे।

### युवा कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**नीमच।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे की सभा स्थल पर कथित रूप से किए गए शुद्धिकरण और इस मामले में आवाज उठाने वाले लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज एफआईआर के विरोध में मंगलवार को रतनगढ़ में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। ब्लॉक युवा कांग्रेस एवं अनुसूचित जनजाति विभाग के संयुक्त नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

## श्री दिगम्बर जैन महिला संगठन की नवीन कार्यकारिणी घोषित



**मन्दसौर।** श्री दिगम्बर जैन महिला संगठन की वर्ष 2026-28 की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा संरक्षक संतोष सेठी ने की। अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी डॉ. चंदा कोठारी को सौंपी गई है। नवीन कार्यकारिणी में संरक्षक सुशीला गोधा, लता बाकलीवाल, आरती जैन, रेणुका गांधी, अनुरेखा पाटनी, डॉ. कमला जैन, उषा पाटनी व सुशीला कोठारी, उपाध्यक्ष सुलोचना कोठारी, सचिव नीतू पाटनी, कोषाध्यक्ष शालिनी झांझरी, संगठन मंत्री बबली अग्रवाल, निधि गोधा, भावना पाटनी, निशा बाकलीवाल, पद्मा बड़जात्या, पूजा गांधी व नीतू विनायका, सांस्कृतिक मंत्री शुभांगी गांधी, नम्रता मित्तल, नैना बाकलीवाल व प्रेरणा बाकलीवाल, धार्मिक गतिविधि मंत्री सिम्पल सेठी, संगीता पाटनी, डॉली बाकलीवाल व अनीता गांधी, प्रचार मंत्री आशा जैन, योजना कोठारी व प्रीति अग्रवाल बनाय गये। कार्यकारिणी सदस्यों में चेतना जैन, मुक्ता अग्रवाल, ममता जैन, निशी पाटनी, रिंकू गोयल, लक्ष्मी चौधरी, ज्योति गर्ग, सविता मिण्डा, सरिता जैन व सुषमा दोशी को शामिल किया गया है।

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-17
**जाहिर सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- अर्जुन पाल पिता घनश्याम पाल क्रेता- विजय कुमार जैन पता- 117-5 पैकी भाग भगतसिंह नगर सांवेर रोड (पुल के पास) इन्दौर पिन- 1001292327 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 17 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-17 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-19
**जाहिर सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- विष्णु दयाल विजयवर्गीय पिता सिद्धूलाल विजयवर्गीय क्रेता- जितेन्द्र अग्रवाल पिता हरीप्रसाद अग्रवाल पता- प्लाट नं. 100 शिवशक्ति नगर इन्दौर पिन- 1001326356 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 19 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-19 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-19
**जाहिर सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- सोनाली पति राकेश कुमार जैन क्रेता- गिरीश कुशवाह पिता दयाशंकर कुशवाह पता- 317 ब्रज मोहिनी नगर इन्दौर पिन- 1004456314 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 19 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-19 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-19
**जाहिर सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- कृष्णा पति महेश तिवारी क्रेता- दीपक शर्मा पिता हेमचंद्र शर्मा पता- 306 युक्ति हिल्स-ए 75 सम्पत हिल्स इन्दौर पिन- 1003122636 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 19 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-19 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-19
**जाहिर सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- अनाज किराना टी तिलहन संस्था मर्यादित क्रेता- शिमला खान पति अब्दुल एजाज शेख पता- 03 सोमती नगर इन्दौर पिन- 2000251148 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 19 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-19 नगरपालिका निगम इन्दौर

## धनगर बने ब्लॉक प्रवक्ता



**सारंगपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन का विस्तार करते हुए कर्मठ नेता लखन धनगर को सारंगपुर ब्लॉक प्रवक्ता की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी इस नियुक्ति पर क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं, युवाओं और वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया है। अपनी नियुक्ति पर शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए नवनियुक्त ब्लॉक प्रवक्ता लखन धनगर ने आगामी समय में पार्टी की रीति-नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को मजबूती प्रदान करने का संकल्प दोहराया।

## कन्या विद्यालय सारंगपुर में शिक्षक-पालक सम्मेलन संपन्न, एसएमसी का गठन

**सारंगपुर।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारंगपुर में मंगलवार को शिक्षक-पालक सम्मेलन आयोजित किया गया। शासन के निर्देशानुसार सम्मेलन में सर्वसम्मति से शाला प्रबंधन समिति का पुनर्गठन हुआ। इसमें भगवान सिंह भिलाला ग्राम डेंडी को अध्यक्ष एवं ललिता वर्मा ग्राम जमनागंज को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। प्राचार्य दिनेश गुप्ता ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि नवगठित समिति विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और भौतिक विकास में अहम भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर विद्यालय परिवार और पालकगण उपस्थित रहे।

## जैन का 68 वर्ष की उम्र में निधन



**सुसनेर।** दिगंबर जैन समाज के वरिष्ठ समाजजन एवं प्रतिष्ठित मिर्ची व्यवसायी कोमलचंद जैन मिचीर्वालें का 68 वर्ष की आयु में सोमवार की रात्रि में हद्रयघात से निधन हो गया है। उनके आकस्मिक मृत्यु से जैन समाज सहित पूरे स्थानीय क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। सोमवार को सुबह उनके निवास शुक्रवारिया बाजार से शवयात्रा निकाली गई, जो कंठाल नदी मुक्तिधाम पर पहुंची। जहां पर उनका अन्तिम संस्कार किया गया। उनके पूत्र निलेश जैन,मनीष जैन एवं रनीश जैन ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। वरिष्ठजनों ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुवें उन्हें श्रद्धाजंली अर्पित करते हुवें दो मिनिट का मौन रखा गया।

## तेरह मेघावी विद्यार्थियों के बैंक अकाउंट में जमा हुई लैपटॉप की राशि

**महिदपुर रोड।** नगर के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सहित पास के गांव झुटावद हायर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा बारहवीं के तेरह मेघावी छात्र-छात्राओं को प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत 25-25 हजार की राशि संबंधित छात्र-छात्राओं के बैंक खातों में मंगलवार की शाम को अंतरित हो गई। प्राचार्य शिवनारायण बामनिया तथा राहुल पोर वाल ने जान कारी देते हुए बताया नगर के हायर सेकेंडरी स्कूल में 10 मेघावी छात्र-छात्राओं को तथा ग्राम झुटावद हायर सेकेंडरी स्कूल की तीन मेघावी छात्राओं को पात्रता अनुसार लैपटॉप की राशि उनके बैंक खाते में अंतरित होने की जानकारी मिली है।

## प्राकृतिक राखी से पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**सारंगपुर।** स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने राखी बेल से प्राकृतिक राखियां बनाईं और उन्हें पेड-पौधों पर बांधकर उनके संरक्षण व संवर्धन का संकल्प लिया। समारोह में प्राचार्या संगीता गुप्ता ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं, इसलिए हर व्यक्ति को इनके संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। एनएसएस प्रभारी डॉ. अरुणा सोलंकी ने अधिक से अधिक पौधे लगाने व उनकी नियमित देखभाल करने की बात कही। वहीं इको क्लब प्रभारी डॉ. फारूक पठान ने पर्यावरण संतुलन में वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने संदेश दिया कि भाइयों की तरह प्रकृति और वृक्षों की रक्षा करना भी सभी का नैतिक दायित्व है।

भादो में भक्ति भाव से होंगे धार्मिक आयोजन, रहेगी पर्वों की धूम

# सितंबर में जन्माष्टमी, हरतालिका तीज, गणेश चतुर्थी, राधाष्टमी और अनंत चतुर्दशी सहित कई प्रमुख पर्व

- मंदिरों में होंगे धार्मिक आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

सावन मास की भक्ति के बाद अब भाद्रपद यानी भादो मास में भी सुसनेर नगर धर्म, आस्था और उत्सव के रंग में रंगा नजर आएगा। सितंबर माह में एक के बाद एक प्रमुख व्रत-पर्व और धार्मिक आयोजन होंगे। गणेशोत्सव, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, हरतालिका तीज, राधाष्टमी और अनंत चतुर्दशी जैसे पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाए जाएंगे। वहीं जैन समाज का पर्युषण पर्व भी धार्मिक साधना, तप और आत्मशुद्धि के साथ मनाया जाएगा।

4 सितंबर को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया जाएगा। इस अवसर पर नगर के मंदिरों में विशेष साज-सज्जा और धार्मिक आयोजन होंगे। दिनभर पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन का दौर चलेगा। रात में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के समय मंदिरों में नंद के आनंद भयो, जय कन्हैयालाल की के जयकारे गूंजेंगे। इसके बाद राधाष्टमी का पर्व भी श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा।



हरतालिका तीज का पर्व मनाया जाएगा। सुहागिन महिलाएं अखंड सौभाग्य, पति की दीघार्यु और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना को लेकर व्रत रखेंगी। महिलाएं भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना करेंगी। तीज को लेकर बाजारों में भी चूड़ी, मेहंदी और पूजन सामग्री की मांग बढ़ने की संभावना है।

भाद्रपद मास में गणेश चतुर्थी के साथ नगर में गणेशोत्सव की शुरूआत होगी। विभिन्न स्थानों पर भगवान गणेश की प्रतिमाएं विराजित की जाएंगी। गणेश पंडालों में प्रतिदिन आरती, पूजा-अर्चना और धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। शाम होते ही पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटेगी और गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से नगर का वातावरण भक्तिमय होगा।

जैन समाज के लिए भाद्रपद मास विशेष धार्मिक महत्व रखता है। 8 से 25 सितंबर तक पर्युषण पर्व मनाया जाएगा। इस दौरान समाजजन संयम, तप, स्वाध्याय और आत्मशुद्धि की साधना करेंगे। जैन मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, धार्मिक अनुष्ठान और प्रवचन होंगे। पर्व के दौरान त्याग और तपस्या को विशेष महत्व दिया जाएगा। 25 सितंबर को क्षमावाणी पर्व के साथ पर्युषण का समापन होगा।

### सितंबर भर रहेगा आस्था और उत्सव का माहौल

भादो मास में लगातार आने वाले पर्वों के चलते सितंबर माह में सुसनेर नगर में धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियां बढ़ेंगी। मंदिरों में जहां पूजा-पाठ और भजन-कीर्तन होंगे, वहीं गणेशोत्सव के पंडालों में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहेंगे। अलग-अलग समाजों के पर्वों के चलते पूरे महीने नगर में भक्ति, आस्था, तप और उत्सव का संगम देखने को मिलेगा।

## 38 वर्ष की सेवा पूरी होने पर मंडी समिति द्वारा सेवानिवृत्ति कार्यक्रम आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ तराना




कृषि उपज मंडी समिति तराना के कर्मचारी लीलाधर परमार की सेवा निवर्ति होने पर उनके सम्मान में एक विदाई एवं सेवानिवृत्ति समारोह का गरिमामय आयोजन मंडी प्रांगण में किया गया।उक्त अवसर पर समारोह में सचिव मानसिंह यादव कृषि उपज मण्डी समिति कृषक संघ, हम्माल - तुलावटी संघ, व्यापारी संघ के प्रतिनिधियों सहित मंडी समिति के समस्त अधिकारी व कर्मचारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कृषक संघ, व्यापारी संगठन, कार्यालयीन स्टॉफ के प्रतिनिधियों आदि के द्वारा सेवानिवृत्त लीलाधर परमार का पुष्पमालाओं से सत्कार किया। शॉल, श्रीफल, साफा व स्मृति चिह्न भेंट किया गया तथा शुभकामनाएँ प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन ई-मण्डी प्रभारी मनोज सोनी उपनिरीक्षक द्वारा किया गया। वक्ताओं ने परमार के 38 वर्ष के सेवाकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने पूरे कार्यकाल में कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और मिलनसार स्वभाव के साथ अपनी सेवाएं दी हैं। सभी उपस्थितजनों ने उनके स्वस्थ, सुखी और दीघार्यु जीवन की कामना करते हुए उन्हें विदाई दी।

इस अवसर पर व्यापारी संगठन अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेन्द्र सोनी, श्याम मित्तल, गौरव जायसवाल, प्रियांशु जायसवाल, जितेन्द्र मालवीय, कृषि उपज मण्डी तराना लेखापाल जितेन्द्र उपाध्याय, मण्डी शुल्क प्रभारी गगन गुप्ता उपनिरीक्षक, भण्डार शाखा प्रभारी महेश सोलंकी, स्थापना शाखा प्रभारी श्री अशोक देवड़ा, नीलाम प्रभारी निरीक्षक लोकेन्द्र कछावा, उपनिरीक्षक किरण सरले, सरीता परमार, अल्का वावसे सहायक देवेन्द्र सराठे, रोहित जारवाल, महेश व्यास, रमेशचन्द्र पंवार एव आउटसोर्स कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## नगर परिषद अध्यक्ष के उपचुनाव का ऐलान, 29 सितंबर को मतदान

- 8 सितंबर से नामांकन
- 18 को नाम वापसी
- 3 अक्टूबर को मतगणना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

नगर परिषद के अध्यक्ष पद के उपचुनाव का इंतजार अब खत्म हो गया है। राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष 2026 पूर्वार्ध का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। इसके तहत नगर परिषद सुसनेर के अध्यक्ष पद के लिए 29 सितंबर को मतदान होगा। वहीं 3 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से मतगणना कर चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही नगर परिषद सुसनेर के सभी 15 वार्डों में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है।

निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार 8 सितंबर से नाम निर्देशन पत्र जमा करने की प्रक्रिया शुरू होगी, जो 15 सितंबर तक चलेगी। 16 सितंबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 18 सितंबर निर्धारित की गई है। इसी दिन चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन किया जाएगा। नगर परिषद क्षेत्र में 29 सितंबर को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा।

नगर परिषद सुसनेर के सभी 15 वार्डों में कुल 13,843 मतदाता हैं। इनमें 6,928 महिला, 6,914 पुरुष और 1 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं। अध्यक्ष पद के उपचुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां अब तेज होने की संभावना है। चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के बाद संभावित दावेदारों और पार्षदों के बीच राजनीतिक जोड़-तोड़ और बैठकों का दौर शुरू होने की उम्मीद है।



## बी.ए. परीक्षा परिणाम व समस्याओं को लेकर एबीवीपी ने उठाई आवाज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खाचरौद

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा शासकीय विक्रम महाविद्यालय, खाचरौद में विद्यार्थियों की विभिन्न शैक्षणिक समस्याओं को लेकर प्राचार्य महोदय को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र उचित कार्रवाई की मांग की गई।

बी.ए. परीक्षा परिणाम में कम अंक का मामला उठायाज्ञापन में बी.ए. कक्षा के परीक्षा परिणाम में कई विद्यार्थियों के कम अंक आने तथा कुछ विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों में शून्य अंक प्राप्त होने का विषय प्रमुखता से उठाया गया। अइश्ढ ने मांग की कि ऐसे विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं एवं परीक्षा परिणाम की निष्पक्ष जांच कराई जाए। यदि मूल्यांकन अथवा तकनीकी त्रुटि के कारण विद्यार्थियों को कम या शून्य अंक प्राप्त हुए हैं, तो आवश्यक सुधार कर उचित कार्रवाई की जाए।

परिषद् के नगर मंत्री आदित्य देवड़ा ने बताया कि महाविद्यालय में अतिरिक्त कक्षाओं के संचालन में अनियमितता एवं निर्धारित समय से पूर्व शिक्षकों के महाविद्यालय छोड़ने का मामला सामने आया है। उन्होंने बताया कि कुछ शिक्षक अतिरिक्त कक्षाएं लेने के नाम पर प्रातः 9 बजे महाविद्यालय आते हैं, लेकिन विद्यार्थियों की नियमित अतिरिक्त कक्षाएं संचालित नहीं हो रही हैं।

## रसूलपुरा मोहल्ले में जन्माष्टमी पर आयोजन

**महिदपुर।** महिदपुर के पास रसूलपुरा मोहल्ले क्षेत्र में स्थित एक अति प्राचीन मंदिर इन दिनों श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार यहां विराजमान श्री भगवान की प्राचीन प्रतिमा लगभग 1300 वर्ष पुरानी बताई जाती है। प्रतिमा की आकृति श्रीनाथजी मंदिर में विराजमान श्रीनाथ जी के स्वरूप से मिलती-जुलती बताई जा रही है। मंदिर को ब्रिटिश काल से भी प्राचीन बताया जाता है जहाँ पर उज्जैन के राजा विक्रमादित्य पूजा करने आते थे जो कि गुफा के रास्ते आते थे और वहाँ पूजा पाठ करके धूर्जटेश्वर मंदिर भी गुफा के अंदर अंदर जाते थे और पूजा करने का इतिहास बताया जा रहा है और आस्था की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण इस मंदिर की जानकारी अभी भी महिदपुर सहित आसपास के कई लोगों तक नहीं पहुंच पाई है। इसी उद्देश्य से इस वर्ष जन्माष्टमी पर्व पर मंदिर में भव्य धार्मिक आयोजन कर इसकी भव्यता को साकार करना हे और श्रद्धालुओं को मंदिर के दर्शन के लिए प्रेरित करने तथा अधिक से अधिक संख्या में लोगों को आयोजन में शामिल होने का अनुरोध वरिष्ठजनों ने किया है।



## सीतलामाता से बड़ा नरसिंह मंदिर तक सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खाचरौद

नगर के वार्ड 10 अंतर्गत सीतलामाता मन्दिर से बड़ा नरसिंह मंदिर तक सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ।उक्त जानकारी देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द भरावा ने बताया कि वार्ड 10 अंतर्गत आने वाले शिवाजी मार्ग का मुख्य सड़क मार्ग सीतलामाता मन्दिर से बड़ा नरसिंह मंदिर तक के सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

उक्त सड़क का निर्माण लगभग 20 लाख की लागत से किया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष भरावा ने बताया कि विगत कई समय से उक्त सड़क के निर्माण हेतु क्षेत्रवासियों द्वारा मांग की जा रही थी। उक्त सड़क मार्ग नगर के कस्बा क्षेत्र को रतलाम रोड़ से जोड़ने वाला भी मुख्य मार्ग हैं। उक्त सड़क निर्माण से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा उपलब्ध होगी।इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष दिनेश ठन्ना, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि बाबूलाल नागर, राजेन्द्र धाकड़, ठेकेदार हीरालाल धाकड़ सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

## विद्या मंदिर में प्रांतीय संस्कृति महोत्सव एवं प्रश्नमंच कार्यशाला सम्पन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बडौद





सरस्वती विद्या मन्दिर उ.मा.वि. बड़ौद में सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान मालवा प्रांत के निर्देशानुसार प्रांतीय संस्कृति महोत्सव 2026 प्रश्नमंच संच निर्माण, वैदिक गणित , विज्ञान मेला एवं संस्कृति बोध परियोजना कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला 31 अगस्त दोप. से 1 सितम्बर तक विद्यालय में सम्पन्न हुई। जिसमें सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान मालवा प्रांत के सरस्वती शिशु विद्या मंदिरो से प्राचार्य/प्रधानाचार्य एवं आचार्य/दीदी उपस्थित हुए। समापन सत्र का शुभारंभ मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलीत कर किया गया। सत्र के मुख्य अतिथि दुर्गसिंह राजपुरोहित (संस्कृति बोध परियोजना एवं शारीरिक अखिल भारतीय संयोजक), अंबिकादत्त कुण्डल (संस्कृति बोध परियोजना क्षेत्र संयोजक , संस्कृति बोध परियोजना मालवा प्रांत) , सुन्दरलाल शर्मा (सह प्रांत प्रमुख विद्या भारती मालवा नगरीय इकाई) , सुरेन्द्र जोशी (विभाग समन्वयक , विभाग शाजापुर) एवं महेन्द्र मंडलोई (संस्कृति बोध परियोजना प्रांत संयोजक ग्रामीण इकाई एवं जिला प्रमुख मंदसौर) रहे । अतिथि परिचय संतोष यादव (प्राचार्य स.शि.मं. सुवासरा) ने कराया। अतिथि स्वागत ब्रजेश सोनी प्राचार्य स.शि.मं. साल्याखेड़ी , विनोदकुमार प्राचार्य स.शि.मं. सिगोली, महेन्द्र मण्डलोई (मंदसौर जिला प्रमुख) ने किया। इस अवसर अखिल भारतीय अधिकारी द्वारा संस्कृति बोध परियोजना , संस्कृति ज्ञान परीक्षा पर प्रकाश डाला एवं अधिक से अधिक संख्या में विद्यालय द्वारा संस्कृति ज्ञान परियोजना के पंजीयन हो इसके लिए समस्त जिला प्रमुख एवं प्राचार्य/ प्रधानाचार्य बंधु से चर्चा की गई। संचालन अरुण शर्मा प्राचार्य स.शि.मं. माकडोन एवं आभार ब्रजेश सोनी प्राचार्य स.शि.मं. साल्याखेड़ी ने माना।



## सेवानिवृत्ति पर श्रीमद् भागवत गीता एवं बाबा महाकाल का चित्र देकर विदाई

**सारंगपुर।** न्याय विभाग से सेवानिवृत्त हुए शिवनारायण कुशवाहा की अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर न्यायालय परिवार द्वारा मधुरम गार्डन में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन कर उन्हें ससम्मान विदाई दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से द्वितीय जिला न्यायाधीश तरुण सिंह, प्रथम जिला न्यायाधीश अतुल राज भलावी, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड आकांक्षा कत्याल एवं शिवानी सैनी उपस्थित रहे। अतिथियों ने कुशवाहा को पुष्पहार, शाल-श्रीफल, श्रीमद् भागवत गीता और बाबा महाकाल का चित्र स्मृति चिन्ह स्वरूप भेंट कर सम्मानित किया। द्वितीय जिला न्यायाधीश तरुण सिंह ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि सेवानिवृत्ति जीवन का अंत नहीं, बल्कि अपनी पसंद और हॉबी को खुलकर जीने की एक नई और रोमांचक शुरूआत है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए पूर्व नजीर लक्ष्मीनारायण त्रिकार ने कुशवाहा की कर्तव्यनिष्ठा और निष्कलंक सेवा की सराहना करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य और सुखी जीवन की कामना की। सेवानिवृत्त कुशवाहा ने अपने सेवाकाल को याद करते हुए समस्त न्यायालयीन स्टाफ का आभार जताया। इस दौरान उनके परिजनतथा न्यायालयीन कर्मचारी आत्माराम शर्मा, बृजेंद्र दूँवासा, संजीव कुमार गिरजे, सुनील मालवीय, मोहसिन खान, सौरभ जैन, नरेंद्र जोशी, प्रकाश वर्मा, अमित ठाकुर सहित बडी संख्या में अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। आभार अनिल गुप्ता ने व्यक्त किया।

## उपनिरीक्षक नागर एवं यादव के सेवानिवृत्त होने पर विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित




**सारंगपुर।** पुलिस विभाग में लंबे समय तक कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं समर्पण के साथ अपनी सेवाएं देने वाले उपनिरीक्षक बनेसिंह नागर (38 वर्ष सेवा) एवं उपनिरीक्षक कैलाश नारायण यादव (39 वर्ष सेवा) के सेवानिवृत्त होने पर पुलिस विभाग द्वारा भावभीनी विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सारंगपुर निवासी दोनों पुलिस अधिकारियों ने अपने सेवाकाल का अधिकतर समय एक साथ व्यतीत किया और वे सारंगपुर थाने में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। समारोह में शाजापुर पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला ने दोनों सेवानिवृत्त अधिकारियों को शॉल, श्रीफल, प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने दोनों अधिकारियों की दीर्घकालीन व निष्कलंक सेवाओं की सराहना करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने दोनों सेवानिवृत्त अधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

## विद्युत मंडल से 42 वर्ष पश्चात सेवानिवृत्त



**तराना।** नगर के बजरंग कॉलोनी निवासी रुघनाथ राजोरिया की विधुत मंडल से 42 वर्ष की विद्युत सेवा दी गयी।31 अगस्त को हुई सेवा निवृत्ति पर विभाग द्वारा कार्यक्रम अयोजियत किया गया।इस कार्यक्रम में अध्यक्षता कन्हैया लाल राठौर द्वारा की गई।सेवानिवृती पर राजोरिया ने कहा कि अपने अधिकारी ओर कर्मचारी ने जो सम्मान दिया उसके लिए मै आत्मा एवं दिल से सभी का बहुत बहुत धन्यवाद करता हु एवं आप सभी का मुझे बहुत सहयोग मिला।आयोजन में प्रदीप यादव सहित साथी कर्मचारियों द्वारा शाल श्रीफल पुष्प मला पहनाकर अभिनन्दन पत्र भेंट की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी ने पुष्प मला पहना कर अभिवादन किया। कार्यक्रम में परिवार जन जिसमे पुत्र जीतेन्द्र राजोरिया उमेश राजोरिया भाई गोविन्द शंकर राजोरिया जमाई अंबराम चौहान ओर बेटी भी शामिल रहे।

## ग्राम करंज स्थिथ मनकामेश्वर महादेव की भव्य शाही सवारी निकली



**तराना।** ग्राम करंज स्थित मनकामेश्वर महादेव की भव्य शाही सवारी सोमवार को निकाली गई।यह सवारी शाम 5बजे मंदिर परिसर से निकली जो सवारी मार्ग होते हुए रात्रि 11 बजे मंदिर पहुची।मंदिर की मनमोहक सज्जा और धर्म ध्वज रंगीन पुष्पों व ध्वज पताकाओं से सजा दिव्य मंदिर तोप गाड़ी – शाही परंपरा की प्रतीक तोप गाड़ी, पारंपरिक सलामी सहित. एक दर्जन से अधिक डोल नगाड़े गांवभर गुंजायमान करते पारंपरिक डोल-नगाड़ों की थाप भालू टोली – आकर्षक भालू नृत्य टोली की विशेष प्रस्तुति. विशेष अखाड़ा एवं शस्त्र प्रदर्शन कुस्ती अखाड़ा एवं पारंपरिक शस्त्र कला का प्रदर्शन डायमंड बैंड जावरा ड्ड डायमंड बैंड जावरा द्वारा भव्य बैंड प्रदर्शन विशेष मनोरम झांकियां धार्मिक एवं पौराणिक झांकियों की मनोहारी प्रस्तुति भव्य डीजे रथ भक्ति संगीत के साथ श्री मनकामेश्वर महादेव की सुसज्जित रजत पालकी शाही सवारी का प्रमुख आकर्षण रही। इस दौरान भक्त मंडली सैकड़ों भक्तजनों की भक्ति मंडली एवं समस्त ग्राम वासी शामिल रहे।

# आखिर सुदामा के श्राप से क्यों धरा पर अवतरित हुई बरसाना की महारानी

राधा और कृष्ण को पद्म पुराण में 'युगल सरकार' की संज्ञा दी गई है। शिव पुराण में भगवान श्रीकृष्ण के परम मित्र से भिन्न सुदामा गोप द्वारा राधा रानी को श्राप दिए जाने का उल्लेख मिलता है।



राधा रानी को प्रेम की देवी कहा जाता है। भगवान श्रीकृष्ण के जीवन की धारा, राधा जी हैं। माना जाता है कि गोलोक में एक बार श्रीकृष्ण रास करने की इच्छा में लीन थे। तब भगवान श्रीकृष्ण के बाएं भाग से दिव्य स्वरूपा श्रीराधा प्रकट हुई थीं। भगवान श्रीकृष्ण ने धरा पर अधर्म का नाश करने के लिए पृथ्वी पर अवतार लिया था। लेकिन माना जाता है कि बिना श्रीराधा के वासुदेव कृष्ण के ध्येय को दिशा नहीं मिल सकती थी। लेकिन क्या आप जानते हैं कि श्रीराधा रानी एक श्राप की वजह से श्रीकृष्ण से पहले धरती पर जन्मी थीं।



## पतिव्रता नारी थीं श्रीराधा

राधा रानी के बिना श्रीकृष्ण की आराधना अधूरी मानी जाती है। भले ही राधा और कृष्ण ने संग में अधिक समय नहीं बिताया हो। लेकिन दोनों एक-दूसरे के दिल में हमेशा बसे रहे। राधा रानी एक पतिव्रता नारी थीं वह अपने पति आयन के प्रति पूरी तरह समर्पित रहीं। हालांकि श्रीकृष्ण के प्रति राधा रानी का प्रेम सात्विक और निश्छल था।

## बरसाना की महारानी

बरसाना राधा रानी की जन्मभूमि रही है। स्कंद पुराण के मुताबिक राधा और कृष्ण की आत्मा एक है। इसी कारण उनको 'राधारमण' कहकर पुकारते हैं। पद्म पुराण में 'परमानंद' रस को श्रीराधा-कृष्ण का युगल स्वरूप माना गया है। राधा-कृष्ण की पूजा किए बगैर जीव परमानंद को प्राप्त नहीं कर सकता है। भविष्य पुराण और गर्ग संहिता के मुताबिक द्वापर युग में श्रीकृष्ण पृथ्वी पर अवतरित हुए थे।वहीं महाराज वृषभानु की पत्नी कीर्ति के यहां भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी के दिन भगवती राधा अवतरित हुई। जिसके बाद भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि राधाष्टमी नाम से प्रसिद्ध हुईं। राधा और कृष्ण को पद्म पुराण में 'युगल सरकार' की संज्ञा दी गई है। शिव पुराण में भगवान श्रीकृष्ण के परम मित्र से भिन्न सुदामा गोप द्वारा राधा रानी को श्राप दिए जाने का उल्लेख मिलता है।

## क्या था वो श्राप

धार्मिक शास्त्रों के मुताबिक गोलोक में निवास करने वाली श्रीराधा को एक श्राप की वजह से पृथ्वी पर आकर श्रीकृष्ण से वियोग सहना पड़ा। श्रीकृष्ण की विरजा नाम की सखी का राधा ने अपमान किया था। अपमान से दुखी होकर विरजा नदी बनकर बहने लगी। तब सुदामा ने क्रोध में आकर श्रीराधा को कड़वे शब्द कहे। जिस पर श्रीराधा ने सुदामा को दानव बनने का श्राप दिया। इसके बाद सुदामा ने भी श्रीराधा को मानव जीवन में जन्म लेने का श्राप दिया।

# कजरी तीज क्यों कहलाती सातूड़ी तीज

कजरी तीज को सातूड़ी तीज या बूढ़ी तीज भी कहा जाता है। इस दिन महिलाएँ भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना कर वैवाहिक जीवन की सुख-समृद्धि तथा परिवार के मंगल की कामना करती हैं। मान्यता है कि माता पार्वती ने कठोर तपस्या के बाद भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त किया था।

भारतीय संस्कृति पर्वों और उत्सवों की संस्कृति है। प्रत्येक त्योहार अपने साथ धार्मिक आस्था, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक परंपराओं का संदेश लेकर आता है। इन्हीं प्रमुख पर्वों में कजरी तीज का विशेष स्थान है। यह पर्व मुख्यतः उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश और राजस्थान के कुछ भागों में अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाने वाला यह व्रत विवाहित महिलाओं के लिए अखंड सौभाग्य तथा अविवाहित कन्याओं के लिए मनोवांछित वर की प्राप्ति का प्रतीक माना जाता है।



## तीज का महत्व

कजरी तीज को सातूड़ी तीज या बूढ़ी तीज भी कहा जाता है। इस दिन महिलाएँ भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना कर वैवाहिक जीवन की सुख-समृद्धि तथा परिवार के मंगल की कामना करती हैं। मान्यता है कि माता पार्वती ने कठोर तपस्या के बाद भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त किया था। उसी तप, समर्पण और अटूट विश्वास की स्मृति में यह व्रत रखा जाता है।

## लोकगीत और सांस्कृतिक परंपरा

कजरी तीज का सबसे आकर्षक पक्ष कजरी लोकगीत हैं। वर्षा ऋतु की मादकता, विरह, प्रेम और प्रकृति की सुंदरता का मनोहारी चित्रण इन गीतों में मिलता है। गाँवों में महिलाएँ समूह बनाकर झूले झूलती हैं और कजरी गीत गाती हैं। इन गीतों में लोकजीवन की भावनाएँ, पारिवारिक स्नेह और भारतीय संस्कृति की आत्मीयता झलकती है। कजरी तीज केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि परिवार और समाज को जोड़ने वाला उत्सव भी है। यह पर्व पति-पत्नी के पारस्परिक विश्वास, प्रेम और समर्पण को सुदृढ़ करता है। साथ ही महिलाओं को एक-दूसरे से मिलने, लोकगीतों और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवित रखने का अवसर प्रदान करता है। यह पर्व प्रकृति, वर्षा ऋतु और हरियाली के प्रति सम्मान का भी संदेश देता है।

# Sport

स्टार्क ने पिछले हफ्ते नंबर-1 पोजीशन छीनी थी; गिल को दो स्थान का नुकसान

# बुमराह टेस्ट रैंकिंग में तीसरे नंबर पर फिसले

एजेंसी ▸▸ पटना

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह आईसीसी की ताजा टेस्ट बॉलिंग रैंकिंग में दूसरे से तीसरे नंबर पर खिसक गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क ने पिछले हफ्ते बुमराह को पीछे छोड़कर नंबर-1 स्थान हासिल किया था। वे 872 रेटिंग पॉइंट के साथ टॉप पर कायम हैं।

न्यूजीलैंड के मैट हेनरी 861 पॉइंट के साथ दूसरे और बुमराह 853 पॉइंट के साथ तीसरे नंबर पर हैं। टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में ऋषभ पंत सातवें और शुभमन गिल नौवें नंबर पर हैं। गिल को दो स्थान का नुकसान हुआ है। इंग्लैंड के ओली रॉबिन्सन ने 6 पायदान की छलांग लगाकर टॉप-5 में जगह बनाई है। पाकिस्तान के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट में 8 विकेट लेने के बाद उन्हें लगातार दूसरा प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड मिला। इस शानदार प्रदर्शन के बाद रॉबिन्सन 831 रेटिंग पॉइंट के साथ



पांचवें नंबर पर पहुंच गए हैं। वे जुलाई 2023 के बाद पहली बार टॉप-5 में लौटे हैं। श्रीलंका के असिथा फर्नांडो 4 स्थान ऊपर चढ़कर 11वें नंबर पर पहुंच गए हैं। उन्होंने कोलंबो टेस्ट में भारत के खिलाफ 4 विकेट लिए थे। इंग्लैंड के जोश टंग 4 पायदान की बढ़त के साथ संयुक्त रूप से 13वें और पाकिस्तान के मोहम्मद अब्बास 10 स्थान की छलांग के साथ संयुक्त रूप से 15वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में इंग्लैंड के हैरी ब्रुक नंबर-1 पर कायम हैं। ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ दूसरे और जो रूट तीसरे नंबर पर हैं। श्रीलंका के कामिंदु मेंडिस 2 स्थान की बढ़त के साथ टॉप-10 में पहुंच गए हैं। पाकिस्तान के सऊद शकील 15 पायदान चढ़कर 18वें, श्रीलंका के सोनल दिनूषा 29 स्थान की छलांग के साथ 25वें और भारत के देवदत्त पडिक्कल 5 पायदान ऊपर चढ़कर 54वें नंबर पर हैं।

## टी-20 रैंकिंग में ब्रेविस को 6 स्थान का फायदा

साउथ अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस टी-20 इंटरनेशनल बल्लेबाजी रैंकिंग में 6 स्थान की छलांग लगाकर चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं। नामीबिया में जारी ट्राई सीरीज में उन्होंने 75, नाबाद 75 और 41 रन की पारियां खेली हैं। भारत के ईशान किशन नंबर-1, पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान दूसरे और अभिषेक शर्मा तीसरे नंबर पर हैं। गेंदबाजी में अफगानिस्तान के राशिद खान नंबर-1 पर कायम हैं। बुमराह चोट के कारण श्रीलंका के खिलाफ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप सीरीज में नहीं खेल सके थे। उनकी गैरमौजूदगी के बीच स्टार्क ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 10 विकेट लेकर टॉप पर पहुंचे थे।

## व्यस्त शेड्यूल से डब्ल्यूटीएस फाइनल की राह मुश्किल

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के लिए वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने की राह मुश्किल होती जा रही है। डब्ल्यूटीसी पॉइंट्स टेबल में पांचवें नंबर पर मौजूद टीम के सामने सबसे बड़ी चुनौती व्यस्त क्रिकेट शेड्यूल है। नवंबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज और इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले भारतीय खिलाड़ियों को रेड-बॉल क्रिकेट की पर्याप्त तैयारी का समय नहीं मिल पा रहा है। टीम मैनेजमेंट और नेशनल सिलेक्शन कमेटी के सामने घरेलू क्रिकेट, इंडिया-अ के मुकाबलों और इंटरनेशनल सीरीज के बीच खिलाड़ियों के वर्कलोड और तैयारियों का संतुलन बनाने की चुनौती है।

## नैनो न्यूज

- **अफगानिस्तान सीरीज में बुमराह की वापसी** – भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ तीन टी-20 मैचों के लिए टीम घोषित की। जसप्रीत बुमराह और संजू सैमसन की वापसी हुई, हार्दिक पंड्या फिटनेस के कारण बाहर हैं।
- **बीसीसीआई करेगा टीम की समीक्षा** – इंग्लैंड और आयरलैंड में खराब प्रदर्शन के बाद बीसीसीआई ने गौतम गंभीर, अजित अगरकर और वीवीएस लक्ष्मण को समीक्षा बैठक के लिए बुलाया।
- **जडेजा पर उठे सवाल** – पूर्व भारतीय विकेटकीपर दीप दासगुप्ता ने टेस्ट क्रिकेट में रवींद्र जडेजा से आगे बढ़कर युवा स्पिनरों को मौका देने की सलाह दी।
- **क्रुणाल पंड्या की उम्मीद कायम** – अफगानिस्तान टी-20 टीम में जगह नहीं मिलने के बावजूद क्रुणाल पंड्या ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की उम्मीद जताई है।
- **भारत-उरुग्वे फुटबॉल मुकाबला तय** – भारत और दो बार के विश्व कप चैंपियन उरुग्वे के बीच 6 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय मैत्री मुकाबला खेला जाएगा।
- **एशियन गेम्स में 43 खेल** – 2026 एशियन गेम्स में 43 खेलों के 469 पदक मुकाबले होंगे। भारत 34 खेलों में हिस्सा लेगा।
- **अफगानिस्तान सीरीज में फिटनेस चिंता** – बुमराह, वॉशिंगटन सुंदर, नितीश कुमार रेड्डी और हर्षित राणा की फिटनेस अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं है।

# स्क्वॉश: 11 मिनट में जीतीं अनाहत सिंह

## अनाहत-रमित लंदन स्क्वॉश क्लासिक के प्री-क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी ▸▸ लंदन

लंदन में खेले जा रहे लंदन स्क्वॉश क्लासिक में भारत की अनाहत सिंह और रमित टंडन प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। वर्ल्ड नंबर-20 अनाहत ने मिस्र की 30वें नंबर की मरियम मेटवाली को सिर्फ 11 मिनट में 11-3, 11-2 से हराया। वहीं, 42वें नंबर के रमित ने कतर के 61वें नंबर के अब्दुल्ला अल-तमीमी को 20 मिनट में 11-6, 11-7 से मात दी। हालांकि, 38वें नंबर के वीर चोतरानी को स्विट्जरलैंड के यैनिक विल्हेमी के खिलाफ 9-11, 9-11 से हार मिली।

अनाहत ने मरियम मेटवाली के खिलाफ शुरूआत से ही दबाव बनाए रखा। उन्होंने पहला गेम 11-3 से जीता और दूसरे गेम में सिर्फ दो अंक गंवाते



हुए 11-2 से मुकाबला अपने नाम कर लिया। मैच खत्म करने में उन्हें केवल 11 मिनट लगे। अब प्री-क्वार्टर फाइनल में अनाहत का सामना बेल्जियम की दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी नेले गिलिस से होगा। यह मुकाबला गुरुवार को खेला जाएगा। अनाहत ने हाल ही में जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप का खिताब जीतकर इतिहास रचा था। वह यह खिताब जीतने वाली पहली भारतीय बनी थीं।

## रमित ने 20 मिनट में अल-तमीमी को हराया

पुरुष एकल में रमित टंडन ने अब्दुल्ला अल-तमीमी को 11-6, 11-7 से हराया। 20 मिनट चले मुकाबले में रमित ने दोनों गेम अपने नाम किए और अगले दौर में जगह बनाई। प्री-क्वार्टर फाइनल में रमित का सामना टूनामेंट के आठवीं वरीयता प्राप्त मोहम्मद एलशोरबागी से होगा। मिस्र में जन्मे एलशोरबागी अब इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व करते हैं। भारत के वीर चोतरानी को पहले दौर में दुनिया के 34वें नंबर के खिलाड़ी यैनिक विल्हेमी ने 11-9, 11-9 से हराया। दोनों गेम में मुकाबला करीबी रहा, लेकिन स्विट्जरलैंड के खिलाड़ी ने दोनों गेम में 11 अंक पूरे कर मैच जीत लिया।

**दुकान बेचना है**
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है। साईज - 10x11 हाईट- 15 फीट
मोबाइल 8518800456 9981310034

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**जमीन बेचना है**
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें 940 6801069

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570 9827832632

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

**किराए से देना है**
ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी
संपर्क करें - रवि गुप्ता 9926466157

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10। लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें पीसी राजपूत रीयल एस्टेट 9893713817

**प्रवेश प्रारंभ**
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय 10 से 01 बजे तक
आवेदन: 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन फोन नम्बर:-2557390

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे श्री हरि पेपर इंडस्ट्री 8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन मोबाइल 9425358095

## न्यूज कॉलम

### देवकृष्ण हत्याकांड का मुख्य आरोपी सुरेंद्र भाटी अब तक फरार

**धार।** धार के गोंदीखेड़ा चारण में हुए देवकृष्ण पुरोहित हत्याकांड को करीब 150 दिन बीत चुके हैं। पांच महीने बाद भी मामले का मुख्य आरोपी और कथित सुपारी किलर सुरेंद्र भाटी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। पुलिस देवकृष्ण की पत्नी प्रियंका और उसके प्रेमी कमलेश पुरोहित को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। देवकृष्ण की हत्या 6 और 7 अप्रैल की दरमियानी रात हुई थी। पुलिस जांच में सामने आया था कि प्रियंका ने अपने प्रेमी कमलेश पुरोहित के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची थी। आरोप है कि दोनों ने सुपारी देकर देवकृष्ण की हत्या करवाई। हत्या के बाद मामले को लूट की वारदात का रूप देने की कोशिश की गई थी। घर में लूट और देवकृष्ण को बंधक बनाए जाने जैसा माहौल तैयार किया गया, ताकि पुलिस को घटना दूसरी तरह की लगे।

### कांग्रेस ने दलित-आदिवासी मुद्दों पर किया प्रदर्शन

**धार।** मंगलवार को कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दलित, आदिवासी, पिछड़ा और अल्पसंख्यक वर्ग से जुड़े मुद्दों को लेकर बैठक की। बैठक में भाजपा सरकार की नीतियों पर चर्चा करते हुए इन वर्गों के साथ भेदभाव और अन्याय का आरोप लगाया गया। इस दौरान भाजपा सरकार की नीतियों के विरोध में निंदा प्रस्ताव भी पारित किया गया। बैठक के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए बस स्टैंड पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र जोशी ने आरोप लगाया कि आदिवासियों को उनकी जमीन से हटाया जा रहा है और इसका फायदा उद्योगपतियों को मिल रहा है। उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की सभा के कथित शुद्धिकरण का भी जिक्र किया और इसे सामाजिक भेदभाव की मानसिकता बताया।

### बैंक ऑफ इंडिया में 45 लाख रुपए का गबन

**धार।** बैंक ऑफ इंडिया की बाग शाखा में कैशियर हितेश निंगवाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। उन पर बैंक से करीब 45 लाख रुपए कैश कम मिलने का आरोप है। बैंक प्रबंधक ने सोमवार को यह एफआईआर दर्ज कराई। जानकारी के मुताबिक, कैशियर ने बैंक अधिकारियों के सामने सरेंडर कर दिया था। फिलहाल वह बाग पुलिस की हिरासत में है। बाग थाना प्रभारी हीरू सिंह रावत ने बताया कि कैशियर हितेश निंगवाल लॉकर की चाबियां लेकर चला गया था। इसके बाद क्षेत्रीय कार्यालय से डुप्लीकेट चाबी मंगाई गई। मंगलवार को डुप्लीकेट चाबी से लॉकर खोला गया। दस्तावेजों की जांच के दौरान बैंक में 45 लाख रुपए कैश कम मिले।

### विजय स्तंभ से छतरी चौक तक अतिक्रमण हटा



**सड़क पर जमे हाथ ठेले और गुमटियां हटाई आवाजाही हुई आसान, जाम से मिलेगी राहत**

**झाबुआ।** झाबुआ शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने और सड़क हादसों को रोकने के लिए जिला प्रशासन ने बुधवार को अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। एसडीएम महेश मंडलोई के नेतृत्व में स्थानीय प्रशासन, नगर पालिका और पुलिस की टीम ने विजय स्तंभ से छतरी चौक तक मुख्य मार्ग के दोनों ओर कार्रवाई की। इस दौरान लंबे समय से सड़क किनारे जमे अवैध हाथ ठेले, गुमटियां और अन्य अस्थायी निर्माण जेसीबी और क्रेन की मदद से हटाए गए। मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण के कारण सड़क लंबे समय से संकरी हो गई थी। दिनभर वाहनों की कतार और जाम की स्थिति बनी रहती थी। पैदल राहगीरों और स्कूली बच्चों को भी सड़क से निकलने में परेशानी होती थी। अतिक्रमण हटने के बाद मार्ग काफी चौड़ा और सुगम नजर आया। स्थानीय निवासियों और वाहन चालकों ने प्रशासन की कार्रवाई का स्वागत किया है।

## नैनो न्यूज

- **कमर्शियल एलपीजी महंगी हुई-** सितंबर की शुरूआत में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम बढ़ने से होटल, रेस्टोरेंट और छोटे कारोबारियों की लागत पर असर पड़ा।
- **सोने के भाव पर नजर-** इंदौर सराफा बाजार में सोने के भाव में लगातार बदलाव से व्यापारियों ने ग्राहकों की मांग और आगामी त्योहारी बिक्री पर नजर बढ़ाई।
- **चांदी बाजार में हलचल-** चांदी के दैनिक भाव में उतार-चढ़ाव जारी है। इंदौर के सराफा कारोबारियों के अनुसार निवेश और आभूषण मांग बाजार की दिशा तय करेगी।
- **महंगे ईंधन से बढ़ी चिंता-** ईंधन कीमतों में दबाव से परिवहन लागत बढ़ने की आशंका है। इंदौर के थोक और खुदरा कारोबारियों पर इसका सीधा असर पड़ सकता है।
- **मंडी में आवक पर नजर-** बारिश के बाद इंदौर की कृषि मंडियों में आवक और माल की गुणवत्ता व्यापारियों के लिए प्रमुख मुद्दा बनी हुई है।
- **सब्जी कारोबार में उतार-चढ़ाव-** बारिश से सब्जी मंडी की व्यवस्थाएं प्रभावित होने के बाद आवक, गुणवत्ता और कीमतों में बदलाव देखने को मिल रहा है।
- **त्योहारी कारोबार की तैयारी-** आगामी त्योहारों को देखते हुए कपड़ा, किराना, इलेक्ट्रॉनिक्स और घरेलू सामान कारोबारियों ने स्टॉक बढ़ाने की तैयारी शुरू कर दी है।
- **कपड़ा बाजार में बढ़ी हलचल-** त्योहारी सीजन करीब आने से इंदौर के कपड़ा बाजारों में थोक कारोबारियों ने नई वैरायटी और स्टॉक पर ध्यान बढ़ाया है।

### गणेशोत्सव की तैयारियां जोरों पर, 13 सितंबर को रातभर खुला रहेगा खजराना गणेश का दरबार

# सवा लाख मोदक का लगेगा महाभोग, 6 करोड़ के स्वर्ण आभूषणों से होगा श्रृंगार

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**



गणेश चतुर्थी को लेकर जहां शहर में पंडाल सजाए जा रहे हैं और गणेश प्रतिमाएं तैयार की जा रही हैं, वहीं खजराना गणेश मंदिर में भी गणेशोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। मंदिर में होने वाले आयोजनों, भगवान के श्रृंगार, सजावट, प्रसाद और भोग, लाइटिंग, भक्तों की दर्शन व्यवस्था और पुलिस व्यवस्था सहित अन्य तैयारियां की जा रही हैं।

इस बार भी गणेश चतुर्थी पर भगवान गणेश को सवा लाख मोदकों का भोग लगाया जाएगा। गणेशोत्सव का शुभारंभ 14 सितंबर को सुबह 10 बजे ध्वजा पूजन के साथ होगा। कलेक्टर एवं मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शिवम वर्मा और निगम कमिश्नर एवं मंदिर के प्रशासक क्षितिज सिंघल ध्वजा पूजन करेंगे।

सवा लाख मोदक बनाने का काम भी जल्द मंदिर परिसर में शुरू होगा। गणेशोत्सव के दौरान दूर-दूर से बड़ी संख्या में भक्त भगवान गणेश के दर्शन और आशीर्वाद के लिए मंदिर पहुंचते हैं। गणेशोत्सव से एक दिन पहले हरतालिका तीज को लेकर भी मंदिर में विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित अशोक भट्ट ने बताया कि 13 सितंबर को हरतालिका तीज पर मंदिर रातभर भक्तों के दर्शन के लिए खुला रहेगा। यानी मंदिर 24 घंटे खुला रहेगा। भक्तों की भीड़ को देखते हुए जिक-जैक रेलिंग भी बढ़ाई जाएंगी, ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो। पूरे मंदिर परिसर में 80 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों से नजर रखी जाएगी। व्यवस्था के लिए चार थानों का पुलिस बल भी तैनात रहेगा। मंदिर प्रबंधन समिति के 30 सुरक्षा गार्ड यहां नियमित रूप से तैनात रहते हैं। गणेशोत्सव के दौरान इनकी संख्या बढ़ाकर 100 की जाएगी।

#### आरती के समय लगेगा 11 हजार लड्डुओं का भोग

पंडित अशोक भट्ट ने बताया कि गणेशोत्सव पर हर साल मंदिर में भगवान गणेश को सवा लाख मोदकों का भोग लगाया जाता है। इस साल भी सवा लाख मोदक भगवान को अर्पित किए जाएंगे। इसके अलावा 10 दिनों तक शाम की आरती के समय अलग-अलग प्रकार के 11 हजार लड्डुओं का भोग लगाया जाएगा। इसमें सोंठ, ड्रायफ्रूट, उड़द आदि के लड्डू शामिल होंगे। आरती के बाद भक्तों को प्रसाद वितरित किया जाएगा। गणेशोत्सव के दौरान भगवान गणेश का रोजाना भव्य श्रृंगार किया जाएगा। भगवान को स्वर्ण आभूषण पहनाए जाएंगे। इन स्वर्ण आभूषणों की कीमत 6 करोड़ रुपए से ज्यादा है। आभूषणों को पूरी सुरक्षा व्यवस्था के साथ मंदिर में लाया जाता है। इसके बाद भगवान गणेश को ये स्वर्ण आभूषण धारण कराए जाते हैं। यह श्रृंगार विशेष होता है। पूरे 10 दिनों तक भगवान के अलग-अलग स्वरूपों में श्रृंगार देखने को मिलेगा।

#### 80 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों से रहेगी नजर, 100 सुरक्षा गार्ड तैनात

उन्होंने बताया कि गणेशोत्सव को देखते हुए मंदिर में विशेष इंतजाम किए गए हैं। मंदिर के गर्भगृह के मुख्य गेट को पहले ही चौड़ा किया जा चुका है। साथ ही मंदिर के सामने बने सभामंडप को डेढ़ फीट नीचे कर दिया गया है। इससे यहां आने वाले भक्तों को भगवान के दर्शन करने में आसानी होगी।

#### 6 दिन में पूरा होगा मोदक बनाने का काम

श्री सिद्धि विनायक भक्त मंडल के अरविंद बागड़ी और कैलाश पंच ने बताया कि मंदिर की परंपरा के अनुरूप भक्त मंडल की ओर से गणेशोत्सव के पहले दिन सवा लाख मोदकों का भोग भगवान गणेश को समर्पित किया जाएगा। इसके बाद 10 दिनों तक रोजाना अलग-अलग प्रकार के अनाज और अन्य सामग्री से बने लड्डुओं का भोग लगाया जाएगा। गणेशोत्सव के दौरान मूंग, उड़द, चावल, चंवला, चना, ज्वार, बाजरा, गेहूं, सूखे मेवे और पंचमेवा सहित अन्य सामग्री से बने अलग-अलग लड्डुओं का भोग रोजाना शाम को खजराना गणेश को लगाया जाएगा।

### रोड चौड़ीकरण में बाधक निर्माण पर निगम की 7 मकानों पर कार्रवाई

## जेसीबी से तोड़े अवैध हिस्से, मूसाखेड़ी में 17 दुकानें हटाई

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**



नगर निगम ने बुधवार को रोड चौड़ीकरण में बाधक निर्माणों के खिलाफ दो जगह रिमूवल कार्रवाई की। मूसाखेड़ी चौराहे से सांवरिया धाम मंदिर तक 45 मीटर चौड़ी सड़क के निर्माण में बाधक 17 दुकानों को जेसीबी से हटाया गया। वहीं बाणगंगा के कुम्हार खाड़ी इलाके में 7 मकानों के अवैध हिस्से तोड़े गए।

नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल के निर्देश पर जोन-18, वार्ड-51 की टीम मूसाखेड़ी चौराहे से सांवरिया धाम मंदिर तक कार्रवाई करने पहुंची। यहां इंदौर विकास योजना-2021 के तहत सड़क को 45 मीटर चौड़ा किया जा रहा है। सड़क की जद में आ रही 17 दुकानों के निर्माण हटाए गए।

निगम अमले ने कार्रवाई से पहले टेप से नपती की। इसके बाद पुलिस बल की मौजूदगी में दो से ज्यादा जेसीबी मशीनों से निर्माण हटाए गए। कार्रवाई देखने के लिए मौके पर लोगों की भीड़ भी जुटी। बाणगंगा के कुम्हार खाड़ी क्षेत्र में भी सड़क निर्माण के लिए बाधक निर्माणों पर कार्रवाई की गई। निगम की टीम ने तीन जेसीबी की मदद से 7 मकानों के आगे के अवैध हिस्से तोड़े। इनमें से कई मकान मालिकों ने कार्रवाई से पहले ही अपने स्तर पर आगे का हिस्सा हटा लिया था। बचे हुए निर्माण निगम की टीम ने हटाए।

## डेढ़ करोड़ के संदिग्ध लेनदेन वाला म्यूल बैंक खाता पकड़ा

### 15 राज्यों में दर्ज साइबर फ्रॉड से जुड़ीं खाते की कड़ियां

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

साइबर ठगी के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन मैट्रिक्स के तहत इंदौर क्राइम ब्रांच ने एक संदिग्ध म्यूल बैंक खाते की जांच कर उसके खाताधारक को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया कि खाते से करीब डेढ़ करोड़ रुपए का लेनदेन हुआ है। पुलिस को आशंका है कि इसमें फ्रॉड की रकम का इस्तेमाल किया गया है। बैंक रिकॉर्ड की जांच के बाद खाते का संबंध इंदौर निवासी अभिषेक तिवारी, निवासी गणेश नगर रोड, हिमालय कॉलोनी से सामने आया।

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि अलग-अलग राज्यों की पुलिस और एजेंसियों से एक बैंक खाते को लेकर जानकारी मिली थी। इसमें करीब डेढ़ करोड़ रुपए के लेनदेन की बात सामने आई थी। रकम के साइबर फ्रॉड से जुड़े होने की आशंका के बाद क्राइम ब्रांच ने बैंक रिकॉर्ड और लेनदेन की जानकारी जुटाई। अधिकारियों के मुताबिक, जांच में खाते से देश के अलग-अलग हिस्सों में दर्ज साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायतों की कड़ियां मिली हैं।

## फर्जी सिम बेचने वाले 4 आरोपियों पर एफआईआर

### 100 से ज्यादा लोगों से संपर्क, गृह मंत्रालय के निर्देश पर क्राइम ब्रांच की कार्रवाई

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

एमआईजी पुलिस ने फर्जी सिम बेचने और सप्लाई करने के मामले में 4 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। गृह मंत्रालय से मिले निर्देशों के बाद इंदौर क्राइम ब्रांच ने तकनीकी जांच के जरिए फर्जी सिम से जुड़े लोगों को चिह्नित किया था। जांच में इन सिम के जरिए 100 से ज्यादा लोगों से संपर्क किए जाने की जानकारी सामने आई है। क्राइम ब्रांच की रिपोर्ट के आधार पर एमआईजी पुलिस ने भगवान दास जुनवाल, राजेश चौधरी, हिमांशु और आशीष शर्मा के खिलाफ साइबर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस फर्जी सिम से जुड़े नेटवर्क और इसके इस्तेमाल की जांच कर रही है। पुलिस पूछताछ में सोमनाथ की चाल में रहने वाले सिम वेंडर रोहित दलवे ने बताया कि उसने 15 मार्च को राजेश को सिम दी थी। इसके लिए उसने ज्यादा रुपए लिए थे। राजेश ने पूछताछ में बताया कि उसने यह सिम भगवान दास को ज्यादा रुपए में दी थी। पुलिस भगवान दास को थाने लेकर आई तो उसने हिमांशु और आशीष को रुपए के लालच में सिम देने की बात बताई। पुलिस के मुताबिक, ऑनलाइन ऑर्डर के नाम पर खातों में रुपए डलवाने के लिए इन सिम का इस्तेमाल किया गया।

## वीडियो बनाने पर पुलिसकर्मियों ने की मारपीट

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

हीरानगर थाने में पदस्थ दो पुलिसकर्मियों पर दो युवकों से मारपीट करने का आरोप लगा है। 31 अगस्त और 1 सितंबर की रात करीब 3 बजे लसूडिया इलाके में मोबाइल से वीडियो बनाने की बात को लेकर पुलिसकर्मियों और युवकों में विवाद हुआ था। इसके बाद दोनों पुलिसकर्मी युवकों को हीरानगर थाने ले आए। परिजनों की शिकायत के बाद वरिष्ठ अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला लसूडिया इलाके में एक कॉल सेंटर के पास का है। पुलिसकर्मी रितेश पाटीदार और पोप सिंह वहां चाय पीने पहुंचे थे। इसी दौरान आयुष बगोरिया और तनय वैष्णव मोबाइल से वीडियो बना रहे थे।

### जीतू पटवारी ने सीएम को पत्र लिखकर नेहरू स्टेडियम की मांगी अनुमति

## भाजयुमो ने कहा-लोग राहुल की सभा में मनोरंजन के लिए आते हैं

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**



कांग्रेस के प्रस्तावित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम को लेकर इंदौर में राजनीतिक घमासान शुरू हो गया है। मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री और नगरीय विकास मंत्री को पत्र लिखकर इंदौर के नेहरू स्टेडियम को कार्यक्रम के लिए तत्काल आवंटित करने की मांग की है। वहीं, भाजयुमो इंदौर अध्यक्ष सौगात मिश्रा ने पटवारी और कांग्रेस जिलाध्यक्ष विपिन वानखेड़े पर पलटवार किया है।

पटवारी ने कहा कि राहुल गांधी देशभर में शिक्षा की सुरक्षा और युवाओं के भविष्य को लेकर जागरूकता अभियान चला रहे हैं। 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम किसी राजनीतिक दल का प्रचार नहीं, बल्कि देश के भविष्य, युवाओं के सपनों और शिक्षा के अधिकार को लेकर संवाद का कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि युवाओं के सपने तभी सुरक्षित रहेंगे, जब शिक्षा सुरक्षित होगी। सरकार को कार्यक्रम की गंभीरता और राष्ट्रीय महत्व को समझते हुए नियमों की आड़ में इसे रोकने के बजाय नेहरू स्टेडियम उपलब्ध कराना चाहिए।

### कैंसर अस्पताल पहुंची लीनियर एक्सीलेटर मशीन

## कैंसर कोशिकाओं को सटीक तरीके से करेगी नष्ट, अत्याधुनिक रेडिएशन ट्रीटमेंट मिलेगा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

कैंसर मरीजों के इलाज के लिए बड़ी राहत की खबर है। इंदौर में 30 साल से जिस अत्याधुनिक लीनियर एक्सीलेटर मशीन का इंतजार था, वह अब शासकीय कैंसर अस्पताल पहुंच गई है।

33 लकड़ी के बॉक्स में मशीन के पार्टस पहुंचे हैं। एमजीएम मेडिकल कॉलेज में नए कैंसर अस्पताल का निर्माण हो रहा है, यहां मशीन की स्थापना के लिए बंकर तैयार हो गए हैं। करीब 47 करोड़ रुपए की लागत वाली इस मशीन के शुरू होने के बाद कैंसर मरीजों को अत्याधुनिक रेडिएशन ट्रीटमेंट की सुविधा शासकीय अस्पताल में ही मिल सकेगी। अभी तक लीनियर एक्सीलेटर से रेडिएशन थेरेपी कराने के लिए मरीजों को निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ता था। आयुष्मान कार्ड धारकों का इलाज तो योजना के तहत हो जाता था, लेकिन अन्य मरीजों को करीब 50 हजार से 2 लाख रुपए तक खर्च करने पड़ते थे। सरकारी अस्पताल में मशीन लगने के बाद निजी अस्पतालों पर निर्भरता कम होगी। अभी शासकीय अस्पताल में इस मशीन से इलाज का लाभ लेने के लिए मरीजों को एम्स भोपाल जाना पड़ रहा था, यहां मरीजों की संख्या अधिक होने के कारण लंबा इंतजार भी करना पड़ता था। विशेष बंकर लीनियर एक्सीलेटर मशीन को स्थापित करने के लिए कैंसर अस्पताल की नई इमारत में विशेष बंकर तैयार किया गया है।



#### करीब दो माह में मशीन इंस्टाल हो जाएगी

रेडिएशन से सुरक्षा के लिहाज से इस तरह का बंकर जरूरी होता है। मशीन के अस्पताल पहुंचने के बाद अब इसकी स्थापना और जरूरी तकनीकी प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके बाद मरीजों को इसका लाभ मिल सकेगा। करीब दो माह में मशीन इंस्टाल हो जाएगी, जिसके बाद मरीजों को लाभ मिलने लगेगा। इंदौर के साथ ही भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर और रीवा के मेडिकल कॉलेजों को भी लीनियर एक्सीलेटर मशीन मिलने की योजना है। हर साल हजारों मरीज आते हैं, शासकीय कैंसर अस्पताल में हर साल बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। अस्पताल में फिलहाल पुरानी मशीनों से रेडिएशन थेरेपी दी जा रही है। पुरानी मशीनों में तकनीकी खराबी आने पर मरीजों के उपचार में भी बाधा आती है।

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्पलेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
नि:शुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006, 9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन – उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com